♦ आश्विन शुक्ल पक्ष 01 विक्रम संवत 2079 ♦ रांची, सोमवार 26 सितम्बर 2022 ♦ वर्ष-23 अंक-233 पृष्ठ-12, मूल्य ₹1.50

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

शारदीय नवरात्र | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | www.rastriyanaveenmail.com

### प्रथम : शैलपुत्री

**यह** देवी दुर्गा के नौ रूपों में से प्रथम रूप है। मां शैलपुत्री चंद्रमा को दर्शाती हैं और इनकी पूजा से चंद्रमा से संबंधित दोष समाप्त हो जाते हैं।

वन्दे वांछित लाभाय चन्द्रार्द्धकृत शेखराम।
वृषारूढ़ा शूलधरां शैलपुत्री यशस्विनीम॥

**नवरात्र** पूजन के प्रथम दिन मां शैलपुत्री का पूजन होता है। पर्वतराज हिमालय की कन्या होने के कारण इन्हें शैलपुत्री कहा गया है। मां शैलपुत्री दाहिने हाथ में त्रिशूल और बायें हाथ में कमल का पुष्प लिये अपने वाहन वृषभ पर विराजमान होती हैं। नवरात्र के इस प्रथम दिन की उपासना में साधक अपने मन को 'मूलाधार' चक्र में स्थित करते हैं। शैलपुत्री का पूजन करने से 'मूलाधार चक्र' जागृत होता है और यहीं से योग साधना आरंभ होती है, जिससे अनेक प्रकार की शक्तियां प्राप्त होती हैं। अपने पूर्व जन्म में ये प्रजापति दक्ष की कन्या के रूप में उत्पन्न हुई थीं, तब इनका नाम 'सती' था।

# आज से दुर्गा पूजा का महापर्व, तैयारियां तेज

## कैलाश पर्वत से हाथी पर सवार होकर आयेंगी मां नवदुर्गा

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** शक्ति की देवी मां दुर्गा की उपासना का पर्व शारदीय नवरात्र सोमवार से देशभर में शुरू हो रहा है। कलश स्थापना के साथ ही नौ दिन तक मां का गुणगान शुरू हो जायेगा। मान्यताओं के अनुसार, महालया से दुर्गा पूजा की शुरुआत हो जाती है। इसी दिन मां दुर्गा कैलाश पर्वत से धरती पर आगमन करती हैं और अगले 10 दिनों तक यहीं रहती हैं। महालया के दिन से ही मूर्तिकार देवी दुर्गा की आंखों को रंगना शुरू करते हैं। इस बार शारदीय नवरात्रि आज यानि 26 सितम्बर सोमवार से शुरू हो रहा है जो पांच अक्टूबर तक भक्तिभाव से मनेगा। नवरात्रि में मां दुर्गा के नौ रूपों की पूजा की जायेगी। इस बार नवरात्रि बेहद ही खास है। सोमवार से शुरू हो रहे इस पर्व में कैलाश पर्वत से मां नवदुर्गा हाथी पर सवार होकर आयेंगी और भक्तों के कष्टों का निवारण करेंगी। मान्यता है कि जब भी नवरात्रि की शुरुआत रविवार या सोमवार से होती है, तब मां दुर्गा हाथी पर सवार होकर आती हैं। मान्यता के अनुसार यह बेहद शुभ माना जाता है। हाथी पर सवार होकर मां दुर्गा अपने साथ ढेर सारी खुशियां और सुख-समृद्धि लेकर आती हैं। मां का वाहन हाथी ज्ञान व समृद्धि का प्रतीक है। इससे देश में आर्थिक समृद्धि आयेगी। साथ ही ज्ञान की वृद्धि होगी। नवरात्रि में शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कूष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी और सिद्धदात्री की पूजा की जाती है। नवरात्रि में सभी शुभ कार्य किये जाते हैं। इधर, माता के पूजन के साथ दुर्गा पूजा समितियों ने भी जोर-शोर से तैयारियां शुरू कर दी हैं।

### दुर्गा पूजा पंडालों की भी अंतिम चरण में तैयारी

**राजधानी** रांची के ज्यादातर दुर्गा पूजा समितियों की पंडाल और मूर्ति स्थापना की तैयारियां अंतिम चरण में है। माता रानी की मूर्तियों को कलाकार तैयार कर रहे हैं। 25 सितम्बर को महिषासुर मर्दिनी महालया से दुर्गा पूजा की शुरुआत हो चुकी है। चार अक्टूबर तक इसे उत्साह से मनाया जायेगा। शहर के मेन रोड, बकरी बाजार, कचहरी चौक, रातू रोड, किशोरगंज, हरमू, डोरंडा, हिनू सहित अन्य इलाकों में बड़े पैमाने पर दुर्गा पूजा की तैयारी जोर-शोर से चल रही है।

### इस बार क्षय नहीं है तिथि

**इस** बार नौ दिनों की नवरात्रि है। 26 सितम्बर को कलश स्थापना है। दो अक्टूबर को महासप्तमी, तीन को महाष्टमी, चार को महानवमी और पांच अक्टूबर को विजया दशमी है। एक भी दिन तिथि क्षय नहीं है। पूजा-पंडालों में मां की प्रतिमा स्थापित की जाती है। तंत्र और वैष्णव दोनों पद्धति से पूजा होती है।

### कलश स्थापना का शुभ मुहूर्त

**इस** वर्ष प्रतिपदा तिथि की शुरुआत 26 सितम्बर की सुबह 03:24 से हो रही है और 27 सितम्बर सुबह 03:08 तक रहेगी। 26 सितम्बर को अश्विनी शुक्ल घट स्थापना शुभ मुहूर्त में की जानी चाहिए। कलश स्थापना का शुभ मुहूर्त 26 सितम्बर को कन्या लग्न में प्रातः काल 05:56 से 07:35 बजे तक एवं अभिजीत मुहूर्त दिन में ही 11:33 से 12:22 बजे तक घट स्थापना एवं देवी का पूजन किया जा सकता है।



### दुर्गा पूजा को लेकर पुलिस पदाधिकारियों की उच्चस्तरीय बैठक, जारी किये गये महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश

# राजधानी में दो हजार जवानों की होगी तैनाती

- पूरे शहर में लगाये गये हैं एक हजार से अधिक सीसीटीवी कैमरे
- शहर के प्रमुख पूजा पंडालों में ड्रोन कैमरों से होगी निगहबानी
- महिलाओं की सुरक्षा को देखते हुए की जा रही शक्ति कमांडों और महिला पुलिसकर्मियों की तैनाती

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** रविवार की देर शाम रांची के सीनियर एसपी किशोर कौशल ने दुर्गा पूजा को लेकर हाई लेवल मीटिंग की। मीटिंग में शहर के तमाम डीएसपी और थानेदार शामिल हुए। मीटिंग के दौरान दुर्गा पूजा को शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने की रणनीति को लेकर चर्चा हुई जिसमें एसएसपी ने थानेदारों के लिए कई निर्देश भी जारी किये हैं। दुर्गा पूजा के दौरान राजधानी में 10 दिनों तक दो हजार से अधिक पुलिस के जवान तैनात रहेंगे। पूरे शहर में एक हजार से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाये गये हैं। इसके जरिये हर गतिविधियों पर पुलिस की नजर होगी। पुलिस की ओर से लगाये गये कैमरों की डीवीआर और लाइव फीड की व्यवस्था कंट्रोल रूम में की गयी है। वहीं, पंडाल समितियों की ओर से लगाये गये कैमरों की डीवीआर की लाइव फीड पंडालों में ही होगी। शहर के प्रमुख पूजा पंडालों में ड्रोन कैमरों से भी निगहबानी होगी। वहीं, महिलाओं की सुरक्षा को देखते हुए शक्ति कमांडों और महिला पुलिसकर्मियों की तैनाती की जा रही है।

**फायर सेफ्टी का निरीक्षण करेंगे थानेदार :** दुर्गा पूजा को लेकर सभी थानेदारों को एसएसपी ने यह निर्देश दिया कि वे सबसे पहले अपने-अपने थाना क्षेत्र के हर पंडाल का निरीक्षण खुद जाकर करेंगे। पंडाल में फायर सेफ्टी के क्या-क्या उपाय किये गये हैं, उसकी पूरी जानकारी लेनी है। अगर उसमें कोई कमी नजर आये तो उसे तुरंत दूर करवाना है। ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर



### हर पूजा पंडाल के बाहर लगेगा पुलिस का बैनर

**रांची** एसएसपी ने बताया कि रांची के सभी पूजा पंडालों के बाहर पुलिस के द्वारा एक बैनर लगाया जा रहा है जिसमें पुलिस अधिकारियों के नंबर अंकित किये जायेंगे। जिसमें पंडाल भ्रमण को लेकर गाइडलाइंस लिखे रहेंगे। गाइडलाइंस में कुल नौ पॉइंट लिखे गये हैं जो श्रद्धालुओं को जागरूक करने के लिए है।

### विसजर्न को लेकर तय करें समय

**सभी** थानेदारों को यह भी निर्देश दिया गया है कि वह अपने-अपने क्षेत्रों में दुर्गा पूजा समितियों से विसर्जन को लेकर समय निश्चित कर लें। किस पंडाल की मूर्ति का विसर्जन कब होगा यह पूर्व से ही तय कर लेना है ताकि उस समय सड़क से लेकर तालाब तक उचित सुरक्षा की व्यवस्था की जा सके।

# पूर्व मंत्री योगेंद्र साव जेल से रिहा विधायक बेटी अंबा हुई भावुक



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** चिरुडीह मामले में आरोपी रहे झारखंड के पूर्व मंत्री योगेंद्र साव रांची स्थित केंद्रीय कारागार होटवार जेल से रिहा होकर बाहर निकले जहां उनकी बेटी विधायक अंबा प्रसाद और विधायक अनूप सिंह समेत कई लोगों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान पिता की रिहाई को लेकर कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद हालांकि भावुक भी नजर आयीं। होटवार जेल से बाहर निकले पूर्व मंत्री योगेंद्र साव ने कहा की वे पूरी तरह से निर्दोष हैं तथा उन्हें इस मामले में फंसाया गया था। उन्होंने कोई हत्या, अपहरण, लूट नहीं किया। उन्होंने कहा कि वह जनता की लड़ाई लड़ कर ही जेल गये हैं और आगे भी लड़ाई लड़ते रहेंगे। उन्होंने कहा कि जनता के लिए हक-हुकूक, जल-जंगल, जमीन की लड़ाई जारी रहेगी। मेरी पत्नी भी जल्द ही जेल से रिहा होगी। मैं अपनी बेटी को संघर्ष करने के लिए सिखाया और आज वह बड़कागांव की विधायक है मैं मुख्यमंत्री को धन्यवाद देना चाहूंगा कि उन्होंने इस मामले को लेकर सदन में उठाया। इस दौरान योगेंद्र साव की बेटी और बड़कागांव की विधायक अंबा प्रसाद ने कहा ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

## झारखंड को मिला बेस्ट परफॉर्मिंग पुरस्कार

**नयी दिल्ली/रांची।** नयी दिल्ली में आयोजित आरोग्य मंथन समारोह में बेस्ट परफॉर्मिंग स्टेट ऑन फ्रॉड प्रीवेंशन एंड ऑडिट में झारखंड को राष्ट्रीय स्तर पर टॉप परफॉर्मर का पुरस्कार मिला है। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना की चौथी वर्षगांठ और आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन की पहली वर्षगांठ पर 25 सितम्बर को दिल्ली में आयोजित दो दिवसीय आरोग्य मंथन समारोह में यह पुरस्कार केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया के द्वारा दिया गया। इस मौके पर इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## कुपवाड़ा में सुरक्षाबलों ने दो आतंकियों को किया ढेर

**श्रीनगर (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर में कुपवाड़ा के माछिल इलाके में सुरक्षाबलों की आतंकियों के साथ मुठभेड़ हुई। इस मुठभेड़ में सेना के जवानों ने दो आतंकियों को मौत के घाट उतार दिया है। मारे गये इन आतंकियों से भारी मात्रा में गोला बारूद बरामद किया गया है। एनकाउंटर में मारे गये दहशतगर्दों की शिनाख्त की जा रही है। जम्मू और कश्मीर पुलिस ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि कुपवाड़ा के माछिल इलाके में एलओसी टेकरी नार के पास सुरक्षाबलों ने दो आतंकियों को मार गिराया है। इन आतंकियो के पास से दो एके-47 राइफल, दो पिस्टल और चार हथगोले सहित भारी मात्रा में हथियार बरामद किये गये हैं। बता दें कि इससे पहले दक्षिणी कश्मीर के पुलवामा जिले में शनिवार शाम अज्ञात आतंकवादियों ने दो गैर-स्थानीय मजदूरों को गोली मार दी जिससे वे घायल हो गये थे। जिन्हें इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां उनकी हालत स्थिर बतायी गयी है। घायलों की पहचान बिहार निवासी शमशाद और फैजान कासरी के रूप में की गयी थी।

# माओवादी अभियानों में सफलता पर अफसरों-जवानों को मिला सम्मान

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड में माओवादियों के खिलाफ हालिया सफलताओं से केंद्रीय गृह मंत्रालय भी गदगद है। बूढ़ा पहाड़ को मुक्त कराने के लिए ऑपरेशन ऑक्टोप्स और कोल्हान में चलाये गये ऑपरेशन थंडर स्ट्राम में योजना बनाने से लेकर इसके कार्यान्वयन तक में शामिल जवानों को डीजी सीआरपीएफ का प्रशस्ति पत्र व डिस्क देकर सम्मानित किया गया है। अभियान का नेतृत्व करनेवाले झारखंड पुलिस के आईजी अभियान अमोल वी होमकर, सीआरपीएफ सेक्टर आईजी अमित कुमार, डीआईजी जगुआर अनूप बिरथरे, एसआईबी एसपी शिवानी तिवारी, गढ़वा एसपी अंजनी कुमार झा, लातेहार एसपी अंजनी अंजन, जगुआर के डीएसपी अरविंद कुमार, तेतरू उरांव, इंस्पेक्टर संदीप कुमार को भी सम्मानित किया गया है।

▸▸ बूढ़ा पहाड़ के ऑपरेशन ऑक्टोपस व कोल्हान के ऑपरेशन थंडर स्ट्राम की सफलता से केंद्र गदगद

**ऑपरेशन थंडर स्ट्राम के लिए इन्हें मिला सम्मान :** सरायकेला के प्रभारी एएसपी ऑपरेशन पुरूषोत्तम कुमार, कोबरा 209 बटालियन के कमांडेंट दीपक भट्टी, 2 आईसी अनुज कुमार सिन्हा, डिप्टी कमांडेंट अंजनी कुमार, नागेश कुमार, असिस्टेंट कमांडेंट पी रमेश, एसआई शिवकांत, प्रिंस सिंह, हेड कांस्टेबल अलख दास, अजय कुमार, कांस्टेबल कृष्णा सैनी, प्रसन्ना दास, रामचंद्र यादव, यादव राजेश रामवाद, सूरज कुमार।

**ऑपरेशन ऑक्टोपस के लिए किसे मिला सम्मान :** सीआरपीएफ आईजी सीआरपीएफ अमित कुमार, डीआईजी विनय ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

## प्रदीप बलमुचू आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाये गये

नवीन मेल संवाददाता

**नयी दिल्ली/रांची।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी की अध्यक्ष सोनिया गांधी द्वारा प्रदेश कांग्रेस कमिटी के पूर्व अध्यक्ष डॉ. प्रदीप कुमार बलमुचू को आदिवासी कांग्रेस का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया गया है। इस आशय का पत्र अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के महासचिव केसी वेणुगोपाल, सांसद ने जारी किया है। डॉ. बलमुचू ने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाये जाने पर कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, महासचिव केसी वेणुगोपाल एवं झारखंड प्रभारी अविनाश पाण्डेय के प्रति आभार व्यक्त किया है।

### मन की बात कार्यक्रम में पीएम मोदी का ऐलान -

# शहीद भगत सिंह के नाम से जाना जायेगा चंडीगढ़ एयरपोर्ट

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चंडीगढ़ हवाई अड्डे का नाम शहीद भगत सिंह के नाम पर रखने की घोषणा की। पीएम मोदी ने रविवार को आकाशवाणी पर प्रसारित अपने मासिक कार्यक्रम मन की बात की 93वीं कड़ी में यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि उनके पास 28 सितम्बर को सेलिब्रेट करने की एक और वजह भी है। उन्होंने कहा जानते हैं क्या है! मैं सिर्फ दो शब्द कहूंगा, लेकिन मुझे पता है, आपका जोश चार गुना ज्यादा बढ़ जायेगा। ये दो शब्द हैं- सर्जिकल स्ट्राइक। बढ़ गया ना जोश! हमारे देश में अमृत महोत्सव का जो अभियान चल रहा है उन्हें हम पूरे मनोयोग से सेलिब्रेट करें, अपनी खुशियों को सबके साथ साझा करें। पीएम मोदी ने कहा कि आज से तीन दिन बाद 28 सितम्बर को अमृत महोत्सव का एक विशेष दिन आ रहा है। इस दिन भारत मां के वीर सपूत भगत सिंह जी की जयंती है। भगत सिंह जी की जयंती के ठीक पहले उन्हें श्रद्धांजलि स्वरुप एक महत्वपूर्ण निर्णय किया गया है। यह तय किया है कि चंडीगढ़ एयरपोर्ट का नाम अब शहीद भगत सिंह जी के नाम पर रखा जायेगा। इसकी लम्बे समय से प्रतीक्षा की जा रही थी। उन्होंने कहा कि मैं चंडीगढ़, पंजाब, हरियाणा और देश के सभी लोगों को इस निर्णय की बहुत-बहुत बधाई देता हूं। प्रधानमंत्री ने कहा कि अपने स्वतंत्रता सेनानियों से प्रेरणा लेकर, उनके आदर्शों पर चलते हुए उनके सपनों का भारत बनाना है और यही, उनके प्रति हमारी श्रद्धांजलि होती है। शहीदों के स्मारक, उनके नाम पर स्थानों और संस्थानों के नाम हमें कर्तव्य के लिए प्रेरणा देते हैं। अभी कुछ दिन ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर



# विपक्षी महागठबंधन बनाकर 2024 में भाजपा को घेरने की योजना

### विपक्षी एकता ○ नीतीश, पवार ने इसके लिये आगे बढ़ने की शुरू की पहल

\- ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** इंडियन नेशनल लोक दल (आईएनएलडी) के संस्थापक देवीलाल की जयंती पर रविवार को हरियाणा के फतेहाबाद में आयोजित रैली में 11 राज्यों के वरिष्ठ राजनीतिक नेता आये। इस रैली में राकांपा प्रमुख शरद पवार, जदयू नेता और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, राजद नेता व बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव, एसएडी के एसएस बादल तथा सीपीएम के सीताराम येचुरी, आईएनसी के ओपी चौटाला व अन्य कई नेता एक मंच पर बैठे। सूत्रों के अनुसार पवार, नीतीश ने देवीलाल जयंती के अवसर पर हुई इस रैली का उपयोग विपक्षी महागठबंधन बनाने के लिए शुरू कर दिया। इस रैली में राकांपा प्रमुख शरद पवार ने कहा कि किसानों ने एक साल तक दिल्ली की सीमाओं पर विरोध प्रदर्शन किया, लेकिन सरकार ने उनकी समस्याओं के समाधान के लिए कोई कदम नहीं उठाया। किसानों से वादा किया गया था कि एमएसपी मुहैया कराया जायेगा, लेकिन दिया नहीं गया। सरकार ने किसानों के खिलाफ दर्ज मामले वापस लेने का वादा किया लेकिन पूरा नहीं किया। मुख्यमंत्री ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर




### नीतीश ने कांग्रेस समेत सभी दलों को एक साथ आने की अपील की

**नीतीश** ने कहा, 'मैं कांग्रेस समेत सभी दलों से एक साथ आने की अपील करता हूं, जब सभी एक साथ आयेंगे, तभी 2024 के लोकसभा चुनाव में वह (भाजपा) बुरी तरह हारेगी।' उन्होंने यह भी कहा कि हिंदू और मुसलमानों के बीच कोई लड़ाई नहीं है और भाजपा अशांति पैदा करना चाहती है। उन्होंने कहा, 'मेरी बस एक ही इच्छा है कि हम राष्ट्रीय स्तर पर साथ आयें, हमें और दलों को अपने साथ लाने की आवश्यकता है।' रैली में अपने भाषण में तेजस्वी यादव ने कहा कि अब कोई एनडीए नहीं है। शिवसेना, शिरोमणि अकाली दल बादल, जद (यू) जैसे सहयोगियों ने लोकतंत्र को बचाने के लिए भाजपा को छोड़ दिया है। इंडियन नेशनल लोक दल, पार्टी के संस्थापक चौधरी देवीलाल की जयंती मनाने के लिए हर वर्ष 'सम्मान दिवस' आयोजित करता है। जिन्हें भारतीय राजनीति के 'ताऊ' के रूप में भी जाना जाता है। सूत्रों का कहना है कि नीतीश व शरद पवार की पहल से महागठबंधन बनाकर 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को जमीन पर लाने की योजना आगे बढ़ने लगी है। जिसका आधार इंडियन नेशनल लोक दल के संस्थापक चौधरी देवी लाल जयंती की यह रैली बनी ।

# पीएफआई को बैन करने की तैयारी में गृह मंत्रालय!

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** 22 सितम्बर को एनआईए और ईडी ने पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया के देशभर में मौजूद ठिकानों पर छापेमारी की थी। सूत्रों के मुताबिक जांच एजेंसियों द्वारा जो सबूत इकट्ठा किये गये हैं, उनके आधार पर केंद्रीय गृह मंत्रालय पीएफआई पर बैन लगाने की तैयारी कर रहा है। हालांकि, बैन लगाने के पहले गृह मंत्रालय के अधिकारी पूरी तैयारी कर लेना चाहते हैं, ताकि अगर बैन को चुनौती दी जाये, तो उनका पक्ष कमजोर ना पड़े। गुरुवार को देश के 15 राज्यों में हुई छापेमारी में जांच एजेंसियों को पीएफआई के खिलाफ आतंकी गतिविधियों में शामिल होने के पुख्ता सबूत मिले हैं। इसी को आधार बनाकर जल्द ही इसे बैन के दायरे में लाया जा सकता है। इसी को लेकर छापेमारी के तुरंत बाद केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और एनआईए चीफ से मीटिंग भी की थी। इसमें पीएफआई के खिलाफ जुटाये गये तथ्यों की समीक्षा और आगे की कार्यवाही के लिए निर्देश जारी किये गये हैं। सूत्रों के मुताबिक पीएफआई को बैन करने से पहले गृह मंत्रालय कानूनी सलाह भी ले रहा है, ताकि जब इस मामले में संबंधित पक्ष अदालत में जाये तो सरकार की तैयारी पूरी हो। ऐसा इसलिए भी किया जा रहा है, क्योंकि साल 2008 में सिमी पर लगे प्रतिबंध को केंद्र सरकार को हटाना पड़ा था। हालांकि, बाद में सुप्रीम कोर्ट के जरिये उसे फिर से प्रतिबंधित कर दिया गया।

## न्यूज गैलरी

### गोमिया विधायक ने डेंटल क्लिनिक फेसियो मैक्स का किया उद्घाटन



रांची। गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो ने खेलगांव चौक पर स्थित फेसिओ मैक्स डेंटल क्लिनिक का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने फेसियो मैक्स डेंटल क्लीनिक को उपयोगी बताया और कहा कि इसका लाभ ज्यादा से ज्यादा लोग ले सकेंगे। मौके पर संचालक डॉ आशीष रॉय, डॉ मिलन कुमार, डॉ मनोज कुमार राय, डॉ प्रवीण कुमार राय, किशन प्रसाद, कृष्णा कुमार एवं राम नरेश कुमार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### शिवेंद्र दुबे होंगे झारखंड दल प्रमुख अनिल जयसवाल होंगे डिप्टी सीडीएम

रांची। झारखंड ओलंपिक संघ के कोषाध्यक्ष सह भारतीय वुशु संघ के कोषाध्यक्ष शिवेंद्र दुबे को आगामी 29 सितंबर से आयोजित होने वाली 36 वी राष्ट्रीय खेल के लिए झारखंड दल का प्रमुख बनाया गया है ।यह जानकारी झारखंड ओलंपिक संघ के महासचिव डॉ मधुकांत पाठक ने दी ।उन्होंने बताया कि श्री दुबे के अतिरिक्त अनिल कुमार जसवाल को डिप्टी सीडीएम बनाया गया है। उन्होंने बताया कि सोमवार को श्री दुबे गुजरात के लिए रवाना होंगे तथा गुजरात में होने वाली इस प्रतियोगिता के लिए समुचित व्यवस्था करेंगे। शिवेंद्र दुबे और अनिल जयसवाल के मनोनयन पर झारखंड ओलंपिक संघ के अधिकारियों ने बधाई दी है और खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी है।

### 36 वें राष्ट्रीय खेल 2022 के खिलाड़ियों के बीच किट वितरित

रांची। आगामी 29 सितंबर से 12 अक्टूबर तक गुजरात के विभिन्न शहरों में आयोजित होने वाली 36 वी राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता के लिए झारखंड के खिलाड़ियों, मैनेजर और कोचों के बीच आज किट का वितरण किया गया। झारखंड ओलंपिक संघ कार्यालय में किट का वितरण झारखंड सरकार के खेल विभाग के उप निदेशक धर्मेंद्र दीक्षित ने किया ।नेशनल गेम्स में कुल 265 खिलाड़ी प्रशिक्षक और अधिकारी शिरकत करेंगे। किट वितरण समारोह के अवसर पर झारखंड ओलंपिक संघ के सचिव डॉ मधुकांत पाठक, कोषाध्यक्ष शिवेंद्र दुबे, सीनियर उपाध्यक्ष अनिल कुमार जयसवाल, उपाध्यक्ष शिव कुमार पांडे, केके सिंह सहित कई अधिकारी उपस्थित थे। आज एथलेटिक्स, आर्चरी, हॉकी, लॉन बॉल, मलखम्भ, रोलर स्केटिंग,स्क्वाश, रेसलिंग योग के खिलाड़ियों के बीच कीटों का वितरण किया गया। उप निर्देशक श्री दीक्षित सहित ओलंपिक संघ के अधिकारियों ने खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी है।

### महाराजा अग्रसेन जी की शोभा यात्रा का किया भव्य स्वागत



रांची। महाराजा अग्रसेन जयंती के पूर्व संध्या पर अग्रवाल सभा द्वारा महाराजा अग्रसेन जी की निकाली गई भव्य शोभायात्रा का कवि सम्मेलन आयोजन समिति ने नॉर्थ मार्केट रोड अप्पर बाजार में भव्य स्वागत किया। तथा महाराजा अग्रसेन जी पर पुष्प की वर्षा की एवं शोभायात्रा में शामिल अग्र बंधुओं के बीच पानी, शरबत, पेड़ा एवं टॉफी का वितरण किया गया। इस अवसर पर कवि सम्मेलन के अध्यक्ष विनोद कुमार जैन, सचिव पवन पोद्दार, सुरेश चंद्र अग्रवाल, ललित कुमार पोद्दार, किशोर मंत्री, रतन मोर, अनिल कुमार अग्रवाल, संजय सर्राफ, श्यामसुंदर बजाज, नरेश बंका, रमाशंकर बगड़िया, मंजीत जाजोदिया, मनीष लोधा, आदि उपस्थित थे।

### कृत्रिम गभार्धान पर 30 दिनी दसवां मैत्री प्रशिक्षण का हुआ समापन

# झारखण्ड में ग्रामीण स्तर पर पशुओं के कृत्रिम गभार्धान को गति देने पर दिया गया जोर



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** किसानों के लिए उनके खेत और पशु ही उनकी संपति हैं। ऐसे में किसान अपने खेतों और पशुओं को लेकर बेहद ही गंभीर होते हैं। किसानों के जीवन में बदलाव लाने के लिए खेती और पशुपालन पर विशेष बल दिया जा रहा है। इसी कड़ी में राष्ट्रीय गोकुल मिशन के तहत मवेशियों में कृत्रिम गभार्धान को बढ़ावा दिया जा रहा है। पशु नस्ल सुधार के उद्देश्य से झारखण्ड में ग्रामीण स्तर पर पशुओं के कृत्रिम गभार्धान को गति दी जानी है। जिसे सभी मैत्री प्रशिक्षाणार्थी को ग्रामीण स्तर पर दक्ष कृत्रिम गभार्धान कार्यकर्ता के रूप में कार्य निर्वहन करना है। प्रशिक्षण से प्राप्त तकनीकी का गाँवों में गव्य विकास को बढ़ावा दे और अनुभवों को ग्रामीण गो-पालक से साझा करें। स्थानीय पशु चिकित्सक के परामर्श से कम खर्च पर आसानी से कृत्रिम गभार्धान द्वारा पशु नस्ल सुधार कार्यक्रम को गतिशील बनाये रखने की कोशिश करें। उक्त बातें कुलपति डॉ ओंकार नाथ सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि कृत्रिम गभार्धान पर 30 दिनी दसवां मैत्री प्रशिक्षण का समापन के मौके पर कही। मौके पर डीन वेटनरी ने कहा कि प्रशिक्षण के उपरांत सभी प्रशिक्षाणार्थी को 60 दिनों का व्यावहारिक प्रशिक्षण जिले के कृत्रिम गभार्धान केंद्र में प्राप्त होगा। इस अवधि में 75-100 कृत्रिम गभार्धान कार्य एवं परीक्षण का अनुभव मिलेगा। इस व्यावहारिक अनुभव से प्रशिक्षाणार्थी की कार्य दक्षता एवं उपलब्धि पर उनका मानदेय और आमदनी निर्भर होगी। पशुपालकों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करने में मदद मिलेगी। प्रशिक्षण समन्यवयक डॉ एके पांडे ने बताया कि कार्यक्रम में चतरा, देवघर, धनबाद, गिरिडीह, हजारीबाग, कोडरमा, रांची एवं जामताड़ा के कुल 56 बेरोजगार ग्रामीण युवक-युवतियों ने भाग लिया। जिन्हें कृत्रिम गभार्धान तकनीक के अलावा पशु प्रबंधन तकनीकी की विस्तृत जानकारी दी गई है। कार्यक्रम राष्ट्रीय गोकुल मिशन योजना के अधीन झारखण्ड स्टेट इम्प्लीमेंट एजेंसी फॉर कैटल एंड बुफैलो डेवलपमेंट के सौजन्य से आयोजित किया गया। संचालन प्रशिक्षण सहायक डॉ मुकेश कुमार ने किया।

## एक दिवसीय कराटे प्रशिक्षण शिविर सह कराटे ग्रेडिंग का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** इंटरनेशनल मार्शल आर्ट एकेडमी (इमा) के तत्वधान में लोवाडीह क्लब में एक दिवसीय कराटे प्रशिक्षण शिविर सह कराटे ग्रेडिंग का आयोजन किया गया। जिसमे इंटरनेशनल मार्शल आर्ट एकेडमी के तकनीकी निदेशक रेसीं सुनील किस्पोट्टा एवं अध्यक्ष अनिल किस्पोट्टा ने सभी खिलाड़ियों को एडवांस कुमीते एवं काता का प्रशिक्षण दिया। रेंसी सुनील किस्पोट्टा ने कहा कि आगामी आयोजित होने वाले प्रतियोगिताओं के मद्देनजर खिलाड़ियों के लिए विशेष कराटे प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिससे राज्य के खिलाड़ी अपना उम्दा प्रदर्शन कर सकें। प्रशिक्षण शिविर के दौरान खिलाड़ियों का बेल्ट ग्रेडिंग भी किया गया जिसमें खिलाड़ियों ने सफलता हासिल की। ग्रेडिंग में सफल होने वाले खिलाड़ियों में ब्रूनो कुजुर रूबल कुजुर मेस्सी कुजुर राज रौनक कुजुर सोनल कुजुर राजनंदिनी कुजुर विनीत बिंहा काजल कुजुर बिरशा विनीत कुजुर समृद्धि कुजुर सूर्यांशु उज्ज्वल कुजुर प्रजोत कुजुर पारुल प्रज्ञा कुजुर आदित्य कुजुर अनिकेत अर्णव कुजुर आदि शामिल है।

### मतदाता पहचान पत्र से आधार लिंकिंग के लिए स्पेशल कैंप का आयोजन

## उप निर्वाचन पदाधिकारी मेरी मड़की ने स्पेशल कैंप का किया निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के आलोक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह- उपायुक्त, रांची के आदेशानुसार रविवार को रांची जिला के विभिन्न मतदान केंद्रों में आधार लिंकिंग के लिए स्पेशल कैंप का आयोजन किया गया। उप निर्वाचन पदाधिकारी रांची मेरी मड़की द्वारा विभिन्न मतदान केंद्रों में मतदाता पहचान पत्र से आधार लिंकिंग कार्य का निरीक्षण किया गया। श्रीमती मेरी मड़की ने रांची विधानसभा के रा. मध्य विद्यालय कांटाटोली, संत अन्ना स्कूल, छोटानागपुर स्कूल, संत जोंस स्कूल मतदान केंद्र एवं खिजरी विधान सभा के हंसराज बधवा स्कूल, निर्मला मध्य विद्यालय, असीसी हाई स्कूल, संत फ्रांसिस स्कूल एवं संत जोसेफ विद्यालय मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान सभी बीएलओ उपस्थित होकर आधार लिंकिंग का कार्य कर रहे थे।

### उपमहापौर संजीव विजयवर्गीय ने रांची शहर के विभिन्न पंडालों का किया निरीक्षण

**रांची ।** आगामी दुर्गा पूजा को देखते हुए रांची शहर में विभिन्न समितियों द्वारा निर्मित पूजा पंडालों में अधिक से अधिक सुविधाएं मिलें साथ ही दुर्गा पूजा में पूजा पंडालों को देखने के लिए रांची शहर में दूर दराज से आने वाले एवं रांची शहर के निवासियों को पूजा घुमने में दिक्कतों का सामना ना करना पड़े इसी निमित्त रविवार को रांची के उपमहापौर संजीव विजयवर्गीय ने रांची शहर के विभिन्न पंडालों का निरीक्षण किया।कुछ दिन पूर्व रांची नगर निगम सभागार में आयोजित सभी पूजा पंडालों के प्रतिनिधियो के साथ बैठक में कला संगम क्लब ढिबरी पट्टी अपर बाजार रांची के प्रतिनिधियों के द्वारा पूराने घर जो कभी भी गिर सकता है उससे अवगत कराया था उसी समस्या को देखने को वे उक्त स्थान पर गए ।

## इश्वरी प्रसाद के बताये रास्ते पर चलकर ही झारखंड की अस्मिता, संस्कृति और पहचान की रक्षा संभव



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड जन संस्कृति मंच के तत्वावधान में रविवार को सांस्कृतिक कर्मी और झारखंड आंदोलन के बौद्धिक अगुवा ईश्वरी प्रसाद को भाकपा माले राज्य कार्यालय में श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। श्रद्धांजलि सभा के पूर्व ईश्वरी प्रसाद जी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर एक मिनट का मौन श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। मौके पर संस्कृति कर्मी और झारखंड आंदोलनकारियों ने उनके बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। अयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता झारखंड आंदोलनकारी पुष्कर महतो ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माले राज्य सचिव मनोज भक्त ने कहा कि मनोज भक्त ने कहा की 90 के दशक में झारखंड आन्दोलन में आर-पार की तेवर ईश्वरी प्रसाद जैसे संस्कृति कर्मियों के योगदान से संभव हुआ। इश्वरी प्रसाद झारखंड के सांस्कृतिक स्वरूप को गढ़ने का काम किए। वे झारखंड के बौद्धिक अगुवा के रुप में हमेशा याद किए जायेगें। झारखंड की सांकृतिक विशिष्ठता को पहचान उनके गीतों कविताओं से मिली है। झारखंड आंदोलन को धारदार बनाने में झामकिस जैसे जन संगठन का निर्माण इन्हीं के मार्गदर्शन से सफल हुआ। कार्यक्रम मे मौजुद ईश्वरी प्रसाद के सुपुत्र राहुल मेहता ने अपने वक्तव्य में कहा कि हम सब इनके बताए डहर पर चलकर ही झारखंड की अस्मिता, संस्कृति और पहचान की रक्षा कर सकते हैं। उन्होंने इश्वरी प्रसाद बाबा को याद करते हुए कहा कि नागपुरी गीतों के श्रृंगार रस में वीरता और संघर्ष का पुट बाबा ने भरा है, जो झारखंड आन्दोलन के लिए बारूद साबित हुआ। वाम विचारधारा के कारण ही बाबा जीवन के अन्तिम समय तक समाजिक सरोकार से जुडे रहे। ऐक्टू के प्रदेश सचिव व मजदूर नेता भुवनेश्वर केवट ने कहा कि साथी ईश्वरी प्रसाद मजदूर आन्दोलन और सांस्कृतिक मोर्चा के सेतू थे।

## विश्व फार्मासिस्ट दिवस दिव्यांग बच्चों के साथ मनाई गई




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** विश्व फार्मासिस्ट दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन रांची के तत्वधान में बरियातू रोड स्थित गुरु नानक ट्रस्ट हॉस्पिटल में रविवार को दिव्यांग बच्चों के बीच विश्व फार्मासिस्ट दिवस मनाया। अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन के सैकड़ों सदस्यों ने दिव्यांग बच्चों से केक कटवा कर बच्चों के बीच बाटा गया एवं दिव्यांग बच्चों के लिए व्हील चेयर एवं अन्य सामग्री का वितरण किया गया। इस मौके पर फार्मासिस्टों ने सादगी से विश्व फार्मासिस्ट दिवस मनाया। जिसमें मेडिकल इंचारज डॉ मधुकर आनंद का सराहनीय योगदान रहा। एवं काउंसिल के सदस्य प्रभात पांडे अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन के सदस्य अफरोज अहमद, अमित कुमार, अक्षय कुमार, तनवर हसन, विनय कुमार, कृष्ण कुमार साहू, अमित तिवारी, मनोहर महतो, अवधेश उपाध्याय एवं सैकड़ों फार्मासिस्ट शामिल हुए।

### झारखंड के खूबसूरत लोकेशनों पढ़ोगी कन्हाई बैनर तले शॉर्ट फिल्म संघर्ष-2 शूटिंग

**रांची।** झारखंड की धरती पर शॉर्ट फिल्म ह्यसंघर्ष-02ह्न की शूटिंग छठ के बाद शुरू होने जा रही है। कन्हाई फिल्म के बैनर तले बनने वाली शॉर्ट फिल्म संघर्ष-2 गुणवत्ता शिक्षा पर आधारित है, जिसमें एक्टर सह प्रोड्यूसर कन्हाई राज, एक्ट्रेस संजना राज, कलाकार रंजीत राज, रोहित एंडी, नदीम श्रवण, राजेश राज, रेवा यादव, पिंटू प्रजापति मुख्य भूमिका में नजर आने वाले हैं।

### कई पंचायतों में अब भी पूर्व मुखिया गलत तरीके से कर रहे भुगतान

**रांची।** राज्य सरकार ने मनरेगा मजदूरी भुगतान के लिए सभी मुखिया का डिजीटल सिग्नेचर दो दिन के अंदर इनरॉल करने का आदेश दिया है। इस संबंध में ग्रामीण विकास विभाग ने सभी उपविकास आयुक्तों सह जिला कार्यक्रम समन्वयक को पत्र लिखा है. विभाग ने कार्य की महत्ता को देखते हुए एवं कार्यहित में सभी मुखिया जिनका कार्यकाल पूर्ण हो गया उनका डिजीटल सिग्नेचर वापस लेने का भी आदेश दिया है। इसके साथ ही यह भी सुनिश्चित करने को कहा गया है कि किसी भी पुराने मुखिया, पंचायत सचिव जिनका कार्यकाल समाप्त हो चुका है उनका डिजीटल सिग्नेचर इनरॉल न हो। दरअसल, कई परिवाद व शिकायत विभाग को मिले हैं कि अब भी पुराने मुखिया जो चुनाव हार चुके हैं।

### बूथों पर कार्यकर्ताओं ने सुनी प्रधानमंत्री के मन की बात

# भाजपा ने सभी सांगठनिक बूथों पर मनायी पंड़ित दीनदयाल जयंति

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड भाजपा ने प्रदेश के सभी 27 सांगठनिक जिलों में बूथ स्तर पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई। साथ ही प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को पार्टी के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों व कार्यकताओं ने सुना। प्रदेश अध्यक्ष सह सांसद दीपक प्रकाश ने दीनदयाल नगर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए दीपक प्रकाश ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय महामानव थे, जिन्होंने साम्यवाद, पूंजीवाद और समाजवाद के बीच एक व्यावहारिक चिंतन दिया जो एकात्म मानववाद है। उन्होंने कहा कि एकात्म मानववाद में सम्पूर्ण मानवता का कल्याण समाहित है। इसमें केवल मनुष्य के भौतिक विकास की चिंता नहीं बल्कि मन,बुद्धि और आत्मा के साथ सम्पूर्ण विकास की सोच है। आज दुनिया की बाकी विचारधाराएं अनुपयोगी साबित हो रही और दुनिया एकात्म मानव दर्शन में सभी समस्याओं का समाधान ढूंढ रही।

भाजपा की सरकार अंत्योदय को कर रही साकार- बाबूलाल मरांडी

भाजपा नेता विधायक दल सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने धनवार में बूथ पर कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय विचार को साकार कर रही है। उन्होंने कहा कि महापुरुषों के विचारों और चिंतन को धरातल पर उतारना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होती है। चाहे जनधन खाता हो, आवास योजना हो, शौचालय निर्माण हो, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना हो, किसान सम्मान निधि हो, अटल पेंशन योजना हो सभी में दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय का चिंतन है। भारत विश्वगुरू परिवारवाद ,वंशवाद के पथ पर चलकर नही बन सकता।

### अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) की ऑनलाइन प्रदेश स्तरीय बैठक संपन्न

# वरिष्ठ कार्यकर्ता आजसू की असल पूंजी हैं : प्रो. विनय भारत



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** अखिल झारखंड छात्र संघ ( आजसू ) की प्रदेश स्तरीय ऑनलाइन बैठक संपन्न हुई । बैठक में अखिल झारखंड छात्र संघ ( आजसू ) के प्रदेश पदाधिकारियों, विश्वविद्यालय प्रभारी, अध्यक्ष व महासचिव, जिला प्रभारी, जिला सह प्रभारी एवम जिला अध्यक्षों ने हिस्सा लिया। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष गौतम सिंह ने की जबकि बतौर मुख्य अतिथि आजसू पार्टी के केंद्रीय प्रवक्ता सह शिक्षाविद प्रो. विनय भरत शामिल हुए। बैठक में अखिल झारखंड छात्र संघ ( आजसू ) की वर्तमान सांगठनिक स्थिति की समीक्षा की गई व संगठन को और सुदृढ़ व धारदार बनाने हेतु गहन चर्चा की गई। बैठक के दौरान पार्टी के पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए प्रो. विनय भरत जी ने कहा कि बैठक में शामिल सभी वरिष्ठ कार्यकर्ता आजसू की असल पूंजी हैं, नये कार्यकताओं को गढ़ने में वरिष्ठ कार्यकताओं का योगदान अहम होने वाला है। प्रो. विनय भरत ने भावी कार्यक्रमों को लेकर सभी पदाधिकारियों से बारी-बारी से चर्चा की तथा संगठन विस्तार तथा सदस्यता अभियान को और तेज करने का निर्देश दिया। उन्होंने पदाधिकारियों में ऊर्जा भरते हुए कहा कि हमें बैठना नहीं है। हमेशा संघर्षरत रहना है। हमें खुद को जागृत रखना है और परिणाम की चिंता किए बिना आगे बढ़ते रहना है। सांगठनिक मजबूती के लिए नवयुवकों के बीच संगठन के विचारधारा को लेकर जाना है। आजसू आंदोलन की उपज है, आजसू की विचारधारा से स्वतः युवा जुड़ना चाहते है, ऐसे युवाओं को चिन्हिति कर संगठन में दायित्व देने की आवश्यकता है। आजसू पार्टी के एक लाख सक्रिय सदस्य, दस लाख साधारण सदस्य बनाने के लक्ष्य पूर्ति में अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) अपना अहम योगदान निभाएगा। इसी क्रम में संगठन को राज्य के सभी प्रखंडों व विश्वविद्यालयों तक विस्तारित करने का निर्देश दिया गया है। उक्त बातें आजसू के प्रदेश अध्यक्ष गौतम सिंह ने कही। उन्होंने आगे कहा कि पदाधिकारियों को आगामी 20 अक्तूबर तक सभी महाविद्यालयों में इकाई गठन संपन्न करने हेतु अविलंब महाविद्यालय प्रभारी का मनोनयन करने को कहा गया है।

### रातू के गुड्डु में महान स्वतन्त्रता सेनानी ठेबले उरांव की स्मारक स्थल का किया गया भूमि पूजन

**रातू ।** महान स्वतंत्रता सेनानी ठेवले उरांव का स्मारक स्थल प्रशासन द्वारा रेखांकित जगह गुड्डु में कुरमाली भाषा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजाराम महतो ने विधि विधान पूर्वक पूजा पाठ कर भूमि पूजन किया। इसके उपरांत स्मारक बोर्ड भी लगाया गया । डॉ महतो ने कहा कि ठेवले उरांव के सपनों को साकार करने के लिए हम सबों को मेहनत करने की आवश्यकता है।

रातू के गुडू में 25 नवंबर, 1863 को जन्मे ठेबले उरांव रांची के प्रथम सासंद थे।उन्होंने शोषित, पीड़ित, किसान आदिवासियों के जीवन स्तर को उठाने का जो संकल्प लिया, उसे जीवनभर निभाते रहे। इसके लिए उन्होंने 1915 में उन्नति समाज की स्थापना की। 1930 में छोटानागपुर किसान सभा की स्थापना की। इनके माध्यम से आदिवासी समाज को जागरूक करने का भी काम किया। बहुत कम साक्षर होने के बावजूद झारखंड के ठेबले उरांव ने शिक्षा की अलख जगाई।

### ग्रामीणों संग सुनीं पीएम मोदी की मन की बात

## शिशु मंदिर स्कूल परिसर में मनायी गयी पंडित दीनदयाल जयंती



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के मौके पर रविवार को रातू के दलादली चौक के समीप बिरसा शिशु मंदिर स्कूल के परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता सुनील कुमार सिंह व भाजपा युवा नेता राकेश चौधरी, प्रदेश युवा मोर्चा कार्यसमिति सदस्य यश सिंह परमार सहित अन्य ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित व पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। इस अवसर पर भाजपा नेताओं ने वृक्षारोपण भी किया। इसके उपरांत देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक कार्यक्रम मन की बात प्रसारित हुई। जिसे लोगों ने ग्रामीणों व बच्चों के साथ सुना और उनके बताये रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता सुनील कुमार सिंह ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय समावेशित विचारधारा के समर्थक थे जो एक मजबूत और सशक्त भारत चाहते थे। विश्व के विकास और कल्याण की संभावनाएं उनके द्वारा दिये गये एकात्म मानव दर्शन में है। उन्होंने कहा कि मनुष्य साकारात्मक दिशा में आगे बढ़े इसके लिये मन का संतुलन और अनुशासन आवश्यक है और यह बुद्धि और विवेक से ही संभव है। इसके लिये पंडित दीनदयाल ने चार पुरूषार्थ को आवश्यक बताया है। धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष। इन सभी का समावेश जरूरी है। वहीं, युवा नेता राकेश चौधरी ने बच्चों को पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों से अवगत कराया और कहा कि वे एक कुशल संगठनकर्ता थे। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय व्यक्ति, परिवार, समाज व राष्ट्र के विकास के लिए हमेशा तत्पर रहते थे और अपनी संस्कृति, संस्कारों और परंपराओं, जीवन मूल्यों के आधार पर एक मजबूत देश निर्माण का विचार रखते थे। मौके पर बिरसा शिशु मंदिर के शिक्षक अभिषेक कुमार प्रजापति, मंतोष कुमार, लव कुमार सहित ग्रामीण व बच्चे उपस्थित थे।

## न्यूज गैलरी

### झारखण्ड ने एक होनहार पत्रकार खो दिया : राजेन्द्र

रांची। मूलवासी सदान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने पत्रकार अमित मिश्रा के असमय निधन पर दुख व्यक्त किया है और शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त किया है। प्रसाद ने कहा कि झारखण्ड ने एक होनहार पत्रकार खो दिया।

### अमित मिश्रा पंचतत्व में विलीन



रांची । रविवार को रांची में पत्रकार अमित मिश्रा का अंतिम संस्कार हुआ और वे पंचतत्व में विलीन हो गए । बड़ी संख्या में नम आँखों से लोगों ने उन्हें अंतिम विदाई दी । इससे पहले प्रेस क्लब में अनेक लोगों ने उन्हें अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की तथा पत्रकारिता जगत में उनके योगदान का स्मरण किया भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश और रांची सांसद संजय सेठ ने भी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि अभी हाल ही में कुछ दिनों पहले उनसे विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई थी । उनका इस प्रकार से चले जाना अत्यंत पीड़ादायक और अपूर्णीय क्षति है । भगवान उन्हें अपने चरणों मे स्थान दें।

### नशा मुक्त दुर्गापूजा मनाने को लेकर चलाया गया जागरुकता अभियान




रांची। जिला युवा दुर्गा पूजा सुरक्षा समिति के द्वारा रविवार को जिला स्कूल से लेकर अल्बर्ट एक्का चौक तक मार्च निकाल कर नशा मुक्त दुर्गापूजा मनाने के लिए चलाया गया जागरुकता अभियान। इस अभियान में बड़ी संख्या में महिलाओं के साथ-साथ युवा उपस्थित रहें। समिति के संयोजक निशांत यादव ने कहां की 2 वर्षो के बाद इस बार भव्य दुर्गापूजा का आयोजन होना है, इस बार श्रद्धलुओं की भीड़ भी बहुत अधिक होगी, साथ हीं विगत कुछ वर्षो से रांची शहर में बहुत तेजी से नशा का प्रचलन बढ़ा है, इसे देखते हुए पूजा में कोई अप्रिय घटना न घटे इसके लिए पूरे दुर्गा पूजा तक शराब दुकान सहित अन्य नशीली वस्तुओं की दुकान प्रशाशन द्वारा बंद रखा जाए समिति के महिला संयोजिका पूनम सिंह ने कहा की पूजा में नशीली पदार्थो की बिक्री की वजह से महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार सहित अन्य अप्रिय घटनाएं घटने की संभावना हमेशा बनी रहती है इसलिए पूजा तक इन पदार्थो को बिक्री पर प्रतिबंध लगे। समिति के सुनील साहू ने कहा की रांची शहर आज नशे की गिरफ्त में है केवल दुर्गा हीं नही हमेशा के लिए अवैध तरीके से चल रहे नशे के व्यापार को बन्द किया जाना चाहिए आज के जागरुकता अभियान में मुख्य रूप से अशोक पांडेय, अमित कुमार, मनोज यादव, रोहित राज पांडेय, सुरज भान सिंह, रेखा देवी, बिट्टू दिव्य परमार, प्रहलाद जी, शुभांशु दुबे, रौशन कुमार, अर्पित सिंह, सुनील वर्णवाल, अमित अग्रवाल सहित अन्य लोग उपस्थित रहें।

### झारखंड से तीन एथलेटिक्स तकनीकी पदाधिकारी राज्य का करेंगे प्रतिनिधित्व

रांची । गुजरात के आई.आई.टी गाँधी नगर ग्राउंड में 30 सितम्बर से 05 अक्टूबर तक आयोजित 36वीं नेशनल गेम्स एथलेटिक्स स्पर्धा के लिए झारखंड एथलेटिक्स संघ की ओर से सी. डी. सिंह,लेवल वन एथलेटिक्स तकनीकी पदाधिकारी शिव कुमार पांडे एवं अशोक भट्टाचार्य झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए एथलेटिक्स स्पर्धा के तकनीकी पदाधिकारी के दायित्व का निर्वहन करने हेतु 28 सितंबर को रांची से गाँधी नगर के लिए रवाना होंगे । इसके चयन पर भारतीय एथलेटिक्स संघ के कोषाध्यक्ष सह झारखंड एथलेटिक्स एसोसिएशन के अध्यक्ष मधुकान्त पाठक , कोषाध्यक्ष आशीष झा, झारखंड एथलेटिक्स संघ के उपाध्यक्ष डॉ प्रभात शंकर, कोच सह साई सैग के प्रभारी बिनोद सिंह, वर्ल्ड एथलेटिक्स लेवल 2 कोच योगेश यादव, आशु भाटिया, जिला संघ के पदाधिकारी जी नारायण, आर पी गुप्ता, नीरज राय ,राज्य तकनीकी समन्वयक अनवर हुसैन समेत राज्य के खेल प्रेमियों ने बधाई दी।

### बीएयू में राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस पर छात्रों को किया गया पुरूस्कृत

# युवाओं के लिए पहले राष्ट्र सर्वोपरि होना जरूरी : कुलपति

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में विगत शनिवार को राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस पर समारोह का आयोजन किया गया। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि कुलपति डॉ। ओंकार नाथ सिंह ने कहा कि देश के युवाओं के लिए पहले राष्ट्र सर्वोपरि होना चाहिए। इसके प्रदेश, क्षेत्र, समाज और स्वयं पर ध्यान होना चाहिए। छात्र जीवन में एनएसएस का अपना विशेष महत्व है। यह राष्ट्रा की युवाशक्ति के व्यक्तित्व विकास एवं समाज सेवा के गुणों के विकास हेतु छात्र संचालित एक सक्रिय कार्यक्रम हैं। बीएयू में विगत दो वर्षो में एनएसएस की गतिविधियां काफी बढ़ गयी है। पहली बार विवि के सभी 10 महाविद्यालयों अमृत महोत्सव का पखवाड़ा सप्ताह का व्यापक आयोजन हुआ। एनएसएस कार्यक्रमों का देश निर्माण में युवाओं की भूमिका को बढ़ाने और उन्हें देश के साथ जोड़ने का महत्वपूर्ण क्षण है। छात्र जीवन में सभी छात्रों को एनएसएस से जुड़कर इसके उद्देश्यों को चरितार्थ करें। मौके पर कुलपति ने अमृत महोत्सव पखवाड़े तहत विश्वविद्यालय स्तर पर आयोजित 9 स्पर्धाओं के विजेताओं को मोमेंटो से पुरूस्कृत किया। निबंध में श्वेता कुमारी, वाद-विवाद में विशालाखी चौबे, क्विज में प्रेरणा प्रिया व खुशी रानी, एक्स्टेम्पोर में श्वेता कुमारी, वोकल सोंग (बालक) में अनल बोस, वोकल सोंग (बालिका) में अर्पिता सिन्हा, सोलो डांस में निकिता टोप्पो व अन्वेषा निधि, योग में नर्मता बाखला तथा फोक डांस में मोनिका के टीम को प्रथम पुरूस्कार से नवाजा गया। डीन वेटनरी डॉ सुशील प्रसाद ने छात्रों का समाजपयोगी कार्यों से जुड़ाव एवं लगाव से समाज सेवा की भावना और राष्ट्रस सेवा के गुणों के विकास का अवसर कहा। डीन वानिकी मौके पर डीन पीजी डॉ एमके गुप्ता, डीन वानिकी डॉ एमएस मल्लिक, निदेशक प्रसार शिक्षा डॉ जगरनाथ उराँव एवं कुलसचिव डॉ नरेंद्र कुदादा ने एनएसएस को छात्र-छात्राओं को शिक्षा के साथ-साथ समाज के बारे में जानने व समाज के प्रति जिम्मेदारियों और जानकारी हासिल करने का महत्वपूर्ण अवसर बताया। मौके पर कृषि, पशुचिकित्सा, वानिकी, कृषि अभियंत्रण एवं उद्यान महाविद्यालयों के एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारियों ने एनएसएस की वार्षिक उपलब्धियों को प्रस्तुत किया।



> डीन वेटनरी डॉ सुशील प्रसाद ने छात्रों का समाजपयोगी कार्यों से जुड़ाव एवं लगाव से समाज सेवा की भावना और राष्ट्रस सेवा के गुणों के विकास का अवसर कहा।

### ईद मीलादुन्नबी के जुलूस को लेकर बैठक
## प्रशासनिक स्तर पर पूर्ण सहयोग का आश्वासन

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** ईद मीलादुन्नबी के जुलूस को लेकर सुन्नी बरैलवी सेन्ट्रल कमिटी व मरकजी सीरत कमिटी की ग्रामीण एस पी नौशाद आलम व एसडीएम सदर रांची दीपक कुमार दूबे के साथ संयुक्त बैठक। आगामी अक्टूबर माह में झारखण्ड की राजधानी रांची में ईद मीलादुन्नबी के जुलूस निकाले जाने व जलसा आयोजित किए जाने के सिलसिले में सुन्नी बरैलवी सेन्ट्रल कमिटी व मरकजी सीरत कमिटी का एक प्रतिनिधिमण्डल ग्रामीण एसपी नौशाद आलम व एसडीएम सदर रांची दीपक कुमार दूबे से उनके कार्यालय में मिला एवं ईद मीलादुन्नबी के निकाले जाने वाले जुलूस के बारे में विस्तृत जानकारी दी कप्रतिनिधिमण्डल ने द्वंद प्रशासनिक वरीय पदाधिकारियों को यह भी बताया कि रांची के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों से जुलूसे मोहम्मदी शांतिपूर्ण एवं अनुशासित तरीके से निकलकर उस दिन सारे जुलूस अपने निर्धारित मार्ग से होते हुए लोअर बाजार स्थित कर्बला चौक में जमा होकर चर्च रोड, काली मंदिर के पास से मुड़कर मेन रोड उर्दू लाईब्रेरी होते हुए एकरा मस्जिद चौक एवं वहां से अपने निर्धारित मार्ग से होते हुए डोरंडा स्थित रेसालदार बाबा के दरगाह में समाप्त हो जाएगी। मरकजी सीरत कमिटी द्वारा उसी दिन डोरंडा बाजार स्थित सीरत मैदान में जलसा का (धार्मिक सभा) आयोजन किया जाएगा जो सुबह 9:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक, 5:00 बजे शाम से रात्रि 8:00 बजे रात्रि तक महिलाओं के लिए एवं रात्रि 9.00 बजे से मध्य रात्रि तक चलेगी, जिसमें राष्ट्रीय स्तर के उलेमा भाग लेंगे। ग्रामीण एसपी नौशाद आलम व एसडीएम सदर रांची दीपक कुमार दूबे ने प्रतिनिधिमण्डल की बातों को गम्भीरता से सुना एवं संयुक्त रुप से प्रशासनिक स्तर पर अपने पूर्ण सहयोग देने की बात कही।

### राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य राजेंद्र प्रसाद ने दिखाई गंभीरता
## मुख्यमंत्री को मेल भेजकर परीक्षा में उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं का कालेजों में नामकरण न होने की दी जानकारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य राजेंद्र प्रसाद ने दिखाई गंभीरता, मुख्यमंत्री को मेल भेजकर दी जानकारी कहा जेईई मेंस ,आईटी, समेत अनेक परीक्षा में उत्तीर्ण छात्र छात्राओं का दाखिला लेना असंभव सा हो गया है। श्री प्रसाद ने मुख्यमंत्री को अपने मेल में लिखा है पहले राउंड में सफल अभ्यर्थियों को जिनको सीट मिला है। ओबीसी ,एसटी, एससी, ईडब्ल्यूएस के बच्चों को एनआईटी जमशेदपुर में नामांकन कराना मुश्किल सा हो गया है, क्योंकि नामांकन की अंतिम तिथि 26 .9. 2022 है जबकि राज्य के कर्मचारी हड़ताल पर है जिसके कारण ओबीसी एसटी एससी ईडब्ल्यूएस का जातीय और आय, प्रमाण पत्र बन नहीं पा रहा है। प्रसाद ने कहा सफल छात्र- छात्राओं को जाति और आय प्रमाण पत्र जमा करना आवश्यक है। जब कि राज्य के कर्मचारी हड़ताल पर हैं। जिसके कारण ओबीसी एसटी एससी ईडब्ल्यूएस के सफल अभ्यर्थियों के द्वारा यदि जाति,आय प्रमाण पत्र जमा नहीं कर पाते हैं तो वे नामांकन लेने से वंचित हो जाएगें। इसको देखते हुए मुख्यमंत्री जी, से राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य राजेन्द्र प्रसाद ने आग्रह किया है कि वे केंद्र और एनआईटी जमशेदपुर संस्थान के प्रबंधन से बात कर 26.9.2022 जो अंतिम तिथि निर्धारित की गई है उससे आगे बढ़ाने के लिए बात कर पहल करने का आग्रह किया है।साथ प्रसाद ने यह भी मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कर्मचारियों का हड़ताल को देखते हुए कोई दूसरा वैकल्पिक व्यवस्था करने का भी उन्होंने आग्रह किया है जिससे ओबीसी एसटी एससी ईडब्ल्यूएस को जाति आवासीय आय प्रमाण पत्र बनाया जा सके। राजेंद्र प्रसाद ने मुख्यमंत्री को यह भी जानकारी दी है कि इस संदर्भ में उन्हें एक ज्ञापन गिरिडीह के समाजसेवी अरविंद कुमार से प्राप्त हुआ है।

### जय-जय-जय खाटू के वासी जय-जय बाबा श्याम शरणागत
# बाबा श्याम का श्रृंगार आरती के पूर्व पट खुलते ही बड़ी संख्या में उपस्थित भक्तजन दर्शन कर भाव-विभोर हुए

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** हम आए आपके दर्शन हमको दे दो श्याम हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में रविवार को पित्र अमावस्या के अवसर पर श्रृंगार आरती के बाद भक्तों का समूह उपरोक्त भजनों का गायन कर अपनी भक्ति निवेदित कर रहे थे। श्री श्याम मित्र मंडल के प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरीया ने बताया कि खाटूधाम के श्री श्याम मंदिर की परंपरा अनुसार आज प्रातः मंगला आरती व बाल भोग अर्पित के बाद मंदिर के पट बंद करके खाटू नरेश का महास्नान अनुष्ठान प्रारंभ किया गया। गंगाजल, शहद, शुद्ध जल, दूध, दही, चीनी केसर, सुगंधित इत्र, गुलाब फूल की पंखुड़ियां आदि के मिश्रण से बाबा श्री श्याम को स्नान करवाया गया। खाटू नरेश को हरे रंग का नवीन बागा वस्त्र धारण करवाया गया। मंदिर में विराजमान सभी देवी देवताओं को भी नया पोशाक वस्त्र पहनाया गया। मंडल के मंत्री श्री श्याम सुंदर शर्मा, आचार्य अनूप दाधीच, मंदिर के प्रथम आचार्य श्री रत्नाकर शर्मा के सानिध्य में मंदिर के आचार्यों ने लाल गुलाब, रजनी, रंजन, तुलसी दल, की मोटी मोटी 31 फूल मालाओं से बाबा श्याम का पावन दिव्य तथा मनोहारी श्रृंगार किया गया। सुगंधित गुलाब इत्र से बाबा को मसाज करके केसर चंदन वंदन किया गया। श्री नारसरिया ने बताया कि श्री शिव परिवार का दो रंग के गेंदा फूल से तथा श्री हनुमान जी महाराज का रजनीगंधा, गुलाब, तुलसी दल, के फूलों से विशेष श्रृंगार भी किया गया।



### मंगलवार को श्री सुंदरकांड पाठ

श्री श्याम मित्र मंडल के स्वर्ण जयंती वर्ष के अवसर पर मंगलवार 27 सितंबर को संध्या 4:30 बजे से 6:30 बजे तक 19 वां श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा का संगीतमय पाठ होगा। आज से शारदीय नवरात्रा विशेष आयोजन शारदीय नवरात्र के अवसर पर सोमवार को कलश स्थापना पूजन श्री दुर्गा पाठ आरती प्रसाद वितरण का कार्यक्रम होगा प्रसिद्ध आचार्य श्री अशोक पांडे के सानिध्य में अनुष्ठान होगा खाटू नरेश के भक्त मुंबई निवासी श्री मुकेश कैलाश जोशी परिवार नवरात्र अनुष्ठान के यजमान श्री होंगे। यह जानकारी मंडल के मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू ने दी।

## चोरों के आतंक से लोग परेशान

**रांची।** राजधानी रांची में चोरों का आतंक लगातार जारी है। जगरनाथपुर और धुर्वा के बाद चोरों ने तुपुदाना इलाके को निशाना बनाया। तुपुदाना के मानसरोवर नगर स्थित दो घरों का खिड़की काटकर चोरों ने नगदी समेत 1 लाख की चोरी कर ली। चोरों ने इस वारदात को बीते शनिवार की देर रात उस समय अंजाम दिया जब परिजन गहरी नींद में सो रहे थे। बताया जा रहा है कि चोरों ने मानसरोवर नगर स्थित पुरुषोत्तम कुमार और राजकुमार के खिड़की का ग्रिल काटकर चोर घुसे। पुरुषोत्तम के घर से चोरों ने 5000 नकदी के अलावा चांदी के जेवरात ले उड़े। राजकुमार के घर से चोरों ने 50 हजार नकदी के अलावा सोने के कई जवरात की चोरी कर ली। मामले की जानकारी मिलने के बाद तुपुदाना थाना प्रभारी मीरा सिंह दलबल के वहां पहुंची। पुलिस ने छानबीन की। लेकिन चोरों का सुराग नहीं मिला। मामले में पुरुषोत्तम और राजकुमार ने तुपुदाना ओपी में अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।

**3 दिन में 17 चोरी की घटना :** जगन्नाथपुर, धुर्वा और तुपुदाना इलाके में 3 दिन के भीतर चोरों ने 17 चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। गुरुवार को चोरों ने जगन्नाथपुर इलाका में पांच दुकानों का ताला तोड़कर लाखों रुपए की चोरी की। विगत शुक्रवार की रात चोरों ने धुर्वा इलाके में 10 दुकानों का ताला तोड़कर हजारों की चोरी की। इसके बाद शनिवार किरात चोरों ने तुपुदाना इलाके में दो घरों में चोरी की घटना को अंजाम दिया। सभी मामले थाना में पहुंचे हैं। बताया जा रहा है कि कई ऐसे मामले हैं जो अब तक थाने में दर्ज नहीं हुए हैं।

### बच्चों का फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का हुआ आयोजन
# रिमझिम बारिश के बीच निकली भव्य शोभायात्रा, बड़ी संख्या में शामिल हुए अग्रबंधु

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** अग्रवाल सभा रांची के तत्वधान में श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव सह 46 वें वार्षिकोत्सव महाराजा अग्रसेन भवन में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मारवाड़ी सहायक समिति के अध्यक्ष अशोक नारसरिया एवं अग्रवाल सभा के अध्यक्ष नंदकिशोर पाटोदिया ने महाराजा अग्रसेन जी की चित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर की। अग्रवाल सभा के अध्यक्ष नंदकिशोर पाटोदिया ने महोत्सव में आए सभी आगंतुक अतिथियों का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। अशोक नारसरिया ने कहा कि अग्रसेन जी का 5176 वां जन्मोत्सव मनाया जा रहा है। महाराजा अग्रसेन समाजवाद के सच्चे प्रवर्तक थे।हमें महाराजा अग्रसेन जी की बताएं आदर्शों को स्थापित करने कि आवश्यकता है। बच्चों का फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता तीन वर्गों बाल वर्ग सब जूनियर वर्ग एवं जूनियर वर्ग में बांटा गया था। बाल वर्ग में प्रथम- प्रियांश मोदी, द्वितीय तृशिका- डीडवानिया, तृतीय कृशिव बंका, सब जूनियर वर्ग में प्रथम अक्षिता कटारुका, द्वितीय आरव पोद्दार, तृतीय- अरनव मोदी एवं अदविका बंका हुई। जूनियर वर्ग की विजेता अनन्या तुलस्यान हुई। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता सभी बच्चों ने आकर्षक एवं मनमोहक वेशभूषा से उपस्थित लोगों का मनमोह लिया, निर्णायक मंडल में कमलजीत कौर एवं हरविंदर वीर सिंह थे। शाम को महाराजा अग्रसेन जी का भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में महाराजा अग्रसेन जी की भव्य झांकी निकाली गई। शोभा यात्रा रांची के प्रमुख मार्गो से गुजरी जगह-जगह समाजिक संगठनों के लोगों ने अग्रसेनजी की पुष्प की बारिश,आरती एवं प्रसाद वितरण किया गया।



### जदयू ने 25 लाख लोगों को जोड़ने का रखा लक्ष्य : श्रवण कुमार

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** जदयू ने झारखंड में सदस्यता अभियान के दौरान 25 लाख लोगों को पार्टी से जोड़ने का टारगेट रखा है। रविवार को रांची में प्रदेश जदयू मुख्यालय में बिहार सरकार के मंत्री व जदयू के प्रदेश प्रभारी श्रवण कुमार ने सदस्यता अभियान को लेकर सभी प्रदेश पदाधिकारियों, राज्य कार्यकारिणी सदस्यों, प्रकोष्ठ अध्यक्षों के साथ संयुक्त बैठक की। बैठक की अध्यक्षता सांसद सह प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो ने की। मौके पर झारखंड राज्य में चल रहे सदस्यता अभियान की समीक्षा की गई और इसमें तेजी लाने का निर्देश दिया गया। श्रवण कुमार ने कहा कि सभी जिला प्रभारी और जिला अध्यक्ष आपसी समन्वय स्थापित कर सदस्यता अभियान को तेज गति प्रदान करेंगे। मॉनिटरिंग कमिटी के सदस्यों को सभी जिला प्रभारी एवं जिला अध्यक्षों से अलग अलग बात कर रिपोर्ट तैयार करने और अगली बैठक में रखने का निर्देश दिया गया। प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो ने कार्यकर्ताओं को 25 लाख प्राथमिक सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया है। वहीं प्रदेश प्रभारी ने 15 अक्टूबर, 2022 तक सदस्यता रसीद को प्रदेश मुख्यालय में जमा करने का निर्देश दिया। 16 अक्तूबर को जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह लोकसभा सांसद राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह के रांची आगमन को लेकर उनके भव्य स्वागत एवं शहर को झंडा, बैनर और पोस्टर से पाट देने पर चर्चा की गई। आगमन की तैयारी के लिए तैयारी कमेटी का गठन किया गया है। इसमें रांची के नेताओं संग दूसरे जिले के नेताओं को भी शामिल किया गया है। बैठक में पूर्व मंत्री सुधा चौधरी, पूर्व विधायक कामेश्वर दास, प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक चौधरी, हाजी हसीब खान, त्रिवेणी वर्मा, आफताब जमील, प्रदेश महासचिव सह मुख्यालय प्रभारी श्रवण कुमार, भगवान सिंह, उचित महतो, प्रवक्ता सागर कुमार, अक्षय सिंह, अभय महतो, ब्रम्हदेव प्रसाद, बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह, मिथिलेश सिंह व अन्य शामिल हुए।

# हेमंत सरकार के 1000 दिन विनाशकारी रहा : बाबूलाल

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सरकार के 1000 दिनों के कार्यकाल पर कड़ी टिप्पणी की है। बाबूलाल ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के 1000 दिनों के कार्यकाल में जो विनाश हुआ है उसे झारखंड और देश-दुनियां के लोग भी देख कर शर्मिंदा हो रहे हैं। खनिज लूट में सिर्फ. साहिबगंज ज़िले से 1000 करोड़, ट्रांसफर पोस्टिंग, ठेका-पट्टा, जमीन कब्जा में वसूली का जबरदस्त विकास तो हुआ ही है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के 1000 दिनों के कार्यकाल में भ्रष्टाचार विकास का विश्व रिकार्ड बनाने वाली टीम के सदस्य पूजा, पंकज, प्रेम जेल चले गये हैं, जो बाकी हैं वो जेल जाने के लाईन में लगे हुए हैं। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के एक हजार दिन के कार्यकाल में दंगे का भी तेजी से विकास हुआ है। एनसीआरबी की रिपोर्ट के मुताबिक, वर्ष 2021 में सबसे ज्यादा 100 दंगा के बदौलत देश में नंबर 1 दंगाई राज्य बनने का गौरव झारखंड के नाम दर्ज हुआ है। झारखंड में आदिवासियों पर जुल्म की घटनाए बढ़ी है। लव जिहादी, ग्रूमिंग गैंग आदिवासी-गैर आदिवासी बच्चियों को आये दिन शिकार बना रहा है, उन्हें बेरहमी से मौत के घाट उतार दिया जा रहा है। तुष्टिकरण के चक्कर में इस सरकार ने ऐसे कामों को बढ़ाने का काम किया है। बाबूलाल ने कटाक्ष करते हुए कहा कि झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठ योजना का इतनी तेजी से विकास हुआ है कि संताल-आदिवासी की संस्कृति एवं अस्तित्व पर संकट खड़ा हो गया है। एसपीटी एक्ट की जमीन हड़पने एवं संतालों की आबादी खत्म करने के लिये मुस्लिम युवक कई संताल महिलाओं से शादी कर ले रहे हैं। जल, जंगल, जमीन की सम्पदा लूट का विकास हुआ है। नदी-पहाड़ बर्बाद हो गये हैं। पत्थर,बालू की ऐसी ऐतिहासिक लूट हुई कि एक साहिबगंज ज़िले में ही हजार करोड़ की चोरी पकड़ी गयी है। बाबूलाल ने कहा कि 19.32 करोड़ नकद के साथ सीए सुमन और आईएएस पूजा सिंघल की गिरफ़्तारी के बाद ईडी को बुझा देने की धमकी देने वाले मुख्यमंत्री की प्रेम दलाल के यहां सीएम हाउस सुरक्षा का एके 47 मिलने और लेवी वसूली करने वाले पंकज के यहां अपना(हेमंत सोरेन का) चेक-पासबुक मिलने के बाद डर के मारे बोलती बंद है।



> ●बाबूलाल ने कटाक्ष करते हुए कहा कि झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठ योजना का इतनी तेजी से विकास हुआ है कि संताल-आदिवासी की संस्कृति एवं अस्तित्व पर संकट खड़ा हो गया है। एसपीटी एक्ट की जमीन हड़पने एवं संतालों की आबादी खत्म करने के लिये मुस्लिम युवक कई संताल महिलाओं से शादी कर ले रहे हैं।

## सेल के पंडाल में दिखेगी आत्मनिर्भर भारत की झांकी

**रांची।** सेल की रांची स्थित इकाई अनुसंधान एवं विकास केंद्र (आरडीसीआईएस) इस साल अपना 50वां वर्षगांठ मना रहा है। इसी कड़ी में सेल टाउनशिप में होनेवाली दुर्गा पूजा में इसबार दर्शनार्थियों के लिए खास तैयारी की जा रही है। देश के लौह एवं इस्पात उद्योग की झांकी इस बार दर्शनार्थियों के लिए मुख्य आकर्षण केंद्र रहेगा। इसे लेकर रविवार को मुख्य महाप्रबंधक संजय परीदा की अध्यक्षता में पूजा समिति की बैठक हुई। महासचिव बीके दास ने बताया कि सेल के हर इस्पात संयंत्र जैसे बोकारो, भिलाई, राउरकेला, दुगार्पुर, बर्नपुर आदि में पूजा पंडाल में आत्मनिर्भर भारत में अपने योगदान की झांकी दिखाई जाएगी। महासप्तमी को महिलाओं के लिए डांडिया, कैंडल और शंख प्रतियोगिता, महानवमी को ढाक एवं धुनुची प्रतिस्पर्द्धा और रात्रि में जागरण होगा।

# पितृ पक्ष के अमावस्या श्राद्ध दिवस व महालया पर 50 वां श्री कृष्ण प्रणामी अन्नापूर्णा भंडारे के प्रसाद का वितरण

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** पितृ पक्ष के अमावस्या श्राद्ध दिवस और महालया के अवसर पर शकुन्तला सोनी पुत्र किशन सोनी के सौजन्य से श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे मे लगभग 1500 से अधिक श्रद्धालुओं ने अन्नपूर्णा भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। संत शिरोमणी श्रीश्री 108 स्वामी सदानंद जी महाराज के द्वारा संचालित रांची की सुप्रसिद्ध समाजिक एवं धार्मिक संस्था एमआरएस श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट एवं स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि.) दिल्ली शाखा रांची शहर की जानी मानी सामाजिक संस्था है। गुरू महाराज के जनसेवा को समर्पित जीवन के स्वर्णिम 50 वर्ष पुरे होने के उपलक्ष्य में रांची शहर के पुंदाग स्थित संस्था के निमार्णाधीन श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर के प्रांगण में समाजसेवी शकुन्तला देवी सोनी पुत्र किशन लाल सोनी एवं उनके परिवार के सौजन्य से अपने पिता स्व. कन्हैयालाल सोनी की स्मृति में शकुन्तला देवी सोनी, किशन लाल सोनी, बसंत सोनी, कपिल सोनी हरी सोनी श्री कृष्ण प्रणामी संस्था के अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल सदस्य ओमप्रकाश सरावगी, शिवभगवान अग्रवाल, पवन पोद्दार के द्वारा वहां के भक्त जनों को ग्रामीणों एवं मंदिर के आस पास के रहने वाले श्रद्धालुओं ने मंदिर परिसर में आये हुए भक्त प्रेमियों, राहगीरों एवं बच्चों के बीच 50 वें श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे के प्रसाद का विधिवत उद्घाटन कर वितरण कार्य शुरू किया गया। आज संस्था के सदस्यों ने श्री राज श्यामा जी (राधा-कृष्ण) एवं गुरू महाराज की फोटो पर चंदन वंदन कर वहा उपस्थित महिलाओं और पुरूष श्रद्धालुओं को चंदन टिका कर के भजन संकीर्तन कर मंदिर में उपस्थित 11 ब्राह्मणों को भोजन कराकर एव ब्राह्मणों को कुछ राशी भेंट स्वरूप प्रदान कर आज की 50वें श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे के प्रसाद का वितरण शुरू किया।



## न्यूज गैलरी

### मांडर में पुलिस ने तीन चोरों को किया गिरफ्तार



**मांडर।** त्वरित कार्यवाही की मिशाल कायम करने में रांची पुलिस मिशाल कायम करने में सफलता के झंडे गाड़ने जुटी हुई है। इसी का एक नजारा मांडर में भी देखने को मिला। वरीय पुलिस अधीक्षक रांची द्वारा पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक खलारी के नेतृत्व में एक टीम गठित कर त्वरित कार्यवाही करते हुए महमुद अंसारी के घर के सामने खड़ी बोलेरो पिकअप वैन के तीन चोरों को गिरफ्तार कर लिया। एसएसपी किशोर कौशल के निर्देश पर मांडर थाना प्रभारी विनय कुमार यादव के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने कार्रवाई की। इसमें तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया गया. गिरफ्तार अपराधियों में अब्दुल बारीक, आबिद अंसारी और अतुल्लाह हक अंसारी गिरफ्तार हुआ है। इनके निशानदेही पर पुलिस की टीम ने खूंट जिला के तोरपा नेकेलपतरायुर जंगल से चोरी का पिकअप वैन बरामद किया है।
यह मामला बीते 22 सितंबर का है। मांडर थाना क्षेत्र के रहने वाले महमूद अंसारी के घर के सामने से उनका पिकअप वैन चोरी हो गया था. इसके बाद घटना की शिकायत पुलिस से की गई थी. पुलिस ने कार्रवाई करते हुए घटना में शामिल सभी अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है. टीम में पुलिस अधीक्षक खलारी अनिमेश नैथानी, मांडर अंचल पुलिस निरीक्षक संजीव कुमार सिंह, थाना प्रभारी विनय कुमार यादव, पुलिस अवर निरीक्षक बिनोद पासवान, प्रिया लक्ष्मी टुडू, सन्नी डेविड बाड़ा, प्रदीप कुमार चौबे सहित अन्य आरक्षि शामिल थे।

### सहभागी कंप्यूटर एजुकेशन कुरडेग में हुआ उपहारों का वितरण

**सिमडेगा।** सहभागी कंप्यूटर एजुकेशन के कुरडेग शाखा में पढ़ रहें विद्यार्थियों के बीच संस्थान के द्वारा उपहारों का वितरण किया गया। संस्थान में 100 से अधिक विद्यार्थियों को 3 माह की निशुल्क कंप्यूटर शिक्षा देने के उपरांत विद्यार्थियों और कुरडेग प्रखंड में कंप्यूटर के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से विद्यार्थियो के बीच उपहार स्वरूप साइकिल, मोबाइल फोन, ब्लूटूथ स्पीकर, पावर बैंक, स्कूल बैग, लंचबॉक्स, वॉटर बोतल, किताब कॉपी जैसे अनेकों उपहार का वितरण किया गया। उपहार पा कर विद्यार्थियो खुशी से झूम उठे। संस्थान के संचालक बिपुल कुमार ने कहा कि हमारा उद्देश्य हैं। सभी वर्गो के लोगो को शिक्षा के प्रति जागरूक कर डिजिटल साक्षर कर आत्मनिर्भर बनाना तथा संस्थान के संचालक निशांत कुमार ने कहा कि हमारा प्रयास हैं। शहरों के भांति ग्रामीण क्षेत्रों में भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना और कंप्यूटर शिक्षा के महत्व को जन-जन तक पहुंचाना।

### लैंगिक समानता लाने के लिए किशोरों ने लिया संकल्प

**लोहरदगा।** स्वास्थ्य विभाग एवं सेंटर फॉर कैटालाइजिंग चेंज के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत कुरु प्रखंड के टाटी पंचायत भवन में चयनित पियर एजूकेटर (साथिया) का दो दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण का किया गया आयोजन । इस प्रशिक्षण में उपस्थित साथिया को प्रशिक्षक द्वारा आर.के.एस.के कार्यक्रम, पियर एजुकेटर कि भूमिका, ,नशा पान , गैर संचारी रोग ,मानव तस्करी ,बाल विवाह ,इसके अलावा समाज में महिला पुरुष समानता लाने में किशोरों कि भूमिका पर विशेष रूप से जानकारी दी गई । प्रशिक्षण में बाल विवाह के दुष्परिणाम पर विशेष जानकारी देते हुए बतलाया गया कि हम सभी को मिलकर इस दिशा में विशेष ध्यान देने कि जरूरत है। आप अपने गावं के किशोर -किशोरियों के लीडर है। आप सभी किशोरियों को जागरुक कर बाल विवाह मुक्त गावं बनाने में अपना मतवपूर्ण योगदान दे सकते है। साथ ही इस बात पर जोर दिया गया कि जो सदियों से महिला पुरुष के बिच भेद-भाव कि परम्परा चली आ रही है उसके लिए किशोरों को आगे आना होगा कि हम ये परम्परा को तोड़ सके और एक बराबरी वाले समाज का निर्माण कर सके। प्रशिक्षण में सी 3 इंडिया के पवन कुमार गुप्ता,नवल किशोर सिंह, मुबेद अख़्तर, रंजन कुमार स्वास्थ्य विभाग से ए.एन.एम. मेरी कुजूर, सहिया मुमताज बेगम, नीलमणि कुजूर,शांति देवी अभिभावक खुर्सिद आलम एवं साथिया मौजूद थे।

### दुर्गा पूजा को लेकर राजकिला परिसर में हुई शांति समिति की बैठक



**रातू।** दुर्गा पूजा को लेकर ऐतिहासिक राजकिला परिसर में रविवार की शाम शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। राजकुमारी माधुरी मंजरी देवी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में पूजा व मेले की विधि व्यवस्था व सुरक्षा से लेकर भव्य दुर्गा पूजा आयोजन की तैयारियों की समीक्षा की गई। रातू राजमहल में आयोजित एतिहासिक पूजा कार्यक्रम एवं इस अवसर पर लगने वाले मेले को शांतिपूर्ण तरीके से लगाने पर विचार विमर्श किया गया। मूर्ति विसर्जन दशमी को किया जाएगा। बैठक में अंचलाधिकारी प्रदीप कुमार, एएसआई चमरा मिंज, परशुराम सिंह , फूलकुमारी देवी,सुषमा तिर्की, राजेन्द्र खलखो, संजय बैठा, प्रिंस राज, महेश्वरी देवी आदि लोग मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन राजमहल प्रबंधक दामोदर नाथ मिश्र ने किया।

### बेड़ो में गायत्री परिवार के लोगों ने महादानी मंदिर परिसर में किया वृक्षारोपण

**बेड़ो।** मनुष्य जीवन काल में इंसानों को कम से कम एक एक पेड़ अवश्य लगानी चाहिए। उक्त बातें रविवार को बेड़ो के ऐतिहासिक महादानी मंदिर स्थित परिसर में आंवला व नीम के पौधों का पौधारोपण करते हुए जनजागृति अभियान गायत्री परिवार बेड़ो के राजेश्वर सिंह ने कही। वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन गायत्री परिवार शक्तिपीठ धुर्वा सेक्टर 2 के सहयोग से किया गया। जहां महादानी मंदिर परिसर में आंवला व पीस नीम पेड़ का पौधा का वृक्षारोपण किया गया। वृक्षारोपण में अभिषेक कुमार, राजन, फौजदार रामकुमार सिंह, तुलसी साहू, करुणानिधि, यशोदा देवी, कमला देवी, माधुरी गुप्ता, अनीता देवी, शीला देवी, अंजु देवी समेत कई लोग मुख्य रूप से मौजूद थे।

---

### एआईएसएम जेडब्लूए के पत्रकार मिलन समारोह आयोजित

# संसद में उठायेंगे पत्रकार सुरक्षा कानून का मामला : पीएन सिंह

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची/सिंदरी(धनबाद)।** आज बड़े-बड़े मीडिया घराने पत्रकारिता के क्षेत्र में आ गए हैं। करोड़ों,अरबों रुपये के मालिक मीडिया के क्षेत्र में सक्रिय हैं। ऐसे में लघु एवं मध्यम मीडिया व उसके पत्रकार कैसे सुरक्षित रहेंगे? इसके लिए सोचना जरूरी हो गया है। संसद के अगले सत्र में पत्रकार सुरक्षा कानून को लेकर पत्रकारों का पक्ष रखूंगा।
उक्त बातें धनबाद के सांसद पीएन सिंह ने कही। श्री सिंह सिंदरी में ऑल इंडिया स्मॉल एंड मीडियम जर्नलिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन के बैनर तले रविवार को आयोजित पत्रकार मिलन सह सम्मान समारोह कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे।
उन्होंने अपने संबोधन में पत्रकार एवं साहित्यकार के मौलिक अंतर को समझाया। आगे कहा कि पत्रकार समाज में तत्कालीन घटनाओं का आईना होता है। उन्होंने पत्रकारों को कर्तव्यबोध कराते हुए कहा कि पत्रकार हैं, लेखनी के लिए हाथ भांजिए, लेकिन दूसरे की प्रतिष्ठा का भी ख्याल रखिए। उन्होंने सवाल करते हुए कहा कि व्यक्तिगत प्रतिबद्धता पर कलम चलाना कहां तक उचित है?यह विचार भी पत्रकारों को करनी चाहिए। उन्होंने कहा मल्टीनेशनल मीडिया समूह के बीच लघु व मध्यम मीडिया का बने रहना बड़ी बात है।
एसोसिएशन के बिहार,बंगाल एवं झारखंड के प्रभारी प्रीतम सिंह भाटिया ने कहा कि सांसद का यह आश्वासन पत्रकार सुरक्षा कानून के लिए सुकून देने वाला है। पूर्व में भी पत्रकार सुरक्षा कानून को लेकर एक सांसद द्वारा सदन में बात रखा गया था, लेकिन उस पर क्या हुआ? उन्होंने कहा कि सांसद यदि सदन में ठोस तरीके से पत्रकार सुरक्षा कानून को रखने में सफल होते हैं, तो देशभर का पत्रकार उनका ऋणी रहेगा।
इस अवसर पर प्रदेशाध्यक्ष जीतेंद्र ज्योतिषी ने कहा कि समाज के प्रति पत्रकारिता धर्म निभाने के लिए पत्रकारों को अनुशासन में रहना जरूरी है। एसोसिएशन के प्रदेश महासचिव बंटी जायसवाल ने कहा कि बीमा के लिए मुख्यमंत्री को मिलकर दोबारा सुझाव दिया गया है कि इस पर जल्द पहल करें।
उन्होंने कहा कि उम्मीद है कि पत्रकार सुरक्षा कानून,पेंशन,आवास सहित अन्य मांगे भी जरुर पूरी होंगी, लेकिन उसके लिए सभी को एक मंच पर आना चाहिए।
प्रदेश महासचिव सुनील पांडेय ने कहा कि संगठन दिन-रात पत्रकार साथियों की स्वतंत्रता और सुरक्षा के लिए प्रयासरत है। पत्रकार साथियों को बीमा योजना के बाद एक्रिडेशन और पेंशन के लिए भी आंदोलन करने की जरूरत है।
प्रदेश सलाहकार गणेश मिश्रा ने कहा कि मुख्यमंत्री को पत्रकार सुरक्षा कानून पर जल्द कानून बनाने के लिए प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि पत्रकार साथियों को संगठित होना जरूरी है।
प्रदेश सदस्यता प्रभारी दीपक कुमार ने कहा कि चौथे स्तंभ को तीन स्तंभ की निगरानी करनी है। ऐसे में बिना सुरक्षा के भ्रष्टाचार पर कलम का वार करना मुश्किल है।
मौके पर एसोसिएशन के प्रदेश तकनीकी सलाहकार नागेंद्र कुमार और प्रदेश कोषाध्यक्ष राहुल कुमार ने भी अपने विचार रखे।

#### प्रदेश कमिटी ने पत्रकारों को सदस्यता फॉर्म भी बांटे

कार्यक्रम के दौरान धनबाद ग्रामीण जिला अध्यक्ष योगेश सोनी,रांची ग्रामीण जिला अध्यक्ष प्रविंद पांडेय सहित अन्य पत्रकारों को पदाधिकारियों को भी प्रमाण पत्र सौंपा गया। प्रदेश कमिटी द्वारा पत्रकारों को सदस्यता फॉर्म भी बांटे गए। समारोह में एसोसिएशन के कोल्हान महासचिव अजय महतो,कोल्हान अध्यक्ष कमलेश सिंह,कोल्हान उपाध्यक्ष मनोज सिंह,उपाध्यक्ष मिथिलेश तिवारी,प्रमंडल अध्यक्ष राजेश सिंह,धनबाद जिला उपाध्यक्ष अशोक कुमार,राजेश सिंह,संपद गोप,महासचिव सत्येंद्र चौहान,प्रवक्ता बबन झा,सचिव रविंद्र प्रसाद,सतीश मिश्रा,अवधेश कुमार राय,अभिमन्यु प्रसाद,कोषाध्यक्ष मनोज शर्मा,कार्यालय प्रभारी सचिन सिंह सूरज सिंह,कार्यसमिति सदस्य मनोज कुमार साव,गोविंद खेत्रपाल,राजेश कुमार वर्मा सहित कई पत्रकार,समाजसेवी,बुद्धिजीवी और शिक्षाविद उपस्थित थे। कार्यक्रम का आयोजन व संचालन प्रमंडलीय अध्यक्ष राजेश सिंह ने किया, जबकि अध्यक्षीय भाषण शैलेंद्र जायसवाल बंटी ने दिया।

## मत्स्य जीवी सहयोग समिति के सदस्यों ने मछली पालन को आगे बढ़ाने का लिया संकल्प

**नवीन मेल संवाददाता**



**बेड़ो।** आदिवासी मत्स्य जीवी सहयोग समिति लिमिटेड बेड़ो के तत्वावधान में रविवार को कला सांस्कृतिक भवन के पास जामटोली की एक आवश्यक बैठक समिति के अध्यक्ष टोप्पो उरांव की अध्यक्षता में आरंभ हुई। बैठक में सभी सदस्यों ने समिति को मजबूत करने व सभी सदस्यों को एकजुट करते हुए मछली पालन को आगे बढ़ाने का निर्णय लिया। वहीं जामटोली जलाशय में सदस्यों को प्रतिदिन मछली मारने पर पाबंदी करने का निर्णय लिया गया। जिससे सदस्यों के द्वारा समिति के माध्यम से बैंक से ली गई लोन गई को यथाशीघ्र वापस किया जा सके। इधर समिति के सचिव चरवा उरांव ने बताया कि गांव के बेरोजगार युवकों को मछली पालन से जोड़ने हेतु समिति का सदस्य बनाने के लिए सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। जो 30 सितंबर से शुरू होकर आगामी 7 अक्टूबर तक चलेगा। जिसमें जामटोली डैम में जो विस्थापित परिवार हैं ,उसको पहली प्राथमिकता दी जाएगी। इच्छुक लोग जो समिति में जुड़ना चाहते हैं,वे दिए हुए समय सीमा के अंदर में समिति से संपर्क कर अपना सदस्यता ग्रहण कर सकते हैं। वहीं समिति में जुड़ने हेतु समिति में जो हिस्सा पूंजी एवं सदस्यता शुल्क निर्धारण की गई है उसको जमा करना होगा। मौके पर गोयंदा मिंज, जोसेफ लकड़ा, विनय तिर्की, जोसेफ उरांव, सोमरा उरांव, लुइस फ्रांसिस एक्का सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### कार्तिक चंद्र महतो नेशनल सेल्फ डिफेंस फेडरेशन के झारखंड प्रदेश प्रतिनिधि नियुक्त



**सिल्ली।** शुक्रवार को नेशनल सेल्फ डिफेंस फेडरेशन के अध्यक्ष कलावत के.एल द्वारा सिल्ली के कार्तिक चन्द्र महतो को नेशनल सेल्फ डिफेंस फेडरेशन के झारखंड प्रदेश प्रतिनिधि नियुक्त किया है। साथ ही निर्देश दिया है कि बालिका एवं महिला सुरक्षा के साथ आमजनहित की सुरक्षा हेतु संघ के दिशा निदेर्शों के अनुरूप कार्य करेंगे ,साथ ही महतो को नेशनल सेल्फ डिफेंस फेडरेशन अध्यक्ष कलावत के. एल ने बधाई दी है।

### बारीडीह जतरा मैदान में करमा मिलन समारोह का आयोजन

## सांस्कृतिक विरासत हमारी पहचान है: भगत

**नवीन मेल संवाददाता**



**बेड़ो।** प्रखंड के बारीडीह मैदान में 12 पड़हा व 21 पड़हा के तत्वाधान में रविवार को करमा मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पड़हा संचालन समिति की मुख्य संरक्षक नीलमणि भगत, अध्यक्ष जुगेश उरांव,उपाध्यक्ष राकेश भगत,कार्यकारी अध्यक्ष एतवा उरांव,कोषाध्यक्ष पीटर तिर्की,भौआ उरांव,वाणी कुमार रॉय व देवनीश तिग्गा आदि मौजूद थे। समारोह में बोलते हुए नीलमणि भगत ने कहा कि करमा हमारी सांस्कृतिक धरोहर है। इसे बचाए रखना हम सभी का दायित्व है। इसके लिए सामूहिक सहभागिता जरूरी है। वहीं जुगेश उरांव ने कहा कि झारखंड की पहचान झारखंड की संस्कृति से है। उन्होंने झारखंड की सांस्कृतिक विरासत को बचाए रखने के लिए युवाओं को आगे आने का आह्वान किया। इधर करमा मिलन समारोह में 8,10,12,21व 24 पड़हा तथा 17 मौजा के पहान ,मुंडा व सांगा अपने खोड़हा मंडली,ढोल,ढाक, मांदर व परंपरागत वेशभूषा के साथ समारोह स्थल पर पहुंचे। इसके पूर्व समारोह का शुभारंभ सोमरा भगत व महतो सुका उरांव ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम का संचालन धनंजय कुमार रॉय ने किया। वहीं समारोह को सफल बनाने में बंधना उरांव, घिनु उरांव,महादेव मुंडा,प्रो सोमरा उरांव व रवि बेक समेत दर्जनों लोगों ने सराहनीय योगदान दिया।

### नगजुआ खेल मैदान में चार दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन

## खेल के विकास के लिए प्रयत्नशील है : अग्रवाल

**नवीन मेल संवाददाता**



**कैरो / लोहरदगा।** नगजुआ खेल मैदान में चार दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला नरौली मुखिया की टीम बनाम एसटी मुंडा ब्रदर सुवार टोली के बीच खेला गया। जिसमें नरौली पंचायत मुखिया अरविंद उराव की टीम 3-2 से पराजित कर प्रतियोगिता अपने नाम किया। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि आजसू केंद्रीय उपाध्यक्ष नीरू शांति भगत,आजसू के केंद्रीय सचिव सूरज अग्रवाल एवं सामाजिक विचार मंच के संरक्षक कवंलजीत सिंह थे। मौके पर नीरू शांति भगत ने कहा कि मेरे पति पूर्व विधायक स्वर्गीय कमल किशोर भगत खुद एक खिलाड़ी थे और खेल के प्रति इस क्षेत्र में लोगों को जागरूक करने का काम किया था। मैं भी उनके दिखाए रास्ते पर चलकर इसी तरह खेल को बढ़ावा दूंगी। केंद्रीय सचिव सूरज अग्रवाल ने कहा कि क्षेत्र के विकास के साथ-साथ खेल के विकास के लिए भी हम लोग लगातार प्रयत्नशील हैं और आगे भी इस तरह के आयोजन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए क्षेत्र का विकास के साथ खेल को आगे बढ़ाएंगे! सामाजिक विचार मंच के संरक्षक कवंलजीत सिंह ने कहा कि खेल के साथ साथ हम लोग सामाजिक समरसता के पक्षधर हैं और इस खेल के माध्यम से हम लोग सामाजिक समरसता लाने का प्रयास करेंगे चार दिवसीय टूनामेंट में कुल 32 टीमों ने भाग लिया इसमें प्रथम पुरस्कार 15 हजार नगद एवं जोड़ा खस्सी, द्वितीय पुरस्कार 10,000 हजार नगद एक खस्सी,तृतीय पुरस्कार 7000 नगर एक खस्सी एवं चौथा पुरस्कार 6000 नगर और एक खस्सी वितरण किया गया। फाइनल टूर्नामेंट के अवसर पर केंद्रीय उपाध्यक्ष निरू शांति भगत, केंद्रीय सचिव अरविंद यादव, महिला जिला अध्यक्ष अनिता साहू,नरौली के पूर्व मुखिया पिंकी उरांव, हेमंती देवी,नरौली पंचायत मुखिया अरविंद उरांव, प्रवीण साहू, बृजकिशोर मिश्रा कमेटी के अध्यक्ष पर्वत उरांव, सचिव धर्मेंद्र उराव, कोषाध्यक्ष सुमित उराव, मंकू उरांव, परवेज खान, हरिचंद्र वाहिद खान, सुरेंद्र उराव,इरफान अंसारी, अवधेश साहू, संजय कुजुर, बोलो उरांव, सुल्तान खान, गोलू सिंह एवं रेफरी राजा लाल,मनोज महली जाहिद अंसारी उपस्थित थे।

## टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स के लिए हुई फाइनल स्क्रूटनी, 496 अभ्यर्थी हुए चयनित

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** जनजातीय कार्य मंत्रालय एवं टाटा कम्पनी द्वारा मेगा भर्ती 19 सितंबर को हुई थी। जिस कैंप का रविवार को सिमडेगा कॉलेज में फाइनल स्क्रुटनी हुई। जिसमें 496 युवतियां जॉब के लिए चयनित हुईं।उन्हें 27 सितंबर को तमिलनाडु के भूसुर ले जाया जाएगा।जहाँ 12 दिन की ट्रेनिंग के बाद उनकी ड्यूटी शुरू हो जाएगी। सभी चयनित अभ्यर्थियों को 27 तारीख को सुबह 9:00 बजे तक हटिया रेलवे स्टेशन पहुंच जानी है। जहां पर टाटा कंपनी द्वारा टिकट की व्यवस्था की गई है एवं माननीय केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा उन्हें शुभकामनाएं देकर विदा करेंगे। मौके पर उप विकास आयुक्त अरुण वाटर सांगा ने चयनित अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह अवसर आप लोगों के लिए केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के सहयोग से प्राप्त हुआ है इस अवसर का अवश्य लाभ उठाना चाहिए। अनुमंडल पदाधिकारी महेंद्र कुमार के द्वारा भी बच्चों को शुभकामना देते हुए कहा कि ऐसे कैंप का आयोजन करने से जिले में बेरोजगारी की समस्या को दूर करने के लिए यह रामबाण साबित हुई। वहीं केंद्रीय मंत्री के सांसद प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव ने कहा की केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के पहल पर टाटा कंपनी द्वारा यह शुभ अवसर सिमडेगा जिला एवं खूंटी लोकसभा के युवतियों को मिला है ताकि इस क्षेत्र से पलायन का दाग कुछ कम हो सके। मौके पर टाटा कंपनी के जय शंकर, नियोजन पदाधिकारी, जिलाध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक, मनोज साय, केरसई प्रखण्ड सांसद प्रतिनिधि रवि गुप्ता सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### कुरडेग पूजा-पंडाल का अधिकारियों ने किया निरिक्षण

**कुरडेग।** प्रखंड मुख्यालय सहित आस पास के ग्रामीण इलाकों में विभिन्न पूजा पंडालों का निरिक्षण बीडीओ ज्ञानमणि एक्का, अंचल अधिकारी कृष्ण मुरारी तिर्की थाना प्रभारी मुन्ना रमानी ने किया। इस दौरान पुजा समिति के सदस्यों से व्यवस्था से संबंधित जानकारी ली वहीं पुजा समिति को आवश्यक दिशा निर्देश दिये , कहा कि पुजा पंडालो के समीप आग से बचाव एवं स्वच्छता का बिशेष ध्यान दें पुजा समिति द्वारा ब्यवस्था से संवंधित जानकारी देने पर अधिकारीयों ने संतुष्टी जाहिर की मौके पर पुजा समिति के सदस्य मौजूद रहे।

### कोलेबिरा देवी गुड़ी समिति के सदस्यों ने की बैठक

**कोलेबिरा।** देवी गुड़ी परिसर में कोलेबिरा देवी गुड़ी दुर्गा पूजा समिति के द्वारा शारदीय नवरात्र को लेकर समिति के ओम प्रकाश प्रसाद के नेतृत्व में देवी गुड़ी मंदिर परिसर बरवाडीह मोड़ में एक बैठक आयोजित की गई बैठक में । बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया वैश्विक महामारी कोविड-19 के 2 साल पूजा हर्षोल्लास एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में धूमधाम से मां दुर्गा के पूजन शारदीय नवरात्र धूमधाम से मनाया जाएगा। अवसर पर पूजा संचालन के लिए सर्व समिति से पुराने कमेटी को आगे जिम्मा दिया गया। जिसमें गोविन्दा पंडा को पूजा समिति का अध्यक्ष बनाया गया। वहीं पूजा को सफल बनाने के लिये चन्दा प्रभारी , पूजा प्रभारी, पण्डाल निर्माण प्रभारी, प्रसाद वितरण प्रभारी, स्वछता प्रभारी भी नियुक्त किये गये । इस अवसर पर गोविंदा पंडा ने कहा कि यह मेरे लिये बहुत सम्मान की बात है कि पुनः पूजा आयोजन समिति का मुझे अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई हैद्ध इसके लिये मैं पूजा समिति के सभी सदस्यों का आभार प्रकट करता हूं और सबों का सहयोग से इस पूजा को सफल बनाना है ।

### झारखंड कैटरर्स एसोसिएशन ने नेशनल कैटरर्स दिवस का किया आयोजन

# राम जी कैटरर्स के संचालक को मिला लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** झारखंड कैटरर्स एसोसिएशन के तत्वावधान में नेशनल कैटरर्स दिवस का आयोजन 25 सितंबर,2022 (रविवार) को मोरहाबादी स्थित सुविधा बैंक्वेट हॉल में किया गया। समारोह का शुभारंभ एसोसिएशन के अध्यक्ष कमल कुमार अग्रवाल एवं सचिव अरुण कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया।
इस अवसर पर अपने स्वागत भाषण में श्री अग्रवाल ने कहा कि झारखंड कैटरर्स एसोसिएशन समाज के हर वर्ग के लोगों को उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान करने के प्रति समर्पित है। एसोसिएशन से जुड़े सदस्यों और कैटरिंग व्यवसाय से जुड़े उद्यमियों/व्यवसायियों की समस्याओं के त्वरित निदान के लिए भी संगठन सतत प्रयासरत है।
वहीं, एसोसिएशन के सचिव अरुण कुमार सिंह ने कहा कि संगठन को सशक्त बनाने और एसोसिएशन के सदस्यों को एकजुट कर उनके समस्याओं के समाधान की दिशा में भी निरंतर प्रयास जारी है। राज्य सरकार से भी कैटरर्स व्यवसाय से जुड़े व्यवसायियों के समस्याओं के निदान हेतु गुहार लगाई गई है। कार्यक्रम में झारखंड राज्य के सभी जिलों से कैटरर्स व्यवसाय से जुड़े एसोसिएशन के सदस्यगण शामिल हुए।
समारोह में गेस्ट स्पीकर के रूप में इंस्टिट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट, रांची के डॉ. भूपेश कुमार द्वारा कैटरिंग व्यवसाय के आधुनिकीकरण की महत्ता पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि आरकेडीएफ विश्वविद्यालय के एसोसिएट रजिस्ट्रार पंकज चटर्जी ने कैटरिंग व्यवसाय में सर्विस संचालन विषयक व्याख्यान में महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डाला।
एसोसिएशन की ओर से देवघर के श्री राम जी कैटरर्स के संचालक भारत राम को कैटरिंग व्यवसाय में उत्कृष्ट सेवा के लिए लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया।

#### प्रतिभावान छात्रों को दिया गया प्रतिभा सम्मान पुरस्कार

- पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत झारखंड केटरर्स एसोसिएशन परिवार से जुड़े प्रतिभावान छात्रों को प्रतिभा सम्मान पुरस्कार प्रदान किया गया।
- इसमें 12वीं कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र शीतल रजक व पवन कुमारी एवं दसवीं कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए यस अग्रवाल और प्रिंस राज को प्रतिभा सम्मान दिया गया।
- इस अवसर पर गेलार्ड आइसक्रीम, अग्रवाल पापड़, अमूल डेयरी, अभिषेक क्रोकरी, क्रॉम्पटन, दावत, सद्गुण मसाला, केम्प्टी वाटर, क्रेजी डीजे लाइट, साउंड एंड विजन स्टेडियम विश्वा राघव आरकेडीएफ यूनिवर्सिटी की ओर से प्रदर्शनी लगाई गई। कार्यक्रम में फूड पार्टनर अनोखा इवेंट और वेंक्वेट पार्टनर सुविधा बैंक्विट हॉल ने महत्वपूर्ण सहयोग किया। मौके पर लकी ड्रॉ का भी आयोजन किया गया। जिसके विजेताओं को एसोसिएशन की ओर से पुरस्कृत किया गया।
- इसके अतिरिक्त कैटरिंग व्यवसाय से जुड़े उद्यमियों-व्यवसायियों की समस्याओं से अवगत होते हुए उसके समाधान की दिशा में उठाए जाने वाले कदमों पर भी चर्चा की गई।
- इस अवसर पर एसोसिएशन के सौजन्य से रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया।
- नेशनल कैटरर्स डे के सफल आयोजन में झारखंड कैटरर्स एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष राकेश कुमार मिश्रा, वाइस प्रेसिडेंट निर्मल कुमार मोदी, संयुक्त सचिव दीपेश शर्मा, कोषाध्यक्ष वकील साव, रोशन सिंह, प्रवीण कुमार शर्मा, संजय नागुदार, राजेश गुप्ता, यशवंत पांडे, राजेश निषाद, संजय कुमार व मीडिया प्रभारी राहुल कुमार कश्यप सहित अन्य ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## न्यूज गैलरी

### ज्वेलरी दुकान में शटर का ताला तोड़कर लाखों की चोरी



**जयनगर।** थाना अंतर्गत पिपचो चौक स्थित सुरेश जेवलर्स में बीती रात अज्ञात चोरों ने शटर का ताला तोड़कर सोना, चांदी नगदी सहित अन्य सामग्री की चोरी कर ली। रविवार सुबह जब सुरेश स्वर्णकार अपने दुकान मे गए तो, देखा कि शटर का ताला टूटा हुआ है। शटर का ताला टूटा हुआ देख अगल बगल के सभी ग्रामीण इकट्ठा हो गए। दुकान संचालक सुरेश स्वर्णकार ने शटर उठा कर देखा तो पाया कि दुकान में तिजोरी के अंदर रखे हुए सोना चांदी के आभूषण सब गायब है। तिजोरी भी टूटा हुआ बिखरा पड़ा है। इसकी जानकारी जयनगर पुलिस को दी गई। सूचना पाकर ही थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार सिन्हा अपने दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और सीसीटीवी फुटेज लेकर छानबीन शुरू कर दी। दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरा के अनुसार चोरी की घटना को रात 2 बजे अंजाम दिया गया। इस दौरान एसआई अमित कुमार, एसआई विनीता कुमारी अपने दल बल के साथ पहुंचे थे। थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार सिन्हा ने कहा कि जल्द ही अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। घटना को लेकर जयनगर थाना में मामला दर्ज किया गया है।

### पदमा पुलिस ने अवैध डंप कोयला किया जब्त

**पदमा।** पदमा प्रखंड के सरैया पंचायत स्थित पार नदी चतमाथान देव स्थान के समीप भारी मात्रा में बालू और लगभग 700 बोरा कोयला पुलिस ने जब्त किया है। वन विभाग, सरकारी जमीन के साथ निजी जमीन पर अवैध कारोबार आम लोगो के बीच बड़ा सवाल खड़ा कर रहा है। लोगों ने बताया कि कोयला और बालू के इस अवैध कारोबार के पीछे बड़े बड़े चेहरे हैं। बालू और कोयला माफियाओं की पैठ प्रशासनिक पदाधिकारी से लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधियों तक है। पदमा थाना प्रभारी विकर्ण कुमार ने पूछे जाने पर बताया कि गुप्त सूचना के आधार यह कार्रवाई की गई है। जब्त बालू की जानकारी पदमा सीओ को दी गई है। वहीं अवैध रूप से डंप कोयला की बोरी भी बड़ी मात्रा में जब्त किया गया है। किसी के पकड़े जाने की खबर नहीं है। पदमा पुलिस ने डंप कोयला को जब्त करते हुए थाना ले आई है। पुलिस के इस कार्रवाई से बालू और कोयला माफियाओं में हड़कंप देखा जा रहा है। थाना प्रभारी ने बताया कि जब्त कोयला की जानकारी वरीय अधिकारियों को देते हुए कानूनी करवाई की जा रही है। माफिया लोग जल्द पकड़े जायेगें।

### भाजपाइयों ने मनायी पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती

**कटकमसांडी।** कटकमदाग मंडल के खपरियावां पंचायत भवन में भाजपाइयों ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 106वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष कविंद्र यादव ने की, जबकि संचालन प्रखंड महामंत्री अरुण कुमार राणा ने किया। जिला परिषद सदस्य जीतन राम ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कार्यकर्ताओं को उनके पद चिन्हों पर चलने का आग्रह किया। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि अजय कुमार साहू, कृषि एवं जन वितरण प्रणाली के विधायक प्रतिनिधि इंद्र नारायण कुशवाहा, खपरियावां पंचायत के मुखिया सह भाजपा नेता राजेश कुमार गुप्ता ने भी अपने विचार रखा। जयंती कार्यक्रम में महामंत्री विरेंद्र साहू , मीडिया प्रभारी राजेंद्र ठाकुर, कोषाध्यक्ष लखन गोप, महामंत्री उषा रुंडा, युवा मोर्चा अध्यक्ष विजय गिरि, धीरज राणा, सोनू सिंह, संजय पासवान, रवि गुप्ता, जितेंद्र मिश्रा, अभिषेक यादव, जीवलाल राम, विशाल कुमार, अरुण कुमार महतो,अनिल राणा सहित कई पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### बिना वैध चालान के गिट्टी लदा ट्रक जब्त

**मरकच्चो।** सीओ रामसुमन प्रसाद ने शनिवार की शाम क्षेत्र के नावाडीह से बिना वैध चालान के गिट्टी लदा ट्रक एनएल01एन 8555 को बरियाडीह के समीप से जब्त किया। जानकारी अनुसार उक्त ट्रक नावाडीह स्थित क्रशर मंडी से गिट्टी लेकर कोडरमा की ओर जा रहा था। इसी दौरान क्षेत्र भ्रमण के लिए निकले सीओ ने उक्त ट्रक को आते देख पहले रुकवाया और चालक से ट्रक में लदा गिट्टी से संबंधित कागजात प्रस्तुत करने को कहा। चालक द्वारा कोई कागजात प्रस्तुत नहीं किये जाने पर ट्रक को जब्त कर आगे की कार्रवाई के लिए मरकच्चो थाना मे सुरक्षित रखा गया है।मौके पर अंचलाधिकारी रामसुमन प्रसाद, बरियाडीह पिकेट प्रभारी डीबी बांद्रा व पुलिस बल के जवान शामिल थे।

### मुहिम चलाकर भारतीयता की दिलायी शपथ



**झुमरीतिलैया।** शहर के उजाला मॉल स्थित पिज्जा जी कैफे में रविवार को भारतीयता का पाठ पढ़ाते हुए इस की शपथ दिलाई गई। झुमरीतिलैया में आयोजित इस कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता और भारतीयता की मुहिम चला रहे विशाल भदानी भारतीय ने मौजूद लोगों के बीच गर्व से कहो हम भारतीय हैं का फ्रेम भी भेंट किया। इस दौरान श्री भदानी ने मौजूद लोगों को धर्म, समुदाय और भाषा से परे हटकर देश और भारतीयता के लिए सदैव कार्य करने का शपथ दिलाया। उन्होंने बताया कि शाहनवाज चौधरी भारतीय जी द्वारा शुरू की गयी ₹भारतीयता की मुहिम₹ को वे पूरे झारखण्ड में फैला रहे हैं। कार्यक्रम में वरीय सामाजिक कार्यकर्ता खालिद खलील, परवेज खान, रिजवान आलम, मोहम्मद सुल्तान, मोहम्मद अरमान, मोहम्मद साहिल, युसूफ खान, इमरान अहमद, विक्की सिंह, मोहित कुमार, विपिन गुप्ता, संतोष शर्मा समेत अन्य लोग मौजूद थे। इधर इस पहल की लोगों ने खूब सराहना की और इसे अनुकरणीय बताया।

# पुलिस ने अपहरण व डकैती की घटना को अंजाम देने वाले चार अपराधियों को किया गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

**बरही।** बरही पुलिस ने रविवार को अपहरण और डकैती की घटना को अंजाम देने वाले चार अपहताओं को गिरफ्तार किया। पुलिस ने मध्य विद्यालय के पास से सभी बदमाश को खदेड़ कर पकड़ा। इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी ललित कुमार ने बताया कि पुलिस को जानकारी मिली थी कि कुछ अपराधी प्रखंड परिसर स्थित पार्क मैदान में चोरी, डकैती व अपहरण की योजना बना रहे थे। सूचना पर त्वरित संज्ञान लेते हुए पुलिस दलबल के साथ उस स्थल पर पहुंची, लेकिन अपराधी वहां से निकल चुके थे। सूचना के अनुसार अपराधियों का धनबाद रोड स्थित मिडिल स्कूल के पास होने का पता चला था। जहां पुलिस के पहुंचते ही सात-आठ युवक इधर-उधर भागने लगे। इनमें से चार अपराधियों को पुलिस ने खदेड़कर पकड़ा। इंस्पेक्टर ने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों के पास से लोडेड कट्टा, चार मोबाइल, एक दो पहिया वाहन और एक चार पहिया वाहन बरामद किया गया। गिरफ्तार अपराधियों से पूछताछ के क्रम में एक अन्य अपराधी चौपारण के मरकेड़ी मोहल्ला निवासी मो अरशद का पता चला है। उसे उसके घर पर गिरफ्तार किया गया। उसके पास से भी एक लोडेड देसी कट्टा और मोबाइल बरामद किया गया।

## बरकट्ठा पुलिस ने तीन साइबर अपराधियों को दबोचा, अन्य 40 लोग नामजद



**बरकट्ठा।** प्रखंड में साइबर क्राइम रुकने का नाम नहीं ले रहा हैं। बरकट्ठा और गोरहर पुलिस के द्वारा दर्जनों साइबर अपराधियों को गिरफ्तार कर सलाखों में भेजा है बावजूद इसके साइबर अपराध रुकने का नाम नहीं ले रहा है। अब इस प्रखंड को छोटा जामताड़ा भी लोग कहने लगे हैं। इसी कड़ी में बरकट्ठा पुलिस ने तीन साइबर अपराधियों को फिर दबोचा हैं। जिसमें सचिन कुमार पिता राम प्रसाद महतो, योगेंद्र प्रसाद पिता महेंद्र मंडल, राजू कुमार पिता लालजी प्रसाद तीनो साकिन मासीपीढ़ी थाना बरकट्ठा निवासी शामिल हैं। इन तीनों आरोपियों के पास पुलिस ने 4मोबाइल व विभिन्न बैंको का 5 एटीएम बरामद किया है। बरामद मोबाइल में एडल्ट सर्विस के जरिये व्हाटसअप के माध्यम से लड़कियों की आपत्तिजनक तस्वीर विभिन्न व्यक्तियों को भेजकर उनसे स्कॉर्ट सर्विस के नाम पर पैसा लेने एवं पैसा नही देने पर फोटो एडिट/मॉर्फ कर उन्हें धमकी देने की पुष्टि पाई गई है। गिरफ्तार अभियुक्तों सहित कुल 40 व्यक्तियों के विरुद्ध बरकट्ठा थाना कांड संख्या 159/22 अंकित किया गया है। साथ ही पुलिस ने तीनो अभियुक्तों को मेडिकल जांच करवाकर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पुलिस सभी आरोपियों को तलाश रही है। इस बाबत थाना प्रभारी विक्रम कुमार ने बताया कि युवक साइबर क्राइम कर अपना भविष्य खराब कर रहे हैं।

## विहिप बजरंग दल का पंचायत कमेटी गठित, अध्यक्ष बने भोला राम



नवीन मेल संवाददाता

**बरकट्ठा।** प्रखंड के हनुमान मंदिर गैड़ा में रविवार को विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल का गैड़ा पंचायत कमेटी का गठन किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष संजय यादव व संचालन प्रखंड मंत्री सत्यम भारती ने किया। इस बैठक में मुख्य अतिथि जिला उपाध्यक्ष अरविंद मेहता, जिला सह मंत्री सह पालक गुरुदेव गुप्ता, जिला गौ रक्षा प्रमुख इंद्रदेव प्रसाद, प्रखंड धर्म प्रचार प्रमुख धीरज गुप्ता, मार्गदर्शन मंडली रामचंद्र प्रसाद चौधरी, बेलकप्पी मंत्री गणेश नायक उपस्थित हुए। जिसमे सर्वसम्मति से अध्यक्ष भोला राम, मंत्री अनंत कु पांडेय, संयोजक निरंजन कु राय, सत्संग प्रमुख पंकज कु राय, मिलन प्रमुख भोला नायक को बनाया गया। इस बैठक में मुखिया श्याम प्रसाद साव, उमेश पंडित, बलराम राम, गौतम नायक, विकाश गुप्ता, संजय साव, संदीप राय, राहुल कुमार, आशीष बर्णवाल, गंगाधर राम, टाइगर राय, अनंत पांडेय, दशरथ नायक समेत अन्य लोग उपस्थित हुए।

## चार बोरा अमोनियम नाइट्रेट बरामद, चार लोग गिरफ्तार




नवीन मेल संवाददाता

**कोडरमा।** जिले के डोमचांच थाना प्रभारी को गुप्त सूचना के आधार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध विस्फोटक के साथ चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। डोमचांच थाना प्रभारी अब्दुल्ला खान को मिली गुप्त सूचना पर उक्त कार्रवाई की गई। जयनगर रोड गेठीबाद के जंगल में बने मैगजीन से टैंपू में भरकर जिसका नंबर जे एच 12एल 9244 से तिलैया ले जा रहे थे। उसी बीच जांच में लगी पुलिस वाहन को देखकर टेंपु ड्राइवर भगाने लगा जब टेंपो ड्राइवर पकड़ लिया गया तो जांच में पता चला कि मुकेश मोदी के माध्यम से सारा विस्फोटक सामान लिया गया था जो पहले भी अवैध विस्फोटक पदार्थ में कई बार जेल जा चुका है। वहां तीन मोबाइल, तीन एक्स लोडर, चार उजला रंग प्लास्टिक का बोरा में अमोनियम नाइट्रेट 200 केजी बरामद किया गया। इन अभियुक्तों के विरुद्ध डोमचांच कांड संख्या 115 /22 के तहत धारा 4/5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम दर्ज किया गया। पकड़े लोगों में नाम टेंपो चालक इरफान (उम्र 34 वर्ष, पिता अब्दुल वासी साकिन जलवाबाद), सुभाष मेहता (पिता अशोक नारायण मेहता, साकिन पचगांव, डोमचांच), मुकेश मोदी (उम्र 50 वर्ष, पिता मुंशी मोदी, साकिन भीलवाड़ा थाना डोमचांच), विक्की कुमार (उम्र 30 वर्ष, पिता प्रकाश मोदी, ग्राम पांडेडीह, थाना हीरोडीह, जिला गिरिडीह) सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मनाया विश्व फार्मासिस्ट

# फार्मासिस्ट हैं जो हमारे स्वास्थ्य का ख्याल रखते हैं : सदर विधायक



नवीन मेल संवाददाता

**हजारीबाग।** विश्व फार्मासिस्ट दिवस शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल के पुराने ओपीडी भवन में फार्मासिस्ट एसोसिएशन ने 75वां फार्मासिस्ट दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि सदर विधायक मनीष जायसवाल, विशिष्ट अतिथि अधीक्षक डॉ विनोद कुमार, उपाधीक्षक डॉ एके सिंह ने किया। मौके पर फामेर्सी कॉलेज के छात्रों ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सदर विधायक कहा कि हम हेल्थ केयर के क्षेत्र में डॉ. भले दवा लिख सकते हैं। लेकिन मरीजों के दवा देने के काम फार्मासिस्ट का होता है। फार्मासिस्ट के बिना किसी भी मरीज को दवा नहीं दिया जा सकता है। फार्मासिस्ट हैं जो हमारे स्वास्थ्य का ख्याल रखते हैं। जेनेरिक दवा से मरीजों को लाभ हो रहा है। प्रधानमंत्री जेनेरिक दवा पर जोर दे रहे हैं। डॉक्टरों से आग्रह है कि मरीज हित को देखते हुए जेनेरिक दवा को लिखें ताकि मरीजों को कम लागत पर उसे उपलब्ध हो सके और वह स्वस्थ हो सके। कार्यक्रम के दौरान एसोसिएशन ने स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। संघ के अध्यक्ष सुजीत कुमार ने कहा कि जहां दवा वहां फार्मासिस्ट होना अनिवार्य है। अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप ने कहा कि सरकार फार्मासिस्ट के हित में सोचे और उसका बहाली निकालने की कवायद करे। कोषाध्यक्ष संतोष कुमार ने कहा कि सभी दवा दुकानों में निबंधित फार्मासिस्ट का होना ड्रग एक्ट 1945 के तहत आवश्यक है। कार्यक्रम को सफल बनाने में वरिष्ठ फार्मासिस्ट जयनारायण प्रसाद, सचिव विनय यादव, संरक्षक देवाशीष कुमार, पवन कुमार, मोहन कुमार, विमल कुमार जैन, रामप्रसाद, प्रभारी ज्ञान ज्योति फामेर्सी कॉलेज के प्रो नीतू सिन्हा, डॉ आलोक राज, उज्जवल कुमार, उमेश कुमार गुप्ता, कोमल प्रिया, बिहार फामेर्सी कॉलेज के प्रो मिथिलेश कुमार, डायरेक्टर विनोद झुनझुनवाला, तपेश्वर कमेटी के सदस्य कुणाल कुमार गुप्ता, राजेश कुमार, अनुज तिवारी, सुमन राणा, शहनाज, आरिफ फूल यामीन, आकांक्षा, जितेंद्र, राहुल, कामेश्वर, झब्बू, आशीष, उदय राम, शंकर शरण मिश्रा, गुलाम, राजेंद्र, विकास, मनोज, रवि जीवन, सूरज, मिथिलेश, ओमप्रकाश, अनु याकूब अली, भरत कुमार, संजय कुमार, विक्की, सुनील कर्म, जितेंद्र, सत्येंद्र, सौरव, अरुण, परमानंद आदि का योगदान अहम रहा।

### रक्तवीर सेवा संघ ने जरूरतमंदों को रक्त उपलब्ध करवाया

**कोडरमा।** रक्तवीर सेवा संघ के संस्थापक राम वर्णवाल के निर्देशन मे कुल चार यूनिट स्वैच्छिक रक्तदान जिला चिकित्सालय कोडरमा के रक्तकोष में डोनरो के माध्यम से करवाया गया। प्रमुख सहयोगी प्रवीण मोदी ने कहा कि आप जैसे रक्त दाताओं के वजह से ही हम जैसे समाजसेवियों का मनोबल हमेशा बढ़ता रहता है। संस्था द्वारा जिला चिकित्सालय कोडरमा के सदर अस्पताल मेडिकल वार्ड में भर्ती कुल चार मरीजों क्रमशः सुलेखा कुमारी जो एनीमिक है उनके लिए ओ पॉजिटिव मोंटी कुमार ने रक्तदान किया। प्रमोद कुमार ने 16 किलोमीटर का सफर तय करके रक्तदान किया। इन्होंने ओ पॉजिटिव पहली बार प्रीति यादव के लिए रक्त दान किया और तीसरा युनिट बोकारो निवासी चंद्रदेव कुमार ने नाजरीन खातून के लिए बी पॉजिटिव रक्त दान किया। चंद्रदेव कुमार ने पहली बार रक्त दान किया। चौथा यूनिट पीयूष भारती बेकोबार कोडरमा के निवासी थैलेसीमिया की मरीज है इनके लिए ओंमकार पांडे ने बी पॉजिटिव रक्त दान किया। परिजनों ने संस्थान टीम का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर राम वर्णवाल, गंगाधर राणा, प्रवीण मोदी, आबिद अंसारी, प्रमोद कुमार, बिट्टू कुमार, जैकी यादव, विकास यादव, दीपक रोशन, रघु सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## बूथ नंबर 50 में भाजपाइयों ने मनायी पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती, सुनी प्रधानमंत्री की मन की बात



नवीन मेल संवाददाता

**रामगढ़।** भारतीय जनता पार्टी के नेताओं एवम कार्यकर्ताओं ने 25 सितम्बर को जिलाभर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई । इसके अलावे प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को प्रसारित होने वाले मन की बात कार्यक्रम को सुना।इसके तहत बूथ नंबर 50 के अंतर्गत निवास करने वाले रामगढ़ विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी सह सांसद प्रतिनिधि रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू की उपस्थिति में उनके आवासीय कार्यालय में बूथ अध्यक्ष सह जिला मीडिया प्रभारी सत्यजीत चौधरी, बूथ न. 47, 48, 49, 51, 54, 55 के अध्यक्षों सहित दर्जनों कार्यकर्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की तस्वीर पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित किया। साथ ही प्रधानमंत्री मोदी के चर्चित मन की बात कार्यक्रम को ध्यानपूर्वक सुना। मौके पर उपस्थित कुंटू बाबू ने कहा की पंडित दीनदयाल उपाध्याय की सोच थी की देश के अंतिम पायदान वाले व्यक्तियों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचे जिससे देश का सर्वांगीण विकास हो। कहा कि आज उन्ही की राह पर चलते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को आगे बढ़ाते हुए योजनाएं लागू की है। जिसे हम आयुष्मान योजना, निःशुल्क अनाज वितरण और जनधन योजना के लागू किए जाने को देख कर समझ सकते हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से ओबीसी मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दीपक सोनकर, राजीव पामदत्त, महेश चौधरी, सुबोध सिंह, संजय श्रीवास्तव, बैजुनाथ सिंह, नवलकिशोर सिंह, सुरेंद्र शर्मा, अभिषेक चौधरी, गोविंद पांडेय, सुरजीत सिंह, नागेंद्र सोनकर, अरविंद सिंह, मणिशंकर ठाकुर सहित अन्य मौजूद थे।

# नमामि गंगे योजना के तहत 'घाट पर हाट' कार्यक्रम का हुआ आयोजन

○ उप विकास आयुक्त ने किया शुभारंभ

■ मातंगी परियोजना के तहत बनाए जा रहे अगरबत्तियों व गुलाल, जेएसएलपीएस व समाज कल्याण विभाग ने की उत्पादों की बिक्री



नवीन मेल संवाददाता

**रामगढ़।** नमामि गंगे योजना अंतर्गत आजादी के अमृत महोत्सव के तहत रविवार को मां छिन्नमस्तिका सिद्धपीठ रजरप्पा मंदिर परिसर में दामोदर एवं भैरवी नदी के संगम के समीप 'घाट पर हाट' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले के उप विकास आयुक्त नागेंद्र कुमार सिन्हा ने घाट पर हाट कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने मातंगी परियोजना के तहत नदियों तथा अन्य जल स्रोतों को स्वच्छ रखने के उद्देश्य से मंदिरों में श्रद्धालुओं द्वारा चढ़ाए जाने वाले फूल व पत्तियों के माध्यम से बनाए जा रहे अगरबत्ती व गुलाल, जेएसएलपीएस द्वारा बनाए जा रहे विभिन्न उत्पादों एवं आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं सहायिकाओं द्वारा पोषण को ध्यान में रखते हुए व झारखंड के पारंपरिक खाद्य व्यंजनों की बिक्री हेतु लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उप विकास आयुक्त ने लगाए गए स्टॉल की सराहना करते हुए स्टॉल पर प्रतिनियुक्त कर्मियों को विभिन्न उत्पादों व अन्य सामानों की बिक्री के दौरान आम जनों को उत्पाद की विशेषता एवं उनके लाभ के प्रति भी जागरूक करने का निर्देश दिया। मौके पर अंचल अधिकारी चितरपुर उदय कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी गोला संतोष कुमार, प्रखंड व अंचल स्तरीय अधिकारियों एवं कर्मियों सहित अन्य मौजूद थे।

## ग्रामीण विकास विभाग के संयुक्त सचिव की अध्यक्षता में समीक्षात्मक बैठक

# सभी पंचायतों में कम से कम एक खेल मैदान विकसित करने का निर्देश



नवीन मेल संवाददाता

**हजारीबाग।** राज्य में ग्रामीण विकास विभाग के द्वारा संचालित योजनाओं में अनुसमर्थन प्रदान करने हेतु राज्य ग्रामीण विकास अनुसमर्थन मिशन दल का गठन किया गया है। हजारीबाग जिला के लिए अरुण कुमार सिंह, संयुक्त सचिव, ग्रामीण विकास के अध्यक्षता में तीन सदस्यीय अनुसमर्थन दल गठित है जिनका तीन दिवसीय हजारीबाग जिला में भ्रमण कार्यक्रम निर्धारित है। इसी के आलोक में संयुक्त सचिव ,ग्रामीण विकास विभाग झारखंड सरकार के द्वारा हजारीबाग समाहरणालय सभागार में सभी प्रखंड विकास अधिकारी, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, प्रखंड समन्वयक प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की उपस्थिति में मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास,भीमराव अंबेडकर आवास योजना ,रूर्बन मिशन एवं सांसद आदर्श ग्राम योजना के बेहतर क्रियान्वयन को लेकर समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान संयुक्त सचिव ने सभी प्रखंड विकास अधिकारी से वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना के तहत सभी पंचायतों में कम से कम एक खेल मैदान विकसित करने के साथ सभी खेल मैदानों में चेंजिंग रूम और शौचालय निर्माण का भी निर्देश दिया। इस योजना के तहत सभी ग्रामों में कम से कम 5 योजनाओं में काम शुरू करवाने का भी निर्देश दिया गया ताकि लोगों को अपने आवास के नजदीक ही रोजगार मिल सके और पलायन की संभावना कमतर हो सके। बिरसा हरित ग्राम योजना की समीक्षा करते हुए उन्होंने शतप्रतिशत चिन्हित स्थानों में पौधारोपण करने का निर्देश दिया। उन्होनें संचालित योजनाओं का नियमित पर्यवेक्षण प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी एवं सहायक,कनीय अभियंता के द्वारा किए जाने की बात कही। अमृत सरोवर के संबंध में उन्होंने कहा कि यह एक धरोहर के रूप में विकसित किया जाना चाहिए ना कि योजना की तरह, इस योजना के मापदंडों के संबंध में विस्तृत रूप से चर्चा की गई।

प्रधानमंत्री आवास एवं भीमराव अंबेडकर आवास की समीक्षा करते हुए सभी प्रखंड विकास अधिकारी से लंबित आवासों को जल्द से जल्द को पूर्ण करने का निर्देश दिया। क्षेत्र में आवास निर्माण में जो भी समस्याएं आ रही है उसका स्थानीय रूप से निराकरण करने का भी निर्देश दिया। अपने दिन दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम में आज चौपारण और पदमा प्रखंड का भ्रमण है तथा कल केरेडारी और बड़कागांव प्रस्तावित है। इस दौरान वें उक्त प्रखंडो में चल रहीं योजनाओं का भौतिक निरीक्षण करेंगे।इस मौके पर नियाज अहमद, निदेशक, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण हजारीबाग, प्रभात कुमार, परियोजना पदाधिकारी, अली रजा खान, जिला समन्वयक प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण भी उपस्थित थे।

## नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो ने डाला ब्लीचिंग पाउडर का घोल व फिटकिरी



नवीन मेल संवाददाता

**रामगढ़।** नगर परिषद क्षेत्र के मुर्राम, कांकेबार के विभिन्न कुंओ में नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो ने ब्लीचिंग पाउडर का घोल एवम फिटकिरी डाला। मौके पर मनोज कुमार महतो ने बताया कि बरसात के दिनों में कुआं भर जाता है जिससे पानी दूषित हो जाता है। कहा इससे कीड़े लगने की अत्यधिक सम्भावना रहती है और इसका सेवन करने से हम एक गम्भीर बीमारी से भी ग्रसित हो सकते हैं। इसको मद्देनजर रखते हुए नगर परिषद क्षेत्र के सभी वार्ड के कुंओ में ब्लीचिंग पाउडर का घोल एवं फिटकिरी डाला जा रहा है। मौके पर उन्होंने गांव लोगों को जागरूक करते हुए बताया कि लोग अपने घर एवं आस-पड़ोस को स्वच्छ और साफ सुथरा रखें, जलजमाव न होने दें, नाले नालियों में कूड़ा न डालें, डस्टबिन पर ही कूडा डालें। उन्होंने कहा कि जलजनित रोग मच्छरों के कारण होते हैं। जहां पर गंदा पानी या गंदगी रहती है वहां मच्छर पनपते हैं। मौके पर वार्ड पार्षद सीता देवी, तेजपाल महतो, सुरेश महतो, शीतल महतो, अनिल पटेल, नीतीश निराला, लोकेश महतो, दिनेश महतो, मनीजर महतो, चतुरराम महतो, सुरेंद्र महतो, जीवनलाल कुशवाहा, गोपाल महतो, संजय गुप्ता, हुलास ठाकुर, शम्भू महतो, चेतलाल महतो, बुटन महतो आदि मौजूद थे।

## न्यूज गैलरी

### श्रमदान कर वनदुर्गा उद्गम स्थल महादान टोंगरी का किया पथ निर्माण

**बोलबा।** प्रखंड अंतर्गत मालसाड़ा पंचायत में पर पर्यटक स्थल वनदुर्गा की जन्म स्थान महादान टोंगरी उनकी बहन का निवास स्थली में मालसाड़ा के लोगों ने श्रमदान कर रोड का निर्माण किया गया। हर साल की भांति इस बार भी महादान डोंगरी में धूमधाम से विधिवत पूजा अर्चना की जाएगी। महादान टोंगरी में पुजारी भोंदा सिंह ने बताया कि वनदुर्गा स्थित दुर्गा मां का जन्म इसी टोंगरी में हुआ है जो कि वनदुर्गा 1806 की बात है। उसके बाद 1885 में मां समलेश्वरी का जन्म हुआ तब से पूजा पाठ हो रही है। यहां पर पत्थर से निर्मित शेषनाग भी हैं । मालसाड़ा के ग्राम वासियों का कहना है कि महादान टोंगरी को भी पर्यटक स्थल का दर्जा दिया जाए साथी यहां की मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था दी जाए। श्रमदान कर 700 मीटर सड़क बनाया गया जिसमें मुख्य तौर पर बन दुर्गा पूजा समिति के प्रबंधक केसरी सिंह, बनदुर्गा पूजा समिति अध्यक्ष जहुरण सिंह, बालगोविंद सिंह, कैलाश सिंह, जयराम सिंह, रामेश्वर सिंह, कृष्णा सिंह,संजय मिश्रा, गजेंद्र सिंह, बंदा सिंह, मंगल सिंह, अरुण सिंह, जगरनाथ सिंह अन्य ग्रामवासी उपस्थित थे।

### शंख नदी तट पर महापुरुष बलिदानियों को विहिप ने किया तर्पण

**पाकरटांड।** विश्व हिंदू परिषद पाकरटांड़ के द्वारा शंख नदी तट में रविवार को सामूहिक तर्पण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। पितृपक्ष के अंतिम दिन देश के बलिदानी महापुरुषों को याद करते हुए तर्पण किया गया। मौके पर राधे श्याम प्रसाद सहित कई विहिप के कार्यकर्ता उपस्थित थे। प्रखंड अध्यक्ष राधेश्याम प्रसाद ने कहा कि हम अपने पुरखों का श्राद्ध मनाते हैं। क्योंकि हम उनके वंशज हैं। हम अपने ऋषियों, मुनियों और धर्म गुरुओ का श्राद्ध मनाते हैं। क्योंकि हमे उनसे प्रेरणा मिलती है, लेकिन हमें उन वीर बलिदानियों का श्राद्ध सबसे पहले मनाना चाहिए। जिनकी वजह से हमारा अस्तित्व बचा हुआ है। इन वीर बलिदानियों मे वो शामिल हैं, जिनकी वजह से हमें आजादी मिली। 1947 के बाद वो वीर बलिदानी भी शामिल हैं। इनकी वजह से आजादी कायम है। मौके पर काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे जहां पर सभी लोगों ने सामूहिक रूप से तर्पण करते हुए उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना किया।

### शंख नदी संगम तट पर नेहरू युवा केंद्र ने चलाया स्वच्छता अभियान

**सिमडेगा।** नेहरू युवा केंद्र सिमडेगा के तत्वावधान में रविवार को स्वच्छ भारत मिशन 2.0 की प्रथम वर्षगांठ के शुभ अवसर पर स्वच्छ अमृत महोत्सव अंतर्गत सिमडेगा के शंख नदी के संगम स्थल पर साफ सफाई की गयी। इस मौके पर संगम स्थल पर फैली गंदगी को सभी नेहरू युवा केंद्र सिमडेगा के स्वयंसेवकों के द्वारा सफाई करते हुए उसे डस्टबिन में डाला गया साथ ही सभी लोगों को अपील की गई कि आसपास कहीं पर भी गंदगी दिखाई देती है तो उसे निश्चित जगहों पर फेंके जिससे कि माहौल साफ सुथरा रह सके।कार्यक्रम राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक पुनीता मिंज के द्वारा आयोजित की गई।इस अवसर पर सिमडेगा प्रखण्ड के विभिन्न युवा मंडल के सदस्यों ने बढ चढकर भाग लिया सभी युवाओं ने संगम स्थल को साफ कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरुक करने की शपथ ली। कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं ने अपने जिले सिमडेगा को स्वच्छ और सुन्दर बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में युवा मंडल और महिला मंडल गरजा, कटुकोना और तिलगा के सदस्यगण ने भाग लिया।

### नेहरू युवा केंद्र ने मनाया पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती

**बानो।** नेहरू युवा केंद्र सिमडेगा के तत्वावधान में रविवार को बानो प्रखण्ड में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक चंद्रकांता कुमारी के द्वारा आयोजित की गई। जिसमें बानो प्रखंड के विभिन्न युवा मंडल और महिला मंडल के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। सर्वप्रथम कार्यक्रम में तोरपा विधानसभा विधायक प्रतिनिधि शंकर सिंह ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के तस्वीर पर माल्यार्पण किया। तत्पश्चात सभी युवा मंडल सदस्यों के द्वारा उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित कर याद किया गया। इस अवसर पर शंकर सिंह ने युवाओं को पंडित दीनदयाल उपाध्याय के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पंडित जी एक समावेशित विचारधारा के समर्थक थे, जो एक मजबूत और सशक्त भारत चाहते थे। दीनदयाल उपाध्याय को भारत में गरीब-दलितों की आवाज भी कहा जाता था। उनका सपना था कि देश की हर जन कल्याणकारी योजना का लक्ष्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों के लिए योजनाएं बननी चाहिए। इस मौके पर प्रखंड के विभिन्न युवा मंडलों के सदस्य तथा महिला मंडल के सदस्यगण उपस्थित थे।

### वज्रपात की चपेट में आने से गाय की मौत

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा बांधटोली में बज्रपात के चपेट में आने से मवेशी की मौत घटने स्थल पर हो गया, गौपालक ने लगाया विभाग से आर्थिक सहायता का गुहार। सेन्हा थाना क्षेत्र अंतर्गत सेन्हा बाँध टोली में अचानक हुई वज्रपात जिसके संपर्क में आने से एक मवेशी की मौत हो गई। बताया जाता है कि बाँधटोली निवासी नन्दलाल महतो गाय को चरने के लिये घर के समीप खेत में बांधा था। कि अचानक मौसम खराब होने के पश्चात आकाशिय बिजली का गर्जन के साथ बज्रपात होने पर गौ पालक किसान के लिए नुकसान साबित हुआ। बज्रपात के संपर्क में आने से गाय की मौत मौके पर ही हो गई। इस घटना से गौपालक नन्दलाल महतो को 45 से 50 हजार का आर्थिक नुकसान होने की बात बताई जा रही है। बज्रपात के चपेट में आने से गाय की मौत होने की सूचना गौ पालक ने पशुपालन चिकित्सक को देते हुए मुआवजा के लिए गुहार लगाया। बताया जाता है कि गाय गर्भवती थी जिससे गौ पालक को काफी आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ रहा है।

### आपसी लेन-देन मामले में दो पक्षों में जोरदार मारपीट, दो घायल, रेफर

**कुडू - लोहरदगा।** कहा जाता है कि रिस्तेदारी में पार्टनरसीप व पैसा का हिसाब अपनो से भी बैर करा देता है। यह कहावत 25 सितंबर को कुडू चरितार्थ होते देखा गया। हमेशा एक साथ नजर आने वाले रिश्ते में चचेरा समधी आज पैसे की लेनदेन के कारण एक दूसरे से इस प्रकार भिड़े की दोनो गंभीर रूप से घायल हो रेफर हो गए। कुडू थाना क्षेत्र के मोजीम राय के पुत्र 38 वर्षीय सरफराज राय और उसका भाई का समधी हेंजला निवासी 40 वर्षीय नौशाद राय के बीच बोलेरो वाहन के खरीद-बिक्री के मामले के पहले कहा-सुनी और हल्की झड़प हुई। घटना के लगभग एक घंटे बाद कुडू मस्जिद के नजदीक एक कबाड़ी के दुकान परिसर में मामले का समाधान करने पहुचे दोनो पक्षो के बीच बात बनने के बजाय इस प्रकार बिगडी की दोनो पक्षो के बीच हुई जोरदार मारपीट दोनों चचेरे समधी गंभीर रूप से घायल हो गए, एक कि हालत काफी चिंताजनक बताया जा रहा है। दोनो को कुडू सरकारी अस्पताल से रिम्स रेफर किया गया।

## शारदीय नवरात्रि आज से शुरू, हाथी पर सवार होकर आएंगी मां दुर्गा





**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** पितृ पक्ष के बाद आज से शारदीय नवरात्रि की शुरूआत हो रही है। नवरात्रि एक संस्कृत शब्द है, जिसका अर्थ होता है 'नौ रातें'। इन नौ रातों और दस दिनों के दौरान, शक्ति की देवी के नौ रूपों की पूजा की जाती है। ये नौ दिन, भक्तों के लिए बहुत महत्व रखते हैं। भक्त इस महापर्व के लिए हर साल अतिउत्सुक रहते हैं और मां दुर्गा का स्वागत, पूर्ण भक्तिभाव से करते हैं ।

इस बार आश्विन मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि यानी सोमवार 26 सितंबर 2022 से नवरात्रि का महात्यौहार शुरू हो रहा है, जो बुधवार 5 अक्टूबर 2022 तक पूरे भक्तिभाव और हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। नवरात्रि में मां दुर्गा की पूजा से मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है और जीवन के सारे दुख-दर्द दूर हो जाते हैं। ज्योतिषियों का कहना है कि इस बार शारदीय नवरात्रि में मैय्या रानी, हाथी पर सवार होकर आएंगी।

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, नवरात्रि का प्रारंभ जब रविवार या सोमवार के दिन से होता है तो माता हाथी पर सवार होकर आती हैं। यदि नवरात्रि, गुरुवार या शुक्रवार से शुरू हों, तो माता रानी, पालकी में आती हैं। वहीं, नवरात्रि की शुरूआत अगर मंगलवार या शनिवार से होती है, तो माता घोड़े पर सवार होकर आती हैं। नवरात्रि अगर बुधवार से शुरू हों, तो माता रानी, नौका में सवार होकर आती हैं। ऐसी मान्यता है कि जब नवरात्रि में माता रानी, हाथी पर सवार होकर आती हैं, तो बारिश होने की संभावना बहुत बढ़ जाती है। इससे चारों ओर हरियाली छाने लगती है और प्रकृति का सौंदर्य अपने चरम पर होता है। तब फसलें भी बहुत अच्छी होती हैं। मैय्या रानी जब हाथी पर सवार होकर आती हैं, तो अन्न-धन के भंडार भरती हैं। माता का हाथी या नौका पर सवार होकर आना, भक्तों के लिए बहुत मंगलकारी माना जाता है।

नवरात्रि, हिन्दू धर्म के सबसे बड़े त्यौहारों में से एक है, जिसे परिवार के सभी सदस्य मिल-जुलकर मनाते हैं और देवी माँ से सुख-समृद्धि की कामना करते हैं। नवरात्रि का पर्व माानने से भक्तों में भक्तिभाव की वृद्धि तो होती ही है, साथ ही परिवार में आपसी प्रेम भी बढ़ता है। इस बार देवी मैया श्री दुगार्जी का प्रस्थान भी बुधवार 5 अक्टूबर 2022 को हाथी पर ही हो रहा है । यह भी बहुत ही शुभकारी है।

### मछली पकड़ने के दौरान नदी में डूबे वृद्ध का शव बरामद

**भंडरा/लोहरदगा।** थाना क्षेत्र के तेतरपोका गांव के समीप नंदनी जलाशय के माल्या गड्ढा में डूबे अधेड़ सोमे उरांव के शव को एनडीआरएफ की टीम ने खोज निकाला। सोमे उरांव नामक यह व्यक्ति शुक्रवार शाम को मछली पकड़ने के लिए जलाशय में गया था। अन्य लोगों के साथ वह फांसा जाल को एक किनारे से दूसरे किनारे ले जा रहा था। लेकिन उस जाल में वह स्वयं फंस गया। दो दिनों तक उसे खोजने का प्रयास किया गया। लेकिन ग्रामीणों के साथ पुलिस भी उसके शव को खोजने में नाकाम रही थी। एनडीआरएफ की टीम ने उसके शव को महज दो घंटे के मशक्कत के बाद घटना के तीसरे दिन रविवार को खोज निकाला। टीम के सदस्यों के अनुसार लाश जाल में ही फंसा था। शनिवार को दिन भर के मशक्कत के बाद भी लाश नहीं खोजा जा सका था। एनडीआरएफ की टीम ने उसे महज दो घंटे में खोज निकाला।

## जर्जर कच्ची सड़क कीचड़ से भरे होने के कारण ग्रामीणों को हो रही परेशानी



**नवीन मेल संवाददाता**

**जलडेगा।** प्रखंड के कोलोमडेगा आंगनबाड़ी केंद्र से फेकु बड़ाईक के घर होते हुए गिरजाटोली पहानटोली तक जाने वाली लगभग दो किमी जर्जर कच्ची सड़क कीचड़ से भरे होने के कारण ग्रामीणों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। रविवार को कोलोमडेगा चीक टोली निवासी सकुरण बीबी पति स्व. मोहम्मदजान मियां का अचानक तबीयत काफी खराब हो गया, जिसके कारण परिजन 108 एम्बुलेंस को फोन कर बुलाया, एम्बुलेंस मरीज को लेने गांव पहुंचा, परंतु एम्बुलेंस कीचड़ में फंस गया, जिसके बाद ग्रामीणों ने एम्बुलेंस को ढकेलकर मुख्य पथ तक पहुंचाया, ग्रामीणों में सबील मियां, बसंत साहू, महेन्द्र साहू, अणु मियां, सुहैल मियां, नरेन्द्र बड़ाईक सहित कई ग्रामीणों ने बताया कि जर्जर कच्ची सड़क तथा सड़क पर कीचड़ होने के कारण बीमार व्यक्ति को लाने ले जाने के साथ स्कूली बच्चों एवं ग्रामीणों को काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है ग्रामीणों ने यह भी कहा कि स्थानीय निवासीयों द्वारा सड़क के एक छोर पर लकडी रखा गया है और दूसरी छोर पर ऊँची मिट्टी से पानी का रास्ता अवरूद्ध कर दिया गया है।

जिसके फलस्वरूप बरसाती पानी नहीं निकल पा रहा है। वहीं आगे जाकर सड़क पर मुरूम गिराकर छोड़ दिया गया है। फलस्वरूप इससे ग्रामीणों की परेशानी बढ़ गयी है। ग्रामीणों ने बताया कि यहां पीसीसी पथ निर्माण की मांग पुर्व से ग्रामीणों द्वारा की जाती रही है। परंतु आश्वासन सिवाय अबतक पीसीसी पथ का निर्माण नहीं हो पाया। ग्रामीणों ने पंचायत के मुखिया एवं बीडीओ से पीसीसी पथ निर्माण की मांग की हैं। बताते चले की पंचायत के पूर्व मुखिया रोशन खड़िया मुखिया से पुनः सरपंच बन गए, मगर ग्राम पंचायत की स्थिति आज भी बेहतर नहीं है। स्वछ भारत अभियान के तहत बन रहे शौचालय भी अधूरा पडा हुआ हैं, जिसे कोई झाकने तक नहीं आता। लाभुकों के अनुसार शौचालय निर्माण कार्य फाइलों में फाइनल भी हो चुका है। बहरहाल लोगों की उम्मीदें अब उपायुक्त महोदय पर टिकी हुई है।

## आयुष ग्रामीण चिकित्सा संघ की ओर से जिला स्वास्थ्य संगोष्ठी का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** लोहरदगा शहरी क्षेत्र के राणा चौक स्थित एमएम मार्केट कांप्लेक्स स्थित न्यू लोहरदगा मेडिकल हॉल परिसर में रविवार को जिला स्वास्थ्य संगोष्ठी का सफल आयोजन किया गया। आयुष ग्रामीण चिकित्सा संघ की लोहरदगा जिला इकाई द्वारा आयोजित इस संगोष्ठी में हड्डी, नस, जोड़ और स्त्री रोग संबंधी मामलों पर स्थानीय मरीजों और जागरूक नागरिकों को चिकित्सकीय परामर्श दिया गया। दर्जनों मरीजों का संगोष्ठी में भागीदारी निभा रहे प्रख्यात चिकित्सकों द्वारा इलाज किया गया। संगोष्ठी में पारस हॉस्पिटल एचईसी रांची के हड्डी, जोड़ व नस रोग विशेषज्ञ डॉ अंकुर सौरव और स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ अंशु अग्रवाल द्वारा मरीजों का इलाज किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि स्थानीय स्तर पर हड्डी, जोड़, नस और स्त्री एवं प्रसूति विशेषज्ञ चिकित्सक की सेवा सहज उपलब्ध नहीं होने से जरूरतमंद मरीजों को परेशानी होती है। अब रांची पारस हॉस्पिटल के चिकित्सक प्रति माह दो दिन लोहरदगा में कैंप कर स्थानीय जरूरतमंद मरीजों को सफल इलाज करेंगे। संगोष्ठी में मौजूद जागरूक नागरिकों ने भी इस पहल के लिए चिकित्सकों का स्वागत कर उन्हें का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में आयुष ग्रामीण चिकित्सा संघ के जिलाध्यक्ष डॉ प्रसाद साहू, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ टी साहू, भगवान गिरी, शशिधर अग्रवाल, सचितानंद अग्रवाल, राहुल कुमार अग्रवाल, डॉ रोहित कुमार समेत बड़ी संख्या में शहर के जागरूक नागरिक मौजूद थे।

## काव्य संध्या : नगर परिषद की गोष्ठी में गूंजे 'स्वच्छता' के तराने

**कवियों और शायरों ने शहर की स्वच्छता को लेकर किया कविता पाठ**

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** नगर परिषद की ओर से एक विशेष काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। 'स्वच्छता' विषय पर इस अनूठी काव्य संध्या का आयोजन गुमला नगर परिषद के सभागार में संपन्न हुआ, जिसमें शहर के कवियों, कवयित्री एवं शायरों की सहभागिता रही।

**स्वच्छता विषय रहा केंद्र बिंदु :** यद्यपि इस काव्य गोष्ठी में देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता, हास्य, श्रंगार आदि विषयों पर भी कुछ-कुछ प्रस्तुतियां हुयीं, परंतु पूरी काव्य संध्या का मूल केंद्र-बिंदु स्वच्छता के इर्द-गिर्द ही रहा।

**गुमला स्वच्छ हो, मेरा गुमला स्वच्छ हो :** शहर के कवि आफताब अंजुम 'अजहर' ने काव्यात्मक प्रस्तुति 'हर एक घर में सफाई का लक्ष्य हो, गुमला स्वच्छ हो मेरा गुमला स्वच्छ हो' से पूरा सकारात्मक माहौल बना दिया। इसी प्रकार से शहर के प्रतिष्ठित रचनाकार अजय किशोर नाथ पांडेय 'बेबस' ने प्रस्तुति दी कि "स्वच्छ भारत मिशन को गतिमान होना चाहिए" और मकान बनाएं चाहे दो तल्ला, पर स्वच्छ रखें अपना मोहल्ला"। इसी तरह शहर की उभरती हुई कवयित्री सह नगर परिषद की 'स्वच्छता दूत' श्रीमती रुपाश्री शर्मा 'श्यामांगिनी', रिजवान 'असदकी', कमर 'गयावी', हरिशंकर 'प्रेम', सरफराज कुरैशी 'बेबाक' आदि ने भी अपनी प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे नगर परिषद के अध्यक्ष दीप नारायण उरांव ने भी शहर के प्रबुद्ध लोगों से 'स्वच्छ गुमला, सुंदर गुमला' की दिशा में सकारात्मक सहयोग की अपेक्षा की। कार्यक्रम का संचालन आफताब अंजुम 'अजहर' ने किया। शहर के साहित्यकारों ने नगर परिषद की इस पहल की सराहना की। इस मौके पर नगर परिषद के कर्मचारी गण भी मौजूद थे। स्वच्छता के संकल्प एवं सामूहिक राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

### साहित्यकार समाज को दिखाते हैं दिशा : ईओ

**इस मौके** पर कार्यपालक पदाधिकारी संजय कुमार ने सभी साहित्यकारों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि साहित्यकार वह प्रबुद्ध वर्ग है जो न केवल समाज में व्याप्त अव्यवस्थाओं व समस्याओं को सहज लोकभाषा में व्यक्त करते हुए निराकरण हेतु जिम्मेदार लोगों के समक्ष आवाज उठाते हैं, बल्कि अपनी लेखनी के माध्यम से समाज को भी सही दिशा देते हैं। इसीलिए शहर की स्वच्छता को लेकर समाज के सभी वर्गों को जागरूक करने के लिए यहां के साहित्यकार अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

## झारखंड फोटोग्राफी एसोसिएशन के दो दिवसीय वर्कशॉप का हुआ पोस्टर लॉन्चिंग

**लोहरदगा।** झारखंड फोटोग्राफी एसोसिएशन लोहरदगा द्वारा दो दिवसीय वर्कशॉप का आयोजन अक्टूबर महीने में होने जा रहा है। इस कार्यक्रम का पोस्टर लॉन्चिंग स्थानीय नटराज स्टूडियो में किया गया। जिसमें जिले के फोटोग्राफर एवं वीडियोग्राफर ने भाग लिया। मौके पर झारखंड फोटोग्राफिक एसोसिएशन लोहरदगा के अध्यक्ष प्रीतम कुमार ने बताया कि अगले महीने 8 एवं 9 अक्टूबर 2022 को दो दिवसीय वर्कशॉप का आयोजन अमला टोली स्थित गुप्ता स्टूडियो के शूटिंग हॉल में किया जाएगा। यह वर्कशॉप झारखंड के सभी फोटोग्राफी एसोसिएशन के सदस्यों के लिए निःशुल्क रहेगा जबकी संस्था से बाहर के फोटोग्राफरों के लिए 500 इंट्री फीस रखा गया है। इस वर्कशॉप का मेंटर झारखंड के प्रसिद्ध फोटोशॉप एक्सपर्ट एवं एडिटर बिनोद सोनी व रमेश कुमार होंगे। इनके द्वारा बेसिक व एडवांस फोटोशॉप, व कैमरे की बारीकियों के विषय में विस्तृत जानकारी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के माध्यम से जिले के फोटोग्राफर्स कैमरा और फोटोशॉप के बारीकियों को जान पाएंगे। जिससे फोटोग्राफर्स को लाभ होगा। मौके पर झारखंड फोटोग्राफी एसोसिएशन लोहरदगा के सचिव पवन कुमार, वरिष्ठ फोटोग्राफर बिनोद सोनी, अजय वर्मा, रवि खत्री, ज्ञान प्रकाश, प्रवीण प्रजापति, सरोज कुमार, जीवन मेहता, विजय कुमार, भावेश कुमार, राकेश कुमार सहित कई फोटोग्राफर उपस्थित थे।

## विद्या भारती का 33 वां प्रांतीय/क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता 27 से 30 सितंबर तक गुमला में

■ प्रतियोगिता में 800 खिलाड़ी भाग लेंगे



**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** 33 वां प्रांतीय/क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता 27 से 30 सितंबर तक गुमला में होगा। इस प्रतियोगिता में सरस्वती विद्या मंदिर के 800 छात्र-छात्रा खेल समागम में भाग लेंगे। इसके लिए व्यापक तैयारी की गई है। इस संबंध में विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान प्रांतीय इकाई विद्या विकास समिति झारखंड के द्वारा आयोजित खेल में झारखंड के सभी जिलों से बाल वर्ग, किशोर वर्ग के खिलाड़ी भाग लेंगे, वही तरुण वर्ग में झारखंड के सभी जिलों के अलावा बिहार के भी खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं। सभी प्रतिभागी का चयन विद्यालय स्तर पर चयनित होकर इस प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं। इस कार्यक्रम को लेकर व्यापक तैयारियां की गई है। खेल को लेकर विद्यालय परिवार के अलावा आम जनों में भी काफी उत्सुकता है। इस खेल को लेकर गुमला के नागरिकों के द्वारा जन सहभागिता निभाई गई है। इस कार्यक्रम का उद्घाटन 27 सितंबर को परमवीर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में विधिवत किया जाएगा। इस कार्यक्रम के उद्घाटन विद्या भारती उत्तर पूर्व के संगठन मंत्री ख्यालीराम, क्षेत्र के सचिव नकुल शर्मा, स्थानीय सांसद सुदर्शन भगत, विद्या विकास समिति के प्रदेश सचिव अजय कुमार तिवारी इस कार्यक्रम में अतिथि के रूप में उपस्थित होंगे। इस कार्यक्रम में सरस्वती विद्या मंदिर के भैया बहनों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुति की जाएगी एवं मार्च पास्ट, घोष बैंड का भी प्रदर्शन किया जाएगा। खेलकूद समारोह में दौड़ से संबंधित सभी स्पर्धा हैं होगी । इन स्पर्धाओं में दौड़ के अलावा गोला फेक, चक्का फेंक, भाला फेंक, तार गोला सहित लंबी कूद ऊंची कूद की भी प्रतियोगिता होगी। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों का आना शुरू हो गया है। कार्यक्रम को लेकर सुरक्षा एवं सफाई एवं खानपान की विशेष व्यवस्था की गई है। इसके लिए समिति का गठन किया गया है। आयोजन समिति ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी दी कि इस प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागी अखिल भारतीय स्तर का प्रतियोगिता में भाग लेंगे। आयोजक ने बताया कि इस प्रतियोगिता में कई ऐसे खिलाड़ी हैं जो ओलंपिक गेम में गए हुए हैं। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में विभाग निरीक्षक अखिलेश कुमार, प्रबंध समिति के अध्यक्ष विजय बहादुर सिंह, प्रबंध समिति के अमूत मेटे, प्रधानाचार्य संजीव कुमार सिन्हा, भोला दास, अनिल कुमार, राजकुमार निधि सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

पर्यटन स्वच्छता पखवाड़ा के तहत आयोजित रैली में बोले पद्मश्री मुकुंद नायक-

## लोगों के सहभागिता के साथ ही सिमडेगा को स्वच्छ बनाने में मिलेगी मदद




**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** पर्यटन कला संस्कृति खेलकूद युवा कार्य मंत्रालय झारखंड सरकार के निर्देश पर सिमडेगा में 16 सितंबर से लगातार पर्यटन स्वच्छता पखवाड़ा चलाया जा रहा है जो लगातार चल रही है। रविवार को कार्यक्रम के तहत सिमडेगा में स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया। स्वच्छता रैली की शुरूआत सिमडेगा केलाघाघ मोड़ से शुरू हुई जहां पर मुख्य अतिथि के रूप में पदम श्री मुकुंद नायक उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत विधिवत स्वच्छता गीत के साथ शुरू हुई इस मौके पर मुख्य रुप से डीडीसी अरुण वाल्टर सांगा, अनुमंडल पदाधिकारी महेंद्र कुमार, एनडीसी राजेंद्र कुमार सिंह खेल पदाधिकारी प्रवीण कुमार, नगर अध्यक्ष पुष्पा कुल्लू, उपाध्यक्ष ओम प्रकाश साहू, नगर प्रबंधक प्रफुल्ल बोदरा सहित स्कूली बच्चे एनसीसी कैडेड तथा खिलाड़ी उपस्थित रहे। मौके पर पदम श्री के द्वारा स्वच्छता गीत जाकर वहां पर उपस्थित लोगों को झूमने पर विवश कर दिया इस मौके पर सभी प्रशासनिक अधिकारी जनप्रतिनिधि सहित सफाई कर्मी उनके स्वच्छता गीत पर झूमते हुए नजर आए मौके पर संबोधित करते हुए पदम श्री मुकुंद नायक ने कहा सिमडेगा के माटी के पुत्र होने के नाते मेरा कर्तव्य बनता है कि मैं अपने समाज अपने देश अपने सभी लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करूं। जिला प्रशासन की यह पहल सराहनीय है। इस प्रकार का आयोजन करने से समाज में सफाई के प्रति लोगों के अंदर जागरूकता बढ़ेगी और गली मोहल्ला चौक चौराहा सहित पूरा देश स्वच्छ भारत अभियान का जो मिशन है उसे पूरा करेगी। डीडीसी ने संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन करने का एकमात्र उद्देश्य है कि आसपास की फैली गंदगी को लोग सामने से एक अपनी जवाबदेही समझकर साफ करें और इसी उद्देश्य के लिए कार्यक्रम किया गया।

इधर नगर अध्यक्ष पुष्पा कुल्लू ने बताया कि सिमडेगा नगर परिषद द्वारा भी शौर्य सिमडेगा के रूप में स्वच्छता अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है जिसके तहत शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में प्रत्येक दिन लोगों को जागरूक करने के साथ साफ सफाई की जा रही है। अनुमंडल पदाधिकारी सा कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद महेंद्र कुमार ने कहा कि हमें सजग नागरिक का कर्तव्य पालन करने की आवश्यकता है और इसके लिए सभी लोगों को इस अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेकर अपने समाज अपने घर तथा आसपास को पूरी तरह से साफ रखने है।

वही स्वच्छता रैली मुख्य पथ होते हुए सिमडेगा बस स्टैंड पहुंची। जहां पर बस स्टैंड के फैली गंदगी को सभी पदाधिकारी एवं कर्मचारियों के सहयोग से सफाई किया गया। जिसके बाद नगर भवन में कार्यक्रम का समापन किया गया इस मौके पर पदमश्री के गीतों पर सभी लोग रखते हुए देखे गए इसके बाद पेंटिंग प्रतियोगिता का विभिन्न स्कूली बच्चों के बीच आयोजन किया गया तथा कार्यक्रम के समापन की गई। दौरान वार्ड पार्षद शीला टोप्पो, निशा देवी, सहित काफी संख्या में लोगों की उपस्थिति रही।

## महाराजाधिराज भगवान अग्रसेन की जयंती आज, निकलेगी भव्य शोभायात्रा



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** अग्रवाल सभा के तत्वावधान में स्थानीय अग्रसेन भवन में महाराजाधिराज भगवान अग्रसेन की 5146 वीं जयंती समारोह 26 सितंबर सोमवार को धूमधाम से मनायी जाएगी। जयंती समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में जिले के उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, विशिष्ट अतिथि में पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार होंगे। जयंती समारोह में कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की जाएगी। वही समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करने का कार्य अग्रवाल सभा के द्वारा किया जाएगा। इस दौरान समाज के गणमान्य बुजुर्गों को सम्मानित किया जाएगा। जयंती महोत्सव के अवसर पर सुबह सात बजे भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा अग्रसेन भवन से शुरू होकर शहर के विभिन्न क्षेत्रों से गुजरेगी। हाथों में अग्र ध्वज व पताका लिए अग्रवाल समाज के युवक, युवती, महिला पुरुष इसकी अगुवाई करेंगे। समारोह को अंतिम रूप देने को लेकर रविवार को अग्रसेन भवन में अग्रवाल सभा के महिला - पुरुष के सदस्यों की बैठक हुई। जिसमें कार्यक्रम पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। साथ ही समाज के सभी लोगों को कार्यक्रम में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने की अपील की गई। उक्त जानकारी सभा के संरक्षक चंद्रशेखर प्रसाद, अध्यक्ष प्रोफेसर परमानंद अग्रवाल, अग्रवाल सभा संरक्षक अजय कुमार मित्तल ने दी। उन्होंने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री श्री 1008 श्री महाराजा अग्रसेन का जयंती उत्सव आज लोहरदगा अग्रसेन भवन में आहूत किया गया है। जिसमें महाराजा अग्रसेन का पूजा-हवन, आरती एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा। विभिन्न रंगारंग कार्यक्रम तथा मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। बैठक में चंद्रशेखर अग्रवाल, प्रोफेसर परमानंद अग्रवाल, अजय कुमार मित्तल, प्रदीप कुमार, दिनेश कुमार, दीपक अग्रवाल, कमल अग्रवाल, राहुल कौशल, अधिवक्ता रमेश अग्रवाल, अविनाश कुमार, कंचन अग्रवाल, आरती अग्रवाल, नीति भारतीय, गंगा अग्रवाल, विशुन अग्रवाल, इंदु अग्रवाल, खुशबू अग्रवाल, राखी अग्रवाल, नीतू अग्रवाल, रिया कुमारी, रितु अग्रवाल, सहित अन्य उपस्थित थे।

# नवरात्रि को लेकर सजा बाजार, कलश स्थापना आज

## पूजा-पंडालों के निर्माण कार्य जोरों पर, माता की प्रतिमा को रूप देने में जुटे हैं कलाकार, जमकर हो रही खरीदारी



फोटो: भवानी संघ के द्वारा बनाया जा रहा पूजा पंडाल



फोटो: पूजा सामग्री दुकान की तस्वीर

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** दुर्गा पूजा हिंदू समुदाय का यह सबसे बड़ा समारोह और उत्सव है। हमारा भारत त्योहारों और उत्सवों का देश है। देश का हर समाज समुदाय अलग-अलग त्यौहार पर मनाया जाता है। देश के हर समाज में परंपरागत और सांस्कृतिक का गहरा रंग है। तथापि दुर्गा पूजा दशहरा का अलग महत्व है। देश का एक बड़ा भाग श्रद्धा और उत्साह से सराबोर हो जाता है। पर इस वर्ष का दुर्गा पूजा का दशहरा कई मामलों में अलग से दिखाई नजर आ रहा है। कई पाबंदियां घोषित की है। जिले में दुर्गा पूजा की तैयारी अंतिम चरण पर हो गई है। कलश स्थापना के के लिए श्रद्धालु पूरी तरह से तैयार है। जिला में दुर्गा पूजा समिति के तहत लगभग छोटे बड़े सभी समितियां तैयार है। इधर मां गढ़ देवी धार्मिक न्यास गढ़वा ने मां दुर्गा की प्रतिमा की स्थापना को लेकर मां गढ़ देवी मंदिर के प्रांगण में बैठक आयोजित की गई। जिसमें जिले में इस वर्ष मां गढ़ देवी मंदिर धार्मिक न्यास गढ़वा में दुर्गा पूजा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। यह निर्णय धार्मिक न्यास एवं दशहरा पूजा समिति के संयुक्त बैठक में ली गई है। बैठक में यह निर्णय लिया गया है। मंदिर में कन्या पूजन , बली पूजन, मुंडन इत्यादि पूजन का आयोजन होगी। मां गढ़ देवी मंदिर में 26 सितंबर दिन सोमवार को प्रतिपदा कलस स्थापना 11.24 से 12.42 के बीच होगी। जबकी 2 अक्टूबर सप्तमी के दिन सुबह 10.30 बजे नदी गमन, नवपत्रिका स्नान पूजन सप्तमी पूजन, पाठ, बली पूजन, आरती एवं पुष्पांजली होगी। अष्टमी को पूजन, पाठ, आरती, पुष्पांजली एवं अपराह्न 03.40 बजे संधि पूजन, 03.59 बजे महादीप दान एवं पुष्पाजलि होगी। जबकि नवमी को पूजन, पाठ, हवन, बलि पूजा, आरती होगी जबकि दशमी को पूजन, नवपत्रिका विसर्जन एवं सायं 4.30 बजे मूर्ति विसर्जन किया जाएगा।

### शारदीय नवरात्र को लेकर सजे बाजार

शारदीय नवरात्र को श्रद्धालुओं ने तैयारी शुरू कर दी है। बाजार सज गए है। श्रद्धालु खरीददारी में जुट गए है। मंदिरों को भी सजाया जा रहा है। बाजारों में नारियल, चुनरी के अलावा व्रत में प्रयोग होने वाली सामग्री की बिक्री हो रही है। नवरात्र के दौरान माता रानी को प्रसन्न करने के लिए श्रद्धालु कलश स्थापना, अंखड ज्योति, माता की चौकी आदि तरह के पूजा अर्चना करते हैं। नवरात्र पर्व को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह है। बाजारों में खरीददारी करने के लिए महिलाएं जा रही है। जो विभिन्न प्रकार की मन मोह लेने वाली पूजा के लिए कलश, नारियल, चुनरी, रोली, पान, घी, धूप बत्ती, अगरबत्ती, लोंग, सुपारी, कपूर सहित पूजा में इस्तेमाल होने वाली सभी सामग्री खरीद रहे है। नौ दिन के व्रत में अन्न से परहेज किया जाता है, इसलिए बाजार में, फल, व्रत के अन्य सामानों की भी दुकानें सज गई है। इस बार त्योहार पर बाजारों में भीड़ देखने को मिली है। शहर में बाजार आदि स्थानों पर नवरात्र की खरीदारी हो रही है।

# न्यूज गैलरी

### आज होगा जेलहाता में डेंटल हाउस का शुभारंभ

**मेदिनीनगर।** स्थानीय जेलहाता में एसबीआई बैंक के पास सोमवार को दोपहर 12 बजे डेंटल हाउस का शुभारंभ किया जायेगा। शहर में पहली बार इस तरह का मल्टी सुविधाओं से लैस डेंटल हाउस का शुभारंभ हो रहा है । जहां ख्याति प्राप्त दंत विशेषज्ञ के द्वारा दांत से जुड़े सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा।। ये जानकारी डेंटल हाउस के डॉ आकृति ने दी। उन्होंने बताया कि शहर में डेंटल समस्याओं के समाधान के लिए एक विश्वस्तरीय मल्टी सुविधाओं से पूर्ण क्लीनिक की कमी थी। जिसके कारण यहां के मरीजों को बाहर जाना पड़ता था। जिससे मरीजो को समय के साथ ईलाज में अधिक मूल्य भी लगता था। लेकिन अब शहर में ही मल्टी स्तरीय सुविधाओं से लैस क्लीनिक खुल जाने से यहां के लोगों को काफी सुविधा होगी। उन्होंने बताया कि क्लीनिक में सभी दंत विशेषज्ञ के निगरानी में ईलाज किया जायेगा। उन्होंने आमजनों को इस अवसर पर डेंटल हाउस में आमंत्रण भी दिया है।

### स्व. रामानुज दुबे की पुण्यतिथि पर गरीबों के बीच भोजन का वितरण

**मेदिनीनगर।** चैनपुर प्रखण्ड अन्तर्गत पूर्वडीहा खिरीबार गांव निवासी स्व. रामानुज दुबे के पुण्यतिथि पर उनकी पुत्री सुष्मिता तिवारी व उनके पुत्र अंशराज तिवारी द्वारा शहर के रेड़मा ओवर वृज के नीचे, छह मुहान चौक स्थित काली मंदिर व हॉस्पिटल चौक स्थित शनि मंदिर के पास गरीब असहाय लोगों के बीच भोजन कराया गया। इस कार्य में अधिवक्ता सुष्मिता तिवारी के साथ अधिवक्ता नील सिंह,अधिवक्ता पायल लाठ ने भी गरीबों को भोजन कराने में उनका सहयोग दिया। मौके पर उपस्थित अधिवक्ता सुष्मिता तिवारी ने कहा कि वे प्रत्येक वर्ष अपने पिता के पुण्यतिथि पर गरीब व असहाय व्यक्तियो को भोजन कराती हैं। इनके पिता का कहना था कि जीवन में लोगों को हमेशा समाजिक व समाजसेवा का कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मेरे पिताजी स्वर्गीय रामानुज दुबे एक सामाजिक व्यक्ति थे,जो गरीबों और असहायों का हमेशा मदद करते थे। उन्हीं के नाम पर आज में चल रही हूँ। ताकि मेरे पिता के आत्मा को शांति मिल सके।

### नर्सिंग प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा 2022 संपन्न

**मेदिनीनगर।** झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा बोर्ड रांची द्वारा नर्सिंग प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा 2022 संपन्न हुई। मेदिनीनगर एमके.डीएवी. पब्लिक स्कूल को केंद्र बनाया गया । इस केंद्र पर कुल 720 परीक्षार्थी शामिल हुए। जिसमें 680 परीक्षार्थी उपस्थित एवं 40 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इस केंद्र पर परीक्षार्थियों को समयानुसार निरीक्षण के पश्चात प्रवेश देकर परीक्षा शुरू कराई गई। इलेक्ट्रॉनिक गजट एवं अन्य किसी भी सामग्री की मनाही के साथ परीक्षार्थी परीक्षा कक्ष में प्रवेश किए। शिक्षिकाओं ने महिला परीक्षार्थियों की जांच की। केंद्र पर मजिस्ट्रेट के रूप में प्रकाश कुमार खलखो, जिला कृषि अभियंता पलामू एवं हवलदार कांस्टेबल अंबिका राम सुरक्षा दल के साथ उपस्थित थे। केंद्र अधीक्षक डॉ. जीएन खान ने केन्द्र का निरीक्षण कर कदाचार मुक्त परीक्षा का वातावरण बनाया।

### आइसा चलायेगा सघन सदस्यता अभियान : त्रिलोकीनाथ

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के मुख्यालय स्थित लालचंद साहू भवन में आइसा की बैठक संपन्न हुई । बैठक में विभिन्न प्रखंडों व इकाइयों से कामकाज रिर्पोटिंग की गई तथा आगे संगठन विस्तार पर जोर दिया गया । कमेटी में सदस्यता अभियान के साथ आगामी 20 नवंबर को होने वाले राज्य सम्मेलन पर भी चर्चा की गई। वहीं नई शिक्षा नीति, फी बढ़ोतरी छात्रवृत्ति के मुद्दे , नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय की नियमित सत्र चलाने हेतु आइसा की आंदोलन तेज करने पर विचार विमर्श भी किया गया। वही बैठक मे राज्य सचिव त्रिलोकीनाथ ने संगठन विस्तार पर जोर देते हुए कहा कि पूरे जिले मे संघन सदस्यता अभियान चलाया जाये। राज्य सम्मेलन मे ज्यादा भागीदारी हो। बैठक में मुख्य रूप से पूर्व जिला सचिव सह प्रमंडलीय प्रभारी रंजीत कुमार सिंह,जिला सचिव गौतम कुमार दांगी, जिला अध्यक्ष गुड्डू कुमार ,जिला उपाध्यक्ष ममता कुमारी चैनपुर प्रखंड के प्रभारी अमलेश कुमार, पाटन प्रखंड प्रभारी कंचन कुमार,हरिहरगंज संयोजक धर्मेन्द्र गुप्ता,जे एस कॉलेज प्रभारी विवेक कुमार, जीएलए कॉलेज प्रभारी अभय सिंह, कमेटी सदस्य दानिश खान,अर्पित कुमार,माया, कुमारी समेत सभी जिला कमिटि सदस्य उपस्थित रहे।

### भाकपा ने नई राज्य कमेटी का किया गठन

**मेदिनीनगर।** भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी का राज्य सम्मेलन हजारीबाग में संपन्न हुआ । जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ कम्युनिस्ट नेता सूर्य पत सिंह ने किया । सम्मेलन में 45 सदस्य नई राज्य कमेटी का गठन किया गया । एवं 9 सदस्य कंट्रोल कमीशन का गठन किया गया। सम्मेलन में पलामू जिला सचिव रुचिर कुमार तिवारी ने एक प्रस्ताव पेश किया । जिसके तहत उन्होंने कहा कि पलामू जिला में भूमि हदबंदी कानून के तहत गरीबों एवं दलितों के बीच बांटा गया भूमि अवैध रूप से पूर्व जमींदार परिवार के द्वारा बिक्री हो रही है। वहीं वर्षों से रह रहे गैरमजरूआ जमीन गरीबों एवं दलितों को उसका मालिकाना हक नहीं मिला है एवं वन अधिकार कानून के तहत बर्षो से जोत रहे वनभूमि को उसको वन पटा दिया जाए । हेमंत सरकार के द्वारा किया गया वादा शिक्षित बेरोजगारों को बेरोजगारी भत्ता भत्ता दिया जाए। जिससे सर्वसम्मति से पास किया गया। प्रमाण समिति के संयोजक रुचिर कुमार तिवारी ने प्रमाण समिति के रिपोर्ट में सम्मेलन को वैध करार दिया। जिसे सम्मेलन में पास किया। पलामू जिला से 5 प्रतिनिधियों को जिसमें रुचिर कुमार तिवारी जितेंद्र सिंह, सुरेश ठाकुर, राजेंद्र बैठा, पूरन चंद साव, राज परिषद के लिए प्रतिनिधि चुना गया। अंत में सर्वसम्मति से महेंद्र पाठक को राज्य सचिव चुना गया। कामरेड रूचर कुमार तिवारी ने उन्हें बधाई दी और माला पहनाकर स्वागत किया। साथ ही पर्यवेक्षक साथियों में नागेंद्र नाथ ओझा, डॉ भालचंद्र कांगो को माला पहनाकर स्वागत किया।

### बंगाली समिति व मासूम ग्रुप ने लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर

**मेदिनीनगर।** बंगाली समिति और मासूम आर्ट ग्रुप के द्वारा रविवार को स्थानीय दुर्गा बाड़ी में कलाकारों के लिये सुबह 11 बजे से शाम 3 बजे तक भगवान महावीर मेडिका हॉस्पिटल के सहयोग से स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। इस अवसर पर जिला प्रशासन के सहयोग से कलाकारों के लिए आधार व वोटर कार्ड लिंक व आधार अपडेट कैम्प भी लगाया गया। इसका उदघाटन सदर एसडीओ राजेश कुमार साह, एनडीसी शैलेश सिंह, मेडिका के डॉ केसी लाल, डॉ अमित कुमार, डॉ सुरेश, वरीय कलाकार राजाराम मिश्रा, सचिदानंद तिवारी, आशुतोष पांडेय, श्यामलाल मिश्रा, शर्मिष्ठा सिन्हा, प्रेम प्रकाश, प्रेम भसीन, पूर्व सैनिक सह समाजसेवी ब्रजेश शुक्ला, बंगाली समिती के प्रभाष रंजन दाशगुप्ता, कवि नवीन सहाय ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

# बच्चा चोर का अफवाह सुर्खियों में हैं बेवजह अफवाह न फैलायें : एसआई

### बगड़ु थाना परिसर शांति समिति की हुई बैठक

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** बगड़ु थाना परिसर में आगामी दुर्गा पूजा त्यौहार को लेकर शांति समिति की बैठक किया गया। शांति समिति की बैठक में सभी समुदाय के गणमान्य एवं शांति समिति के सदस्यगण शामिल होकर दुर्गा पूजा त्यौहार शांतिपूर्ण व आपसी भाईचारा के साथ मनाने को लेकर चर्चा की गई। मौके पर थाना प्रभारी विश्वजीत कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से बैठक में उपस्थित सदस्यों व क्षेत्र के गणमान्य लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि त्योहार के दौरान खासकर युवकों को कानून का अनुपालन करने व शांतिपूर्ण तरीके से दोनों त्योहार मनाये जाने हेतु अपील करते हुए कहा गया कि किसी प्रकार के विवाद उत्पन्न न करें, विवाद उत्पन्न होने पर तत्काल इसकी सूचना बगडु थाना को दें ताकि त्वरित गति से कार्रवाई की जा सके। कहा गया कि दुर्गा पूजा को लेकर कार्यक्रम स्थल पर नजर रखी जाएगी। साथ ही क्षेत्र में शराब बिक्री पर पूरी तरह से प्रतिबंध रहेगा। जो लोग आदेशों का अनुपालन नहीं करेंगे वैसे लोगों के विरुद्ध चिन्हित कर कानूनी कार्रवाई किया जाएगा। इन दिनों बच्चा चोर का अफवाह सुर्खियों में है लोग बेवजह अफवाह न फैलायें बच्चा चोर की बात महज एक अफवाह और बेबुनियाद है। क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाकर रखें अफवाहों पर ध्यान न दें। यदि ऐसी कोई भी शिकायत मिले तो इसकी सूचना तत्काल पुलिस प्रशासन को दें ताकि शीर्ष पहल किया जा सके। मौके पर एसआई अब्राहम अल्मा मुरमू,ए एस आई नथुनी बैठा,रंथू उराँव,आर एस तिवारी,समाजसेवी मुस्ताक अहमद,पवन सिंह, ब्यास साहू, अनिल साहू,राजमणि उराँव, इसरार अहमद, संतु साहू, रितेश, पवन सिंह, विनय,विजय, बबलू, राजू, अजय, बलराम महतो,कुलदीप उराँव,व अन्य मौजूद रहे।

### मनिका में दो बाइक की टक्कर में 2 व्यक्ति गंभीर रूप से घायल

**लातेहार।** जिला के मनिका प्रखंड स्थित हीरो हौंडा शोरूम के पास रविवार संध्या 4:00 बजे बाइक का अचानक संतुलन खराब हो जाने के कारण दो बाइक में आमने-सामने की टक्कर हो गई। जिसमें दोनों घायल हो गए। घायल व्यक्ति मोहरंग सिंह उम्र 20 वर्ष पिता जोगेश्वर सिंह घर माइल मटलोग बताया जा रहा है। वही दूसरा घायल हुआ रामनिवासी सिंह उम्र 20 वर्ष पिता धीरीपनाथ सिंह हेहेगडा बताया जा रहा है। वही मनिका पुलिस पेट्रोलिंग के दौरान घायल व्यक्ति को मनिका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। डॉक्टर ने दोनों को प्राथमिक उपचार करने के बाद स्थिति को देखते हुए सदर अस्पताल डालटेनगंज रेफर कर दिया गया है।

### दुमका प्रशासन ने ऐड-टेक कंपनी फिलो के साथ किया समझौता

# व्यक्तिगत करियर काउंसेलिंग की मिलेगी सेवाएं

### छात्रों की लर्निंग और परफॉरमेंस में होगा काफी सुधार

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** दुमका जिला प्रशासन ने सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले 11वीं और 12वीं कक्षा के 2000 से अधिक छात्रों के लिए इंस्टेन्ट लाईव ट्युटरिंग ऐप फिलो के साथ एक एग्रीमेन्ट पर हस्ताक्षर किया है। इससे छात्रों की लर्निंग और परफोर्मेन्स में सुधार होगा। फिलो का व्यापक लर्निंग प्रोग्राम को नीति आयोग द्वारा वित्तपोषण प्राप्त है। इस प्रोग्राम को छात्रों के लिए निःशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा। जिससे छात्र अनुभवी अध्यापकों एवं विषय विशेषज्ञों के साथ सीधे जुड़ सकेंगे, जो उन्हें बोर्ड और जेईई एवं नीट जैसी परीक्षाओं की ऑनलाईन तैयारी में मदद करेंगे। यह प्रोग्राम छात्रों को फिलो ऐप का निःशुल्क एक्सेस देगा, जिससे छात्र 247 प्रोफेशनल ट्यूटर की मदद लेकर अपने सवालों को हल कर सकेंगे और अवधारणाओं को बेहतर तरीके से समझ सकेंगे। हिंदी में नियमित ऑनलाईन कक्षाओं के साथ-साथ छात्रों को अपनी पसंद के मल्टीमीडिया डिवाइस (मोबाइल, टेबलेट) से फिलो ऐप का एक्सेस भी मिलेगा। फिलो ऐप के जरिए वे 60 सैकण्ड से भी कम समय में एक अनुभवी एवं प्रशिक्षित ट्यूटर के साथ वीडियो पर जुड़ जाएंगे तथा व्यक्तिगत रूप से अपने सवालों को हल कर सकेंगे।

### एजुकेशन कंटेंट का लाभ भी उठा सकेंगे छात्र

फिलो छात्रों को गणित, भौतिकी, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान और अंग्रेजी जैसे विषय पढ़ने के लिए ट्यूटर्स का अनलिमिटेड एक्सेस देता है। जिले के छात्रों को करियर के चुनाव के लिए व्यक्तिगत काउन्सलिंग सैशन भी मिलेंगे, साथ ही वे ऑनलाईन मॉक टेस्ट सीरीज, क्वश्चन बैंक एवं क्लास नोट्स के रूप में एजुकेशन कंटेंट का लाभ भी उठा सकेंगे। डीडीसी और एक्जक्टिव ऑफिसर, जिला परिषद, दुमका कर्न सत्यार्थी ने कहा कि यह प्रोग्राम दुमका के छात्रों के लिए उपयोगी साबित होगा और उन्हें अपने करियर में नई उंचाईयों तक पहुंचने में मदद करेगा। फिलो के सह-संस्थापक इम्बेसट अहमद ने कहा कि जिले में हायर-सैकण्डरी छात्रों के परफोर्मेन्स को बेहतर बनाने के लिए हमें दुमका प्रशासन के साथ काम करने का मौका मिला है। इससे छात्रों को बोर्ड एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में मदद मिलेगी।

# बरवाडीह के सभी बूथों पर मनायी गयी पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जंयती

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरवाडीह।** प्रखंड भारतीय जनता पार्टी मंडल अंतर्गत सभी बूथों में भाजपा के संस्थापक रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती समारोह के साथ-साथ प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सभी बूथों पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जंयती समारोह कार्यक्रम के दौरान उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई। वही श्रद्धांजलि कार्यक्रम के बाद प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम का आयोजन किया गया जहां सभी पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्ता और समर्थकों के साथ साथ सभी बूथों पर स्थानीय लोगों ने प्रधानमंत्री के संबोधन को सुनने और उसे समझने का काम किया। इस दौरान प्रखंड मुख्यालय के बूथ नंबर 23, 24, 25, 26 में कार्यक्रम प्रभारी के रूप में सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद के साथ-साथ पंचायत के मुखिया कालो देवी मंडल कमेटी के उपाध्यक्ष सुनील सिंह मनोज सिंह अरुण कुमार मुद्रिका राम समेत काफी संख्या में लोग शामिल हुए। वहीं दूसरी ओर खुरा पंचायत के बूथ में कार्यक्रम प्रभारी के रूप में उपेंद्र प्रसाद के साथ साथ युवा मोर्चा के अध्यक्ष विकास कुमार सिंह, मोरवाई बूथ में प्रभारी के रूप में महामंत्री मनोज प्रसाद, पूर्व मुखिया श्रवण सिंह मौजूद रहे साथ ही मुरु बूथ 78 में प्रभारी के रूप में अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष दिलीप पासवान मौजूद रहे।



### दुर्गा पूजा को लेकर बालूमाथ थाना में शांति समिति की हुई बैठक

# असामाजिक तत्वों पर पुलिस की होगी पैनी नजर: एसडीपीओ



### शांति में भंग डालने वालों को चिन्हित करने का दिया गया निर्देश

मौके पर एसडीपीओ अजीत कुमार ने कहा कि पूजा शांति सौहार्द पूर्ण संपन्न हो जिसके लिए पुलिस सदैव तत्पर है। और असामाजिक तत्व जो शांति भंग करने की कोशिश करते हैं उसे चिन्हित कर पुलिस प्रशासन को अवगत कराएं। मौके पर थाना प्रभारी ने डीजे संचालक को साफ निर्देश दिया है कि डीजे से कोई भी अश्लील गाना ना बजाएं। जिससे किसी को ठेस ना पहुंचे। अगर किसी तरह की शिकायत आई तो उस पर कानूनी कार्रवाई करने की बात कही। मौके पर अंचलाधिकारी आफताब आलम ने सुरक्षा व्यवस्था का पुख्ता इंतजाम को बतलाते हुए विसर्जन मार्ग पर सुरक्षा व्यवस्था और स समय पर सावधानीपूर्वक विसर्जन करने की बात कही ।उपरोक्त अधिकारियों ने पूजा का अग्रिम बधाई दी। मौके पर कई जनप्रतिनिधि ने भी इस अवसर पर अपने बातों को रखा जिसमें कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष मो. जुबेर ने बालूमाथ बाजार ताड़ रोड और थाना चौक के मुख्य मार्ग पर होने वाली ट्रैफिक की समस्या को प्रमुखता से रखा। जिसे एसडीपीओ अजीत कुमार ने थाना प्रभारी को निर्देशित करते हुए टेंपो चालक और व्यवसाई से मीटिंग कर इस समस्या को समाधान करने की बात कही। इस दौरान आरजेडी नेता श्याम सुंदर यादव, भाजपा नेता गंगेश्वर यादव ,अमित कुमार ,रामनाथ सिंह , युवा नेता मो इमरान आदि ने समिति में अपने मंतव्यों को रखा। नवरात्र का अग्रिम बधाई दी। मौके पर बालूमाथ बारियातू प्रखंड के पूजा समिति के लोगों के अलावे कई जनप्रतिनिधि समाजसेवी एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

**नवीन मेल संवाददाता**

**बालूमाथ।** थाना परिसर में निर्धारित कार्यक्रम के तहत दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक बालूमाथ एसडीपीओ अजीत कुमार के अध्यक्षता में संपन्न हुई ।बैठक में मुख्य रूप से बालूमाथ अंचलाधिकारी आफताब आलम थाना प्रभारी प्रसाद प्रसाद उप प्रमुख कामेश्वर राम सरपंच ममता देवी मुखिया नरेश लोहरा सहित कई राजनीतिक संगठन के नेता गण एवं बालूमाथ और बारियातू पूजा समिति के लोग और ग्रामीण उपस्थित रहे। बैठक में पूजा समिति के लोगों से बारी बारी से पुलिस प्रशासन ने पूजा में होने वाले कार्यक्रम, विसर्जन और समस्या को विस्तार पूर्वक जाना। जिस पर लोगों ने बालूमाथ मुख्य मार्ग पर ट्रैफिक की समस्या और बिजली तार आदि का समस्या बतलाया। जिसे उपस्थित पुलिस प्रशासन ने समाधान करने का आश्वासन दिया।

# बच्चा चोरी की अफवाह फैलाने वालों पर दर्ज होगी एफआईआर

### पलामू में शुरू हुई निगरानी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू में सोशल मीडिया पर कोई भी अफवाह तेजी से फैल रहा है। इसी का नतीजा है कि लोग हिंसक होते जा रहे हैं। पलामू में हाल के दिनों में बच्चा चोरी की अफवाह तेजी से फैला है, लोग वीडियो वायरल कर अफवाह को तेजी से फैला रहे हैं। इस अफवाह के कारण पलामू में कई हिंसक घटना होते होते रुकी है। अफवाह को लेकर पलामू पुलिस सख्त हो गई है और सोशल मीडिया पर निगरानी तेजी से बढ़ा दी गई है। पलामू एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि सोशल मीडिया तेजी से अफवाह फैलाने में अपनी अहम भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि बच्चा चोर की अफवाह को लेकर पुलिस हाई अलर्ट पर है और अपनी निगरानी बढ़ा दी है। एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने आम लोगों से अपील की है कि किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें। अफवाह को लेकर पुलिस सख्त हो गई है। अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की भी प्रक्रिया शुरू की गई है। कारण ग्रामीण इलाके में लोग बाहरी व्यक्ति को शक की नजर से देख रहे हैं। वही गढ़वा चिनिया के इलाके में 12 सिंतबर को ग्रामीणों ने पंचायत भवन में दो युवको को बंद कर रखा था। चोरी के आरोप में 12 घंटे तक बंधक बनाये रखने के बाद पुलिस और परिजनों के पहुंचने पर दोनों युवकों को ग्रामीणों ने मुक्त किया था। इधर, 13 सितंबर की देर रात पलामू के विश्रामपुर थाना क्षेत्र में तीन लोगों को ग्रामीणों ने बच्चा चोर समझकर दौड़ाया । तीनों युवक भागते हुए विश्रामपुर थाना पहुंचे थे। जिसके बाद उनकी जान बची थी। तीन दिन पहले मेदिनीनगर टाउन थाना क्षेत्र में भी बच्चा चोर की अफवाह फैली थी। इस मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक महिला समेत तीन लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया था।



# भाजपा जिला प्रभारी के आरोप पर कांग्रेस के वरीय उपाध्यक्ष ने साधा निशाना

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सिमडेगा में लगातार भाजपा कांग्रेस के द्वारा एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला जारी है। इसी बीच शनिवार को भाजपा जिला प्रभारी शैलेंद्र सिंह द्वारा सिमडेगा कोलेबिरा विधायक के कार्यशैली पर जमकर निशाना साधा था जिसके बाद पर यह कांग्रेस के उपाध्यक्ष सह प्रदेश कांग्रेस सदस्य डीडी सिंह ने जिला प्रभारी के ऊपर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा भाजपा जिला प्रभारी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि जिले के कांग्रेसी विधायक ने जिला को कलंकित करने का काम किया है। भाजपा के जिला प्रभारी शैलेंद्र सिंह ने कांग्रेस के विधायकों पर तीखा प्रहार करते हुए इन्हें पद मुक्त करने की मांग की है। मैं जिला भाजपा वाले लोगों को बता देना चाहता हूं। अब यह पद आपको मिलने नहीं जा रहा है। यहां जब भी विधायक होगा कांग्रेस का होगा। हमने स्वर्गीय गजाधर गौर जी को देखा है। हमने निर्मल कुमार बेसरा जी को देखा है। हमने विमला प्रधान जी को देखा। आप लोग हमेशा यहां राज किये लेकिन सिमडेगा का विकास नहीं हुआ । आज आप लोगों को कांग्रेसी विधायक पच नहीं रहा और आप लोग बार-बार झूठा इल्जाम लगाकर कांग्रेश को बदनाम करना चाहते हैं, । सिमडेगा के विधायक पर झूठा झूठा इल्जाम लगाया गया है। जिसमें जिसका नाम है वह मीडिया में आकर और अपना सफाई दी कि मेरे साथ ऐसा कुछ नहीं हुआ। मेरे साथ कोई धर्म परिवर्तन नहीं हुआ। मै इसीतरह कोलेबिरा विक्सल कोगाड़ी को पैसा देकर गाड़ी में रख कर और उसको फसा दिया गया।

सम्पादक की कलम से...

# विकास को मिले सम्मान

**झारखंड** सरकार और अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के बीच पिछले दिनों एमओयू होना राज्य के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। यह क्षण राज्य के लिए ऐतिहासिक क्षण है। सरकार एवं अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के आपसी समन्वय और सहयोग से शिक्षा के क्षेत्र में नयी शुरूआत का होना अच्छी बात है। यह बात सबको मालूम है कि फाउंडेशन के अध्यक्ष अजीम प्रेमजी एक जाने-माने उद्योगपति के साथ-साथ मन के अंदर समाज के उत्थान के लिए सेवा भाव रखते वाले व्यक्ति हैं। इनके अनुभव और सहयोग झारखंड जैसे राज्य के लिए बेहतर परिणाम लेकर आयेंगे। इनके सकारात्मक सोच और बेहतर मार्गदर्शन से रांची के इटकी में अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय की स्थापना आने वाले दिनों में शिक्षा के क्षेत्र में निश्चित रूप से एक नया मुकाम हासिल करेगी। ऐसा हम सब उम्मीद कर सकते हैं। उनके अनुभव का लाभ राज्य वासियों को प्राप्त हो इस निमित्त हम सभी लोगों को मिलकर प्रयास करने की जरूरत है। अजीम प्रेमजी फाउंडेशन नयी पीढ़ी के बहुत बड़े समूह को अपने साथ जोड़ने का काम किया है। राज्य सरकार का प्रयास होना चाहिए कि विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए आगे का कार्य तेज गति से पूरे किये जायें। राज्य के युवा वर्ग में काफी संभावनाएं हैं। यहां के युवा खेल तथा उच्च शिक्षा के क्षेत्र में भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन बखूबी कर रहे हैं, बस जरूरत है कि राज्य की युवा शक्ति को आगे बढ़ने के लिए बेहतर प्लेटफार्म उपलब्ध कराया जा सके। अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय की स्थापना से यहां के युवा अनुसंधान आधारित शिक्षा के साथ-साथ आधुनिक शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ेंगे तथा राज्य के विकास में अपनी महती भूमिका निभायेंगे। यह खुशी की बात है कि अजीम प्रेमजी 2022 के दिसंबर महीने में झारखंड आयेंगे। उनकी मंशा है कि वह झारखंड के लोगों के विकास एवं उत्थान के लिए पूर्ण रुप से समर्पित होकर कार्य करूं। फाउंडेशन झारखंड में सिर्फ विश्वविद्यालय की स्थापना, शैक्षणिक स्तर में गुणात्मक सुधार के साथ-साथ कई विभिन्न क्षेत्रों में राज्य सरकार के साथ समन्वय स्थापित कर योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने की योजना है। यह सबको मालूम है कि अजीम प्रेमजी फाउंडेशन की पहचान एक परोपकारी संस्थान के रूप में है। झारखंड में हर वर्ग के उत्थान के लिए यह संस्था प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने की योजना पर गंभीरता से विचार कर रही है। यहां प्रोजेक्ट मोड में नहीं बल्कि लॉन्ग टर्म मोड के लिए काम करने में जुट गयी है। राज्य में अधिक से अधिक रोजगार का सृजन हो इस निमित्त योजना बनाकर कार्य करने की आवश्यकता है। सीईओ अनुराग बेहर की मानें तो झारखंड में शिक्षा के विकास, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और शैक्षणिक माहौल को बेहतर बनाने के लिए अजीम प्रेमजी यूनिवर्सिटी स्थापित करने का सफल प्रयास किया गया है। रांची में अजीम प्रेमजी यूनिवर्सिटी जुलाई 2024 से प्रारंभ हो सकेगा। अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के माध्यम से संचालित होने वाले यह बहु-विषय एवं बहु-अनुशासनात्मक संस्थान होगा, जो शिक्षा अनुसंधान में प्रत्यक्ष योगदान के माध्यम से समाज की सेवा के लिए प्रतिबद्ध होगा। बहरहाल आज के वर्तमान दौर में यह जरूरी है कि राज्य के विकास के लिए मिलजुल कर काम किये जायें। राज्य के विकास से ही हमारी भौतिक संरक्षणा को बल मिलेगा। ऐसे में वर्तमान सरकार के कार्यक्रम को राजनीति के चश्में से देखने की जरूरत नहीं है।

## आज का इतिहास

**1995 :** रूस की मुद्रा रूबल अपने सबसे निचले स्तर पर आयी।
**1996 :** इंडोनेशिया के सुमात्रा तट के पास एक नाव के डूब जाने से उसमें सवार 340 लोगों की मौत हुई।
**2008 :** भारत ने इजरायल का एक जासूसी उपग्रह का प्रक्षेपण करके उसे सफलतापूर्वक पोलर आर्बिट में स्थापित किया।
**2009 :** कर्नाटक के बीदर में वायुसेना का एक प्रशिक्षण विमान 'सूर्यकिरण'के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से एक पायलट की मौत हो गई।
**1817 :** कलकत्ता में हिन्दू कॉलेज की स्थापना।
**1840 :** डच राजा विलियम द्वितीय की ताजपोशी।
**1841 :** प्रथम अफीम युद्ध में चीन ने हांगकांग को ब्रिटेन के हवाले किया।
**1860 :** डच सेना ने इंडोनेशियाई द्वीप सेलेब्स के वाटमपोन पर जीत हासिल की।
**1892 :** पहली बार बास्केट बॉल खेला गया।
**1920 :** अमेरिका में नागरिक स्वतंत्रता संघ की स्थापना।
**1942 :** जापान ने बर्मा पर आक्रमण किया।
**1949 :** अमेरिकी राष्ट्रपति हैरी ट्रूमैन ने अपनी चार सूत्री कार्यक्रम की घोषणा।
**1950 :** दक्षिण अमेरिकी देश सूरीनाम नीदरलैंड से स्वतंत्र हुआ।
**1952 :** ब्रिटेन की सेना ने मिस्र के शहर इस्मायलिया तथा स्वेज नगर पर कब्जा किया।
**1957 :** वामपंथी नेता गोलुल्का ने पोलैंड में संसदीय चुनाव जीता।
**1957 :** भारत के पहले परमाणु रिएक्टर ह्यअप्सराह्न का ट्रॉम्बे में उद्घाटन किया गया।
**1959 :** स्वतंत्रता सेनानी तेज बहादुर सप्रू का निधन।
**1964 :** अमेरिका में ह्यमीट द बीटलेसह्न जारी हुआ।
**1972 :** अरुणाचल प्रदेश केंद्रशासित प्रदेश तथा मेघालय राज्य बना।
**1980 :** अमेरिकी राष्ट्रपति जिम्मी कार्टर ने मास्को ओलंपिक का बहिष्कार किया।
**1982 :** मध्य अमेरिकी देश होंडुरस में संविधान लागू हुआ।

# देश में कृषि क्षेत्र की बढ़ती चुनौतियां

> पिछले साल धान की बुआई 406.89 लाख हेक्टेयर में की गई थी। धान मुख्य खरीफ फसल है और इसकी बुआई जून से दक्षिण-पश्चिम मानसून की शुरूआत के साथ शुरू होती है और अक्तूबर से कटाई की जाती है। लेकिन धान की फसल के विपरीत कपास की बुआई में जोरदार बढ़ोतरी हुई है। अगस्त के अंत तक देश भर में कपास का रकबा 6.81 फीसद बढ़ कर 125.69 लाख हेक्टेयर पहुंच गया, जो पिछले साल समान अविध में 117.68 लाख हेक्टेयर था। धान के अलावा चालू खरीफ सत्र में अगस्त के अंत तक 129.55 लाख हेक्टेयर के साथ दलहन की बुआई में मामूली गिरावट आई है। गौरतलब है कि 2022 में असमान मानसून और मानसून की बेरुखी ने आगामी रबी सीजन की फसलों के लिए भी गंभीर चुनौती पैदा कर दी है।

देश में जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों के बीच भारत को कृषि में लगातार आगे बढ? के मद्देनजर अभी खाद्यान्न के अलावा अन्य सभी खाद्य उत्पादनों के मामले में आत्मनिर्भरता के लिए मीलों चलना पड़ेगा। खाद्य तेलों का उत्पादन बढ़ाने के लिए सरकार ने ग्यारह हजार करोड़ रुपए की लागत से जिस महत्त्वाकांक्षी तिलहन मिशन की शुरूआत की है, उसे पूर्णतया सफल बनाने की जरूरत है। इस बार पूरे देश में बारिश सामान्य से छह फीसद अधिक रही है, लेकिन उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, ओड़ीशा, पश्चिम बंगाल, पंजाब और मणिपुर में सामान्य से कम बरसात होने के कारण परेशानियां खड़ी हो गई हैं। इन प्रदेशों में खरीफ की खेती प्रभावित हुई है और खासकर धान उत्पादन के लक्ष्य के साथ-साथ आगामी रबी फसलों के उत्पादन संबंधी चिंताएं दिखाई दे रही हैं। गौरतलब है कि खरीफ सीजन की बुआई अंतिम दौर पर पहुंचने के बावजूद फसलों का कुल रकबा पिछले साल की अपेक्षा थोड़ा कम है। हाल ही में कृषि मंत्रालय और किसान कल्याण विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक दो सितंबर तक देश में खरीफ फसलों का कुल रकबा 1.6 फीसद घट कर 1045.14 लाख हेक्टेयर रह गया है, जबकि पिछले साल इस समय तक देश में 1061.92 लाख हेक्टेयर में फसलों की बुआई हुई थी। उल्लेखनीय है कि धान उत्पादक राज्यों में बारिश कम होने के कारण चालू खरीफ सत्र में अब तक धान फसल का रकबा 5.62 प्रतिशत घट कर 383.99 लाख हेक्टेयर रह गया है। पिछले साल धान की बुआई 406.89 लाख हेक्टेयर में की गई थी। धान मुख्य खरीफ फसल है और इसकी बुआई जून से दक्षिण-पश्चिम मानसून की शुरूआत के साथ शुरू होती है और अक्तूबर से कटाई की जाती है। लेकिन धान की फसल के विपरीत कपास की बुआई में जोरदार बढ़ोतरी हुई है। अगस्त के अंत तक देश भर में कपास का रकबा 6.81 फीसद बढ़ कर 125.69 लाख हेक्टेयर पहुंच गया, जो पिछले साल समान अविध में 117.68 लाख हेक्टेयर था। धान के अलावा चालू खरीफ सत्र में अगस्त के अंत तक 129.55 लाख हेक्टेयर के साथ दलहन की बुआई में मामूली गिरावट आई है। गौरतलब है कि 2022 में असमान मानसून और मानसून की बेरुखी ने आगामी रबी सीजन की फसलों के लिए भी गंभीर चुनौती पैदा कर दी है। मिट्टी में नमी की कमी देश के पूर्वी राज्यों में रबी की खेती और जलवायु परिदृश्य को बुरी तरह प्रभावित कर सकती है। ऐसे में मूडीज इनवेस्टर सर्विस (मूडीज) ने देश में बढ़ती ब्याज दरों और असमान मानसून के कारण भारत के आर्थिक विकास के अनुमान को घटा दिया है। इससे पहले मूडीज ने मई 2022 में भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 8.8 फीसद वृद्धि का अनुमान लगाया था, जिसे अब घटा कर 7.7 फीसद कर दिया है। निश्चित रूप से इस बार देश की कृषि के सामने जो गंभीर चुनौतियां पैदा हो गई हैं, उनसे निपटने के लिए शीघ्र रणनीति बनाना जरूरी है। सरकार जलवायु परिवर्तन से कृषि की चुनौतियों से निपटने के लिए आगे बढ़ते हुए दिखाई दे रही है। 7 सितंबर को रबी अभियान- 2022 पर राष्ट्रीय कृषि सम्मेलन में केंद्रीय कृषिमंत्री ने देश में जलवायु परिवर्तन की वर्तमान और भावी परिस्थितियों का विश्लेषण कर आगे की कार्ययोजना बनाने और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने पर जोर दिया। प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए सरकार की तरफ से सबसिडी दी जा रही है। कई प्रदेशों में ऐसे स्थान हैं, जहां कभी कीटनाशक और यूरिया का इस्तेमाल ही नहीं किया गया है। वहां सिर्फ बारिश आधारित खेती होती है। ऐसे ब्लाक, स्थान या जिलों को चिह्नित किया जा रहा है, जिसका लाभ यह होगा कि आर्गेनिक फसल सर्टिफिकेट के लिए भूमि की तीन साल तक परीक्षण नहीं करना पड़ेगा और आर्गेनिक खेती के रकबे को बढ़ाया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि यह जलवायु परिवर्तन का दौर है। जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों पर विचार करके केंद्र और राज्य कैसे आगे बढ़ सकते हैं, इसका विश्लेषण कर खुद को तैयार करने की जरूरत है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि 8 सितंबर को सहकारिता मंत्रियों के राष्ट्रीय सम्मेलन में केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री ने कहा कि मल्टी स्टेट कोआपरेटिव से जहां प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित किया जाएगा, वहीं कृषि क्षेत्र में प्राथमिक कृषि ऋण सहकारी समितियों (पेक्स) को मजबूत बनाकर छोटे किसानों की ऋण संबंधी चुनौतियों के समाधान से किसानों की आय में वृद्धि की जा सकेगी।

■ **जयंतीलाल भंडारी**

# शादियों का फंडा

जो शादियाँ रात में होती हैं, उसका गजब फंडा होता है। सिर्फ कस्टम अधिकारी जागते हैं, बाकी सब ऊँघते रहते हैं। यहाँ कस्टम अधिकारी कोई और नहीं वर-वधू, उनके माता-पिता, थोड़े बहुत परिवार के सदस्य होते हैं। पंडित जी का क्या है उनके लिए तो मंत्र सारे रटे रटाए हुए हैं। वे ऊँघते हुए भी पढ़ने में सिद्धहस्त होते हैं। किंतु सबसे जरूरी वर-वधू और उनके बाद माता-पिता का जागे रहना बहुत जरूरी है। पता चला आन की जगह कान बैठ गया तो जीवन भर भला उसे कौन ढ़ोयेगा या ढ़ोयेगी। हाँ जहाँ तक माता-पिता का सवाल है तो वे तो लेन-देन के सामानों पर ही नजर गड़ाये रखते हैं। मजाल किसी की एक भी चीज इधर से उधर हो जाए। अच्छा हुआ ये शादियाँ हवाई अड्डा, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड पर नहीं होती। यदि ऐसा होता तो वे इतना सोना, ड्रग्स और चोरी का माल पकड़ लेते कि हर दिन ड्यूटी करने वाले कस्टम और पुलिस अधिकारी उनके सामने शर्म से पानी-पानी हो जाते। हाँ यह अलग बात है कि कैमरामेन और वीडियोग्राफर भी जागते हैं, लेकिन पेट के लिए। उनसे सबसे बड़ी शिकायत यह रहती है कि वे सब कुछ खींचते और शूट करते हैं, बस काम की चीज छोड़कर। अब शादियों का ट्रेंड बदल गया है। वेदी के ऊपर मंडप के नीचे पंडित जी का मंत्रोच्चारण से देवताओं का आह्वान हो न हो नागिन डैंस करने वालों राक्षसों को आह्वान जरूरी है। जब तक वे आए हुए लोगों में दो-चार लोगों को अपनी फूहड़ता भरे डांस से डंस न लेंगे, तब तक दूल्हे को दुल्हन से मिलने नहीं देंगे। पीने का पानी कम पड़ जाए कोई बात नहीं, लेकिन औकात के हिसाब से दारू से लेकर महंगी शराब की नदियाँ बहनी चाहिए। इन्हीं नदियों में तो डूबकर शादी में आए हुए मेहमान जोड़ी को झूमने और मदहोश होने का आशीर्वाद देते हैं। अब जुग-जुग जियो का आशीर्वाद हड़प्पा की तरह पुराना पड़ गया है। ऐसे आशीर्वाद की जगह हाय ब्रो, हाय बेब कहते हुए गंदे इशारे करना युगों-युगों तक जीने का लेटेस्ट फैशन है। पारंपरिक गाजे-बाजे आज के डीजे कल्चर के आगे गिड़गिड़ा रहे हैं। जब तक दो चार लौंडियाँ नाचेंगी नहीं, हंगामा बरपेगा नहीं, आगे-पीछे, ऊपर-नीचे, आस-पड़ोस की नींद हराम करेंगे नहीं, दो-चार अस्पताल में भर्ती होंगे नहीं तब तक उसे कोई शादी नहीं कहेगा। नाचते हुए लोगों पर पैसा लुटाना, उसी को खुंदलना, एंबुलेसों को ब्लॉक करना, अस्पताल जाने पर बचने वाले को सीधे ऊपर पहुँचा देना शादी का पर्याय है। शादी का सिंपल फंडा है। वर का वधू से, लड़के के माँ-बाप का दहेज की सामग्री से और आए हुए अतिथियों का पार्टी-शार्टी से ट्यूनिंग जम जाए तो समझो शादी फिट है नहीं तो फट है। माँ-बाप कपड़े के शोरूम वाले बुत हैं। उनकी पसंद से शादियों के दिन लद गये हैं। लड़का-लड़की राजी तो क्या करेगा काजी। माँ-बाप तो कहते हैं कि हम कई महीने से विवाह की तैयारी कर रहे हैं और पंडित जी जब सुपारी मांगते हैं तो कहते हैं अरे वह तो भूल गये। गंगा जल माँगने पर मिनरल वाटर, मौली कहने पर हंसी-ठिठोली करते हुए दाँत निपोरना अब आम बात है। किसी जमाने में शादियाँ होती थीं, अब दिखावा होता है। ऐसी शादियों के लिए कर्जा लेकर कर्चा चुकाने और कर्जे में मर जाने को स्टेटस बताया जा रहा है। शादी का सीधा लॉजिक है - छह घंटे नाचो, चार घंटे मेहमानो से मिलने में लगाओ, तीन घंटे जयमाला में, चार घंटे फोटो खींचने-शूद करने और पंडित की बारी आते ही 'जल्दी करो जल्दी करो' कहकर दौड़ लगाओ। पंडित भी बेचारे क्या करें वह भी सब स्वाहा स्वाहा कहकर पल्ला झाड़ लेते हैं। उन्हें इस तरह की बबार्दी में बहुत बुलावा आता है। जो पंडित शादी करने में देरी लगाता है वह घर पर ही अपने लिए शादी के मंत्र बाँचता है। शादी अब शादी नहीं दिखावे का तमाशा हो गया है।

■ **डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'**
**मो. नं. 73 8657 8657**

# कनाडा में जनमत संग्रह की हकीकत

अभी 18 सितंबर को कनाडा के टोरंटो शहर में खालिस्तान की मांग को लेकर एक जनमत संग्रह हुआ। बरमटन नाम के एक पंजाबी व सिख बहुल उप-नगर में हुए इस इवेंट (जनमत संग्रह) में कहने को तो एक लाख से ज्यादा सिखों ने हिस्सा लिया, लेकिन अधिकतर सिख खालिस्तान के विरोध में हैं। फिर भी खालिस्तान समर्थकों ने अपने आक्रामक प्रचार से ऐसा माहौल बना दिया है, मानो सभी सिखों को अलग देश चाहिए। इसके लिए वे 19वीं सदी के महान शासक महाराजा रणजीत सिंह का उदाहरण देते हैं, लेकिन महाराजा रणजीत सिंह के राज्य में आज के पाकिस्तान, अफगानिस्तान, चीन व भारत के कई हिस्से शामिल थे। क्या वे दावा करेंगे कि उन्हें तिब्बत, अफगानिस्तान और पाकिस्तान के वे क्षेत्र भी सौंपे जाएं? इसके उलट वे भारत के हिस्से वाला पूरा पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड के तराई वाले हिस्से और राजस्थान के गंगानगर व भरतपुर जिले की मांग कर रहे हैं। यह मांग ही स्पष्ट कर देती है कि कनाडा, अमेरिका और यूरोप में बसे इन अलगाववादियों की मंशा क्या है और किनके इशारे पर ये लोग चल रहे हैं? कोई आज से नहीं, बल्कि पिछले साढ़े चार दशक से कनाडा के कुछ सिखों के दिमाग में यह कल्पना बसी हुई है। 1979 में जगजीत सिंह चौहान ने भारत से लंदन जाकर खालिस्तान का प्रस्ताव रखा था, मगर इसके पीछे किस समाज या समुदाय के कल्याण की उसकी कामना है, यह कभी स्पष्ट नहीं कर पाया। कोई भी देश तब तक रूप नहीं ले पाएगा, जब तक उसका अपना भूगोल, इतिहास, भाषा और संस्कृति नहीं हो। इस खालिस्तान के लिए जिन महाराजा रणजीत सिंह के साम्राज्य का नक्शा दिया गया, उनका एक राज था और उसके पी छे न कोई सिखी का प्रारूप था, न ईरान-तूरान का नक्शा। वह हकीकत में एक राज्य था और उसके शासक महाराजा रणजीत सिंह में लोक-कल्याण की भावना थी। उन्होंने जितना सोना अमृतसर के स्वर्ण मंदिर को दिया, उतना ही सोना बनारस के काशी विश्वनाथ मंदिर को भी। भारत की खुफिया एजेंसी रॉ के पूर्व अधिकारी जीबीएस सिद्धू कहते हैं, महाराजा रणजीत सिंह ने अपनी वसीयत में यह निर्देश दिया था कि उनकी मृत्यु के बाद कोहिनूर हीरा पुरी के जगन्नाथ मंदिर को दे दिया जाए। खालिस्तान की मांग करने वालों को तो यह भी नहीं पता कि सिखी का जन्म ही आक्रांताओं से हिंदुओं की रक्षा के लिए हुआ था। रॉ के पूर्व आला अधिकारी सिद्धू इसके लिए गुरु गोविंद सिंह द्वारा खालसा पंथ के स्थापना दिवस को याद करते हुए बताते हैं कि गुरु गोविंद सिंह ने तो काशी के पंडितों को बुलवाकर मां दुर्गा की मूर्ति की स्थापना कराई और पंथ के लिए बलिदान होने को तत्पर पंज प्यारों का जत्था तैयार किया। श्री सिद्धू ने अपनी पुस्तक खालिस्तान कॉन्सपिरेसी में लिखा है कि 1970 के अंतिम दशक में जो राजनीति उस समय इंदिरा गांधी की सरकार के ताकतवर नेताओं ने खेली, उसी का प्रतिफलन था खालिस्तान। वह पूर्व राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह पर सीधे निशाना साधते हैं। सिद्धू के ससुर स्वर्ण सिंह खुद इंदिरा सरकार की कैबिनेट में थे, उन्होंने कई बार पंजाब को लेकर चेताया भी था। आज इस अलगाववाद को फिर से कुछ पश्चिमी देशों द्वारा खाद-पानी देकर तैयार किया जा रहा है और इसके लिए पड़ोसी देश पाकिस्तान पर शक की सुई जाती है। पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह ने तो कनाडा में खालिस्तान को हवा देने वाले तत्वों, खासतौर पर कनाडा की जस्टिन ट्रूडो सरकार में उस समय के रक्षा मंत्री हरजोत सिंह सज्जन पर सीधे आरोप लगाया था कि वह अलगाववाद को हवा दे रहे हैं। कनाडा के मांट्रियाल शहर में रहने वाले मशहूर चित्रकार मनजीत सिंह कहते हैं, अलगाव तो कुछ हताश नेताओं के दिमाग में पैठा हुआ है। प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो को अपनी सरकार चलाने के लिए कुछ ऐसे राजनीतिक दलों का सहारा लेना पड़ रहा है, जो अलगाववादी भावना को जिंदा रखना चाहते हैं।

■ **शंभूनाथ शुक्ल**

## धर्म दर्शन

# श्री मद्देवी भागवतमाहात्म्यम्

### अथ प्रथमोऽध्यायः

नहुष बोला- हे तन्वंगि! तुमने सत्य ही कहा है, यह वाहन मुझे भी रुचिकर है । है सुन्दर ९ केशपाशवाली ! मैं तुम्हारे वचनोंका सम्यक रूपसे पालन करूँगा ॥ 40 ॥

हे पवित्र मुसकानवाली! जो अल्प पराक्रमवाला होता है, वही ऋषियोंको पालकी ढोनेमें नहीं लगा सकता; मैं [तुम्हारी इच्छाके अनुसार] वाहनपर आरूढ़ होकर तुम्हारे पास आऊँगा ॥ 41 ॥

मुझे तीनों लोकोंमें सबसे बड़ा तपस्वी और समर्थ जानकर सप्तर्षि तथा सभी देवर्षि मेरा वहन करेंगे ॥ 42 ॥

**व्यासजी बोले**- ऐसा कहकर परम सन्तुष्ट उस नहुषने उन इन्द्रप्रिया शचीको विदा किया, इसके बाद सभी मुनियोंको बुलाकर वह कामातुर उनसे इस प्रकार कहने लगा- ॥ 43 ॥

नहुष बोला- हे विप्रगण में आज सर्वशक्ति सम्पन्न इन्द्र है आपलोग गर्वरहित होकर मेरा कार्य करें ॥ 44 ॥

इन्द्रपद मुझे प्राप्त हो गया है, परंतु इन्द्राणी अभी मुझे नहीं प्राप्त हो सकी हैं। उन्होंने मेरे पास आकर प्रेमपूर्वक यह बात कही है-'हे सुरेन्द्र हे सुराधिप! मुनियोंद्वारा दोयी जानेवाली पालकोसे आप मेरे पास आयें। हे देवाधिदेव हे महाराज है मानद। आप मेरा यह प्रिय कार्य करें' ॥ 45-46 ॥

हे श्रेष्ठ मुनिगण। मेरा यह कार्य अत्यन्त दुष्कर है, परंतु आप सब दयालुओं को मेरा यह कार्य अवश्य करना चाहिये। इन्द्रपत्नी शचीमें अत्यन्त आसक्त मेरे मनको काम जला रहा है, मैं आप सबकी शरणमें हूँ। अतः मेरे इस महान कार्यको सम्पन्न करें ॥ 47-49 ॥

स्वीकार कर लिया ॥ ४९ ॥ उन तत्त्वदर्शी मुनियोंके द्वारा उस वचनके स्वीकार कर लिये जानेपर शचीके प्रति आसक्त चित्तवाला राजा नहुष प्रसन्न हो गया ॥ 50 ॥

वह तुरंत एक सुन्दर पालकीपर चढ़कर उसमें बैठ गया और दिव्य मुनियोंको उसे ढोनेके लिये नियुक्तकर उन्हें 'सर्प सर्प' (शीघ्र चलो शीघ्र चलो) ऐसा कहने लगा ॥ 51 ॥

उस कामातुर मूर्खने मुनि अगस्तिके मस्तकका पैरसे स्पर्श कर दिया। कामवाणसे आहत तथा इन्द्राणीके द्वारा आकृष्टचित्तवाले उस राजा नहुषने शीघ्र चलो-ऐसा कहते हुए वातापि नामक राक्षसका भक्षण करनेवाले तथा समुद्रको भी पी जानेवाले उन तपस्विश्रेष्ठ लोपामुद्रापति मुनि अगस्तिपर कोड़ेसे प्रहार भी किया ॥ 52-53 ॥

- **क्रमशः**

## संपादक के नाम पाठकों की पाती

# वाहनों की तेज गति से खतरा

रात में दस बजे के बाद मुख्य सड़कों पर कई वाहन गुजरते हैं। इनमें छोटे-मोटे वाहनों के अलावे कई बड़े ट्रक भी होते हैं। इन वाहनों में हाइवा इन सड़को पर कुछ ज्यादा ही तेज चलते दिखाई देते हैं। यह एक साथ छह-सात या उससे ज्यादा की संख्या में चलते हैं। इनकी तेज गति के कारण छोटे व दो पहिया वाहनों को चपेट में आकर दुर्घटनाग्रस्त होने का खतरा रहता है। वहीं कई ट्रक चालक अपना वाहन काफी सावधानी के साथ चलाते हैं, जिनसे किसी को कोई खतरा महसूस नहीं होता है। रात में चलने वाले छोटे वाहन किसी जरूरी कार्य से ही निकलते हैं। अगर वे रास्ते में दुर्घटनाग्रस्त हो जाये तो मुश्किल हो सकती है। लेकिन, रात में पेट्रालिंग वाहन के चलने के कारण शहरी क्षेत्र में लोगों को काफी महसूस हुई है। पेट्रालिंग वाहन को देखकर वाहन चालकों व अन्य लोगों को काफी हिम्मत मिलती है।, ऐसे में हाइवा की तेज चाल के कारण सड़क गड्ढो के पास दुर्घटना का संभावना बनी रहती है। ज्ञात हो कि दुर्घटनाओं की संख्या प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही है। मैं आपके लोकप्रिय हिंदी दैनिक समाचार पत्र राष्ट्रीय नवीन मेल के माध्यम से रात में हाइवा की गति पर रोक लगाने का अनुरोध प्रशासन से करता हूं।

■ **श्याम कुमार, हमीदगंज, मेदिनीनगर।**

# सिनेमा के बहाने कितना बदलेगा कश्मीर?

2019 में जम्मू-कश्मीर के पुनर्गठन व अनुच्छेद 370 के हटने के बाद यहां लगातार सकारात्मक बदलाव हो रहे हैं। कश्मीर में लगभग 30 वर्ष बाद खुले सिनेमाघर इसी दिशा में नये कदम हैं। उप-राज्यपाल मनोज सिन्हा ने मंगलवार को कश्मीर के पहले मल्टिप्लेक्स का उद्घाटन किया। इससे पहले रविवार को ही दक्षिण कश्मीर में आतंकवाद का गढ़ माने जाने वाले शोपियां और पुलवामा में भी दो बहुउद्देशीय हॉल शुरू किये गये। **स्पेशल शो शुरू :** मंगलवार को विशेष शो के साथ शुरू हुआ मल्टिप्लेक्स श्रीनगर में बादामी बाग सैन्य छावनी क्षेत्र में उसी जगह पर बनाया गया है, जहां 1965 में ब्रॉडवे सिनेमा शुरू हुआ था। श्रीनगर में कभी 19 सिनेमाघर थे, लेकिन 1990 में शुरू हुई आतंकी हिंसा के चलते ब्रॉडवे समेत सभी सिनेमाघर बंद करने पड़े। दरअसल, आतंकियों ने फिल्म देखने को गैर-इस्लामी करार देते हुए 12 सिनेमाघर जला दिए थे। 1998 में सरकार ने ब्रॉडवे सहित तीन सिनेमाघर फिर शुरू करवाए, लेकिन ग्रेनेड हमलों के बाद उन्हें फिर से बंद करना पड़ा। तब से घाटी के लोगों को फिल्म देखने के लिए जम्मू आना पड़ता था। मल्टिप्लेक्स चलाने वाले कश्मीरी पंडित विकास धर ने 90 के दशक में हुए हिंदुओं के पलायन के समय भी घाटी नहीं छोड़ी थी। 5 अगस्त 2019 को अनुच्छेद 370 हटने के बाद उन्होंने मार्च 2020 में मल्टिप्लेक्स के लिए आवेदन किया। उसी वर्ष जून में सरकार ने उन्हें इसकी अनुमति दे दी थी। विकास धर अब बदलाव की नई इबारत लिखने को तैयार हैं तो उसकी कुछ प्रमुख वजहें हैं- घाटी में अब आतंकियों से स्थानीय लोगों का मोहभंग हो चुका है। लोग अब शांति और विकास चाहते हैं। आतंकी हिंसा का दौर समाप्त होने के बाद स्थानीय लोगों ने सुखद भविष्य की सुनहरी किरणें देखनी शुरू कर दी हैं। सिनेमाघरों का खुलना उसी दिशा में बढ़ते कदम के तौर पर देखा जाना चाहिए। घाटी में कट्टरपंथ और अलगाववाद की जमीन पहले ही सिकुड़ चुकी है। पिछले वर्ष ऑल पार्टी हुर्रियत कॉन्फ्रेंस के कट्टरपंथी गुट के पूर्व चेयरमैन सैयद अली शाह गिलानी की मौत पर न दुकानें बंद हुईं और न पथराव हुआ। यहां तक कि उनके जनाजे में भी सिर्फ परिवार के लोग ही शामिल हुए। पाकिस्तान हुर्रियत कॉन्फ्रेंस को पुनर्जीवित करने की कोशिश में है। पुलिस के मुताबिक पाकिस्तान ने एक नया गुट तैयार किया है जिसने 15 अगस्त को कश्मीर बंद का एलान किया था। लेकिन उस दिन समूचे कश्मीर में घरों पर राष्ट्रीय ध्वज लहराता रहा। पांच अगस्त को भी इस गुट के आह्वान के बावजूद कोई हड़ताल नहीं हुई। प्रदेश में स्थिति पहले से कहीं बेहतर और सुरक्षाबलों के नियंत्रण में है। घाटी की मस्जिदों में अब सियासत नहीं हो सकती। कश्मीर में बीते एक सप्ताह में सात मौलवियों को अलगाववादी गतिविधियों के मामले में जन सुरक्षा अधिनियम के तहत बंदी बनाया गया है। जम्मू-कश्मीर वक्फ बोर्ड ने प्रदेश के सभी जियारतगाहों, खानकाहों, मस्जिदों और दारुल उलूम में सियासी-सामाजिक संगठनों के नेताओं और कार्यकर्ताओं की दस्तारबंदी (पगड़ी पहनाने) पर रोक लगा दी है। सरकार का मानना है कि सियासी नेता इन धार्मिक स्थलों का उपयोग राजनीति के लिए करते हैं। ऑल पार्टी हुर्रियत कॉन्फ्रेंस के चेयरमैन मीरवाइज मौलवी उमर फारूक कश्मीर की सबसे पुरानी और ऐतिहासिक जामिया मस्जिद से ही अपने एजेंडे को आगे बढ़ाते थे। बीते तीन साल से वह जामिया मस्जिद नहीं गये। इसी तरह गिलानी भी मस्जिदों का प्रयोग करते थे। **बदलती घाटी :** साफ है कि कश्मीर में अब आतंकियों की खैर नहीं है। आए दिन मारे या पकड़े जा रहे आतंकी इसका सबूत हैं। इन बदलावों से पाकिस्तान परेशान है और नये षड्यंत्र रचने की कोशिश में लगा रहता है। लेकिन घाटी के बदलावों से साफ है कि आतंक अब यहां मरणासन्न है। घाटी में इस वर्ष रेकॉर्ड संख्या में पर्यटक आए और अमरनाथ यात्रा में भी श्रद्धालुओं का उत्साह देखने लायक था। घाटी हिंसा के जिस अंधेरे युग से बाहर निकली है, किसी भी सूरत में उसमें दोबारा नहीं जाना चाहती। **ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।**

■ **राकेश गोस्वामी**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लि.)प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड में मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : **सुरेश बजाज,** संपादक : **हर्षवर्द्धन बजाज*, प्रेस कार्यालय :** रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, **फोन नंबर :** 06562-240042/ 222539, **फैक्स नंबर :** 06562-241176/ 231257, **रांची कार्यालय :** 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, **फोन नंबर :** 0651-2283384, **फैक्स नंबर :** 0651-2283386, **दिल्ली कार्यालय :** 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नयी दिल्ली-1, **ई-मेल :** rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com, (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

## न्यूज गैलरी

### 08 किग्रा अफीम के साथ दो तस्कर एसटीएफ के हत्थे चढ़े

**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश में नशे के अवैध कारोबार पर नकेल कसने के लिये योगी सरकार द्वारा शुरू किये गये विशेष अभियान के तहत राज्य पुलिस के स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने अंतरराष्ट्रीय गिरोह के दो सदस्यों को 08 किग्रा अफीम के साथ बरेली से गिरफ्तार किया है। इसकी अनुमानित कीमत 04 करोड़ रुपये बतायी गयी है। एसटीएफ की ओर से रविवार को जारी बयान के अनुसार अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले गिरोह के 02 सदस्यों को बरेली में अफीम की खेप के साथ कल रात 20:35 बजे शाही तिराहे पर स्थित यात्री स्टैण्ड के सामने से पकड़ा गया। इनके पास से लगभग 04 करोड़ रुपये अनुमानित कीमत की 08 किग्रा अफीम बरामद की गयी। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान झारखंड में रांची निवासी मुकेश चौरसिया उर्फ मन्टू पुत्र स्व नारायण प्रसाद चौरसिया और प्रियांशु चौरसिया पुत्र मुकेश चौरसिया के रूप में गयी है। इनके पास से 08 किग्रा अफीम के अलावा 03 मोबाइल फोन, 01 आधार कार्ड और 2720 रुपये नगद बरामद हुए हैं।

### नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव हरियाणा के लिए रवाना

**पटना (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उप मुख्यमंत्री तेजस्वी विशेष विमान से आज हरियाणा के लिए रवाना हो गये हैं। तेजस्वी ने जाने से पूर्व पत्रकारों से बातचीत में कहा कि वे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ हरियाणा के फतेहाबाद में दिवंगत चौधरी देवीलाल की जयंती में शामिल होंगे। तेजस्वी ने कहा कि राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से मुलाकात करेंगे। उन्होंने बताया कि सोनिया गांधी से मिलने के पहले वे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ हरियाणा के फतेहाबाद में इंडियन नेशनल लोकदल के तत्वावधान में आयोजित रैली में भी हिस्सा लेंगे। उल्लेखनीय है कि देश के विपक्ष को एकजुट करने की मुहिम में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार लगे हुए है। इसकी मकसद से वह आज हरियाणा और दिल्ली दोनों का दौरा करेंगे। इससे पूर्व शनिवार को ही लालू यादव पटना से दिल्ली के लिए रवाना हुए थे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव भी हरियाणा के लिए रवाना हुए हैं।

### पानी भरे नहर में डुबने से सात वर्षीय बालक की मौत

**बिहारशरीफ (एजेंसी)।** जिले में नगरनौसा थाना क्षेत्र के मुर्दलीचक ग्राम में रविवार के दिन शौच करने गए स्व रविकान्त कुमार के 7 वर्षीय पुत्र पवन कुमार की मौत पानी भरे नहर में डूबने से हो गई। बताया जाता है कि उक्त बालक सुबह में गांव के उत्तर देवी स्थान के पास शौच करने के लिए गया था। जहां हाथ धोने के दौरान पैर पिछलकर गहरे पानी में चला गया जिससे पानी में डूबने से मौत हो गई। ग्रामीणों के सहयोग से शव को पानी से निकाल कर पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पाकर पुलिस ने कागजी कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल बिहार शरीफ भेज दिया है। मौके पर अरियामा पंचायत के मुखिया रूदल प्रसाद ने प्रखंड कार्यालय के निर्देश पर 20000 हजार रुपये पारिवारिक लाभ के तहत पीड़ित परिवार को दिया गया है।

### महज 26 रुपया के लिए चाय दुकानदार ने युवक को चाकू मारकर किया घायल

**भागलपुर (एजेंसी)।** जिले में नाथनगर थाना क्षेत्र के पीपरपांती में रविवार को चाय दुकानदार दिलीप कुमार को महज 26 रुपया कर्ज वापस मांगना महंगा पड़ गया। कर्ज लिए सोनू कुमार के द्वारा दुकानदार को पैसा वापस मांगने को लेकर युवक ने दुकानदार को चाकू मारकर घायल कर दिया और वहां से फरार हो गया। घायल दिलीप साह का कहना है कि कुछ दिन से सोनू उसके दुकान से चाय और सिगरेट पी रहा था और पैसा बाद में देने की बात कई दिनों से कर रहा था। जिसको लेकर दो दिन पहले दोनों में बहस बाजी भी हुई थी। आज सुबह जब सोनू दुकान पर आया और सिगरेट की मांग की तब दिलीप जैसे ही सिगरेट देने के लिए मुड़ा उसी बीच सोनू ने चाकू से उस पर वार कर दिया। जिससे वह घायल हो गया है। उसका इलाज जवाहरलाल नेहरू चिकित्सा अस्पताल में किया जा रहा है। उधर घटना की सूचना पर मौके पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### पश्चिमी चंपारण में चार ऑब्जर्वर नियुक्त

**बेतिया (एजेंसी)।** बिहार चुनाव आयोग ने नगर निगम चुनावों को देखते हुए पश्चिमी चंपारण में चार ऑब्जर्वर की तैनाती की है। आयोग ने 6 नगर निकाय के लिए प्रेक्षकों की सूची जारी की है। प्रथम चरण के लिए चार एव द्वितीय चरण के लिए दो प्रेक्षकों की नियुक्ति की गई है। सूची जारी करने के साथ ही आयोग ने प्रेक्षकों को चुनाव की निगरानी करने और आयोग को दैनिक रिपोर्ट भेजने का निर्देश दिया है। आयोग के आदेशानुसार निकाय चुनाव के लिए विनोद बिहारी शर्मा अधीक्षण अभियंता स्थनीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन कार्य अंचल मुज्जफरपुर को नगर परिषद नरकटियागंज का ऑब्जर्वर बनाया गया है। वही नगर परिषद रामनगर के लिए जवाहर प्रसाद को ऑब्जर्वर बनाया गया है। जबकि नगर पंचायत चनपटिया एव नगर निगम बेतिया के लिए अरबिंद कुमार मंडल ग्रामीण विकास विभाग को बनाया गया है। रामजी पांडेय क्षैतिय योजना पदाधिकारी तिरहुत प्रमंडल को बगहा एव लौरिया का ऑब्जर्वर बनाया गया है। आयोग द्वारा जारी निर्देश में कहा गया है कि प्रेक्षकों को सबसे पहले यह सुनिश्चित करना है कि कमजोर वर्ग के मतदाताओं को न तो लुभाया जा सकें और न ही उन्हें डराया या धमकाया जा सकें। इसके लिए प्रेक्षक ऐसे समूह के टोलों व बसावटों की निगरानी करवाएंगे। इसके अलावा प्रेक्षक चुनाव ड्यूटी में लगे कर्मचारी अधिकारी व पुलिस पर नजर रखते हुए व्यस्था में किसी तरह की कमी आने पर आयोग के साथ ही जिला निर्वाचन पदाधिकारी को जानकारी देंगे।

### जयंती पर श्रद्धापूर्वक याद किये गये पंडित दीनदयाल उपाध्याय

**मोतिहारी (एजेंसी)।** जिले के पिपरा कोठी स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय उद्यानकी एवं वानिकी महाविद्यालय परिसर में रविवार को पूर्व मंत्री प्रमोद कुमार सहित अन्य भाजपा नेताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा से याद किया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री श्री कुमार ने दीनदयाल जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शों पर चलने की बात कही। वही केविके प्रमुख डॉ अरविंद कुमार सिंह ने उन्हें भारतीय राजनीति का संत बताया। मौके पर मुख्य रूप से महाविद्यालय के डीन, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष रविन्द्र सहनी, कामेश्वर चौरसिया, महामंत्री राजकिशोर सिंह, राजू सिंह, कुमार राजेश सिंह, गुड्डू सिंह, टुन्ना गिरि सहित महाविद्यालय के अध्यापक, छात्र छात्रा, केविके के कृषि वैज्ञानिक मौजूद थे।

# अमावस्या पर लोगों ने पूरी श्रद्धा के साथ अपने पितरों को पिंडदान कर किया विदा

## घर परिवार में सुख शांति का आशीर्वाद मांगा, गंगा तट और पिशाचमोचन कुंड पर भारी भीड़ उमड़ी

**वाराणसी (एजेंसी)।** पितृ पक्ष के अमावस्या (पितृ विसर्जन) पर रविवार को लोगों ने पूरी श्रद्धा के साथ अपने पितरों को साविधि पिंडदान, तर्पण एवं जलाजलि देकर याद किया। लोगों ने अपने पितरों को विदाई देकर उनसे घर परिवार में सुख शांति का आर्शिवाद मांगा। पितरों को विदा देने के पूर्व उनसे विगत 14 दिनों तक तर्पण आदि में हुई त्रुटि, किसी पितर को तिलांजलि देने में हुई चूक के लिए क्षमा याचना भी की। इसके पूर्व गंगा के सभी घाटों पर पिंडदान करने वालों की भीड़ भोर से ही उमड़ती रही। सिंधिया घाट, दशाश्वमेध घाट, मीरघाट, अस्सी घाट, शिवाला घाट, राजाघाट, पंचगगंगा पर लोगों की सर्वाधिक भीड़ रही। पिशाचमोचन स्थित कुंड पर भी लोगों की भीड़ पिंडदान के लिए उमड़ पड़ी। दोपहर बाद तक तर्पण और श्राद्ध कर्म चलता रहा। श्रद्धा भाव के साथ मुंडन कराकर गंगा स्नान के बाद लोगों ने



तर्पण और पिंडदान किया। जिनके परिजनों की अकाल मृत्यु हुई थी। उन्होंने ऐसे परिजनों और पूर्वजों के निमित्त पिशाच मोचन पर पिंडदान, तेल और घोड़ा दान किया। ऐसी मान्यता है कि तेल और घोड़ा दान करने से अकाल मृत्यु का ग्रास बनने वाले लोगों की आत्मा को मुक्ति मिल जाती है। जिन लोगों ने अपने पितरों का गया श्राद्ध कर लिया उन्होंने तर्पण के बाद अनाज दान किया। जिन लोगों ने गया श्राद्ध नहीं किया उन्होंने भी श्राद्ध और तर्पण अपने पूर्वजों के निमित्त किया। विधिवत पिंडदान,तर्पण कर लोगों ने अपने घरों में पितरों को भोजन निकालने के बाद इसे कौवा, गाय और श्वान को खिलाया। इसके बाद ब्राम्हणों को भोजन कराया और उन्हें दक्षिणा देकर विदा करने के बाद खुद परिवार के साथ भोजन ग्रहण किया। अमावस्या पर लोग सायंकाल घर के मुख्य द्वार पर दीप जला कर बांस की कइन में पितरों के लिए अनाज की छोटी-छोटी पोटली बांध कर उनसे अपने लोक लौट जाने का अनुरोध करेंगे।

**ग्रामीण अंचल में भी लोगों ने किया श्राद्ध तर्पण :** जिले के ग्रामीण अंचल में भी लोगों ने पितृ विसर्जन पर तालाब, कुंड, मंदिरों के पास विधिवत पूर्वजों के निमित्त श्राद्ध, तर्पण और पिंडदान किया। रामनगर, रोहनिया, हरहुआ, सेवापुरी, कपसेठी, जंसा, बाबतपुर के साथ जनपद चंदौली के बलुआ स्थित पश्चिम वाहिनी गंगा तट पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने अपने पूर्वजों का पिंडदान किया। पितरों को जौ के आटे से बना पिंड व तिल दान कर उन्हें तर्पण कर दानपुण्य किया। अमावस्या पर वाराणसी में पिंडदान करने वालों में दक्षिण भारत के श्रद्धालुओं की भीड़ रही। दक्षिण भारत के श्रद्धालुओं ने पिशाच मोचन में पितरों के लिए पिंडदान कर मोक्ष की कामना की।

### पितृपक्ष मेला के अंतिम दिन तीर्थयात्रियों ने किया तर्पण कर्मकांड

**गया (एजेंसी)।** गयाजी में चल रहे विश्व प्रसिद्ध पितृपक्ष मेला-2022 महासंगम के अंतिम दिन आज तीर्थ यात्रियों ने फल्गु नदी के जल से तर्पण कर्मकांड किया। रविवार के दिन अमावस्या को पितरों को मोक्षदायिनी फल्गु नदी के जल से तर्पण कर्मकांड किया जाता है। अहले सुबह से ही हजारों की संख्या में पिंडदानियों का जनसैलाब फल्गु नदी स्थित देवघाट पर उमड़ पड़ा, जहां पूरे धार्मिक विधि-विधान से फल्गु नदी में स्नान कर तीर्थ यात्रियों ने पितरों को तर्पण किया। इस मौके पर स्थानीय पंडा ऋषिकेश गुर्दा ने बताया कि रविवार को सर्व पितृ अमावस्या है। आश्विन माह में चल रहे 17 दिनों के त्रिपक्षीय श्राद्ध का रविवार को अंतिम दिन है। उन्होंने बताया कि रविवार को अंतिम दिन 'सुख सैंयादान' और पिंडदान कर पितरों को विदाई दी जाती है। यह वटवृक्ष की महत्ता है। ऐसी पौराणिक मान्यता है कि जो लोग 17 दिनों तक पिंडदान नहीं कर पाते हैं, वे आज के दिन फल्गु नदी के पवित्र जल से स्नान कर सभी पितरों के नाम से तर्पण एवं 'जलदान' करते हैं, जिससे पितरों को मोक्ष की प्राप्ति होती है। ऐसे में आज का दिन बहुत ही महत्वपूर्ण है। आज के दिन अक्षयवट वृक्ष के नीचे सुफल करने से पितरों की आत्मा तृप्त हो जाती है। ऐसे में दूर-दराज से आए पिंडदानी पितरों की आत्मा की शांति हेतु रविवार को तर्पण कर्मकांड कर रहे हैं।

# योगी सरकार ने दूसरे कार्यकाल के पहले छह महीने पूरे किये

**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को अपने दूसरे कार्यकाल के पहले छह महीने पूरे कर लिये हैं। मुख्यमंत्री योगी ने प्रदेश वासियों को इसकी बधाई देते हुए दूसरे कार्यकाल के 180 दिनों को युगांतरकारी सुशासन के उत्कृष्ट मानक बताया। योगी सरकार ने इस मौके पर अपने साढ़े पांच साल के कार्यकाल में प्रदेश के चहुंमुखी विकास की दिशा में लगभग सभी क्षेत्रों के लिये किये गये उल्लेखनीय कामों का रिपोर्ट कार्ड भी पेश किया। उन्होंने अपनी सरकार की प्रतिबद्धताओं को दोहराते हुए ट्वीट कर कहा, 'सबका साथ-सबका विकास' का ध्येय लिए यह डबल इंजन की भाजपा सरकार है, जो कहेगी, वह करेगी। सरकार के विशेष ध्यान दिये जाने वाले क्षेत्रों का उल्लेख करते हुए योगी ने कहा, अंत्योदय से अर्थव्यवस्था तक, इंफ्रास्ट्रक्चर से इंडस्ट्री तक, कामगार से किसान तक, सुरक्षा से शिक्षा तक, आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के मार्गदर्शन में हर क्षेत्र में 'नए भारत का नया उत्तर प्रदेश' नव-निर्माण की स्वर्णिम पटकथा लिख रहा रहा है। योगी ने महिला सशक्तिकरण के लिये उनकी सरकार द्वारा किये गये प्रयासों को सुशासन की आधारशिला बताया।



उन्होंने कहा, मातृशक्ति को 'अपने सदन' से 'संवैधानिक सदन' तक सम्मान, सुरक्षा, सहयोग व पूर्ण अवसर प्रदान करती उत्तर प्रदेश सरकार के युगांतरकारी 180 दिन 'सुशासन' के उत्कृष्ट मानक हैं। उन्होंने दावा किया कि उत्तर प्रदेश देश की आधी आबादी के लिये सपनों की मंजिल बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। योगी ने ट्वीट कर कहा, प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन में 'नया उत्तर प्रदेश देश की 'आधी आबादी' का 'ड्रीम डेस्टिनेशन' बनने की ओर बढ़ चला है। योगी ने प्रदेश वासियों को सरकार के छह माह पूरे होने की शुभकामनायें देते हुए कहा, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की प्रेरणा से 'अंत्योदय' के संकल्प के साथ 'आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश' के निर्माण को समर्पित आपकी सरकार के दूसरे कार्यकाल के यह 180 दिन वंचितों, शोषितों व उपेक्षितों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन के कारक बने हैं। 25 करोड़ प्रदेश वासियों को उनकी सेवा, सुरक्षा व कल्याण को समर्पित सरकार के दूसरे कार्यकाल के प्रथम 06 माह पूरे होने की हार्दिक बधाई।

गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश में योगी सरकार का पहला कार्यकाल गत मार्च में पूरा होने के बाद हुए चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने लगातार दूसरी बार जीत हासिल कर योगी सरकार के दूसरे कार्यकाल की शुरूआत का मार्ग प्रशस्त किया था। योगी सरकार ने अपने दूसरे कार्यकाल के 180 दिनों (06 महीने) में किये गये 100 प्रमुख फैसलों की सूची जारी करते हुए इसे उपलब्धि बताया। इनमें शिक्षा के क्षेत्र में किये गये कामों में राज्य के 87 राजकीय महाविद्यालयों में स्मार्ट क्लासेज की व्यवस्था करने, शिक्षक दिवस पर राज्य अध्यापक पुरस्कार व मुख्यमंत्री अध्यापक पुरस्कार हेतु नवीन मानक विकसित करने और 119 राजकीय महाविद्यालयों में ई-लर्निंग पार्क विकसित करना शामिल है।

### योगी ने पं.दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर अर्पित की श्रद्धांजलि

**उत्तर प्रदेश** के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनसंघ के संस्थापक सदस्य एवं 'एकात्म मानववाद' दर्शन के प्रणेता पं. दीनदयाल उपाध्याय की रविवार को 160वीं जयंती के अवसर पर उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। योगी ने आज सुबह लखनऊ स्थित पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृतिका पर जाकर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि उपाध्याय जी का स्पष्ट कहना था कि प्रगति का पथ समाज के अंतिम पायदान में खड़े व्यक्ति को साथ लेकर हो सकती है। इसीलिये दीनदयाल जयंती को 'अंत्योदय दिवस' के रूप में भी मनाते हैं। योगी ने कहा कि पहली बार जब केंद्र में भाजपा की सरकार बनी तो हर गरीब के घर तक राशन पहुंचाने की शुरूआत हुई। 'सबका साथ सबका विकास' का नारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिया। आजादी के बाद पहली बार साढ़े चार करोड़ बिजली के कनेक्शन, गरीबों को दस करोड़ शौचालय मिल सके और 80 करोड़ से ज्यादा लोगों को राशन वितरण किया गया। इससे पहले योगी ने सोशल मीडिया पर भी जारी अपने संदेश में कहा, भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य, एकात्म मानववाद दर्शन के प्रणेता, 'अंत्योदय' का मार्ग प्रशस्त करने वाले महान चिंतक श्रद्धेय पं. दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। आपका जीवन-दर्शन हम सभी के लिए पाथेय है। उन्होंने ट्वीट कर कहा, समस्त प्रदेश वासियों को 'अंत्योदय दिवस' की हार्दिक बधाई। श्रद्धेय पं. दीनदयाल उपाध्याय जी द्वारा प्रदत्त 'अंत्योदय' का विचार अंतिम पायदान पर खड़े सभी नागरिकों के समग्र उत्कर्ष हेतु प्रेरणा प्रदान करता है। आइए, 'अंत्योदय' की संकल्पना को साकार करने हेतु हम सभी प्रतिबद्ध हों।

# महालया के साथ बंगाल में दुर्गा पूजा उत्सव शुरू



**कोलकाता (एजेंसी)।** रविवार को महालया के साथ ही बंगाल में दुर्गा पूजा की शुरूआत हो गई है। पुरानी परम्पराओं के मुताबिक महालया के शुभ मुहूर्त पर हजारों लोगों ने गंगा तटों पर नदी में स्नान के बाद पितरों को तर्पण किया। रविवार सुबह से ही राजधानी कोलकाता के बाबू घाट, फेरी घाट, नीमतला घाट समेत अन्य घाटों पर लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। तडके से ही यहां बड़ी संख्या में पहुंचे पुरोहितों ने वैदिक मंत्रोचार के बीच पुष्प, तिल और चावल से लोगों से मंत्रोच्चार के साथ लोगों को तर्पण करवाया है। इस मौके पर आकाशवाणी ने भी परम्परागत रूप से बीरेंद्र कृष्ण भद्र की आवाज में सुबह पांच बजे दुर्गा स्तुति का प्रसारण किया गया, जिसे लोगों भक्ति और श्रद्धा भाव से सुना।

दुर्गा पूजा पश्चिम बंगाल के लिए किसी महोत्सव से कम नहीं। यहां गगनचुंबी पंडालों के बीच विशालकाय मां दुर्गा की मूर्तियों, शानदार लाइट सज्जा और दुनियाभर के बेहतरीन दृश्यों को पंडाल में प्रदर्शित करने की परंपरा को देखने ना केवल बंगाल और भारत बल्कि दुनियाभर से लाखों लोग पहुंचते हैं। महालया के साथ ही पूजा पंडालों में मूर्तियों की स्थापना शुरू हो गई है।

**स्वर्ग से धरती उतरती हैं देवी दुर्गा**

**यहां ऐसी** मान्यता है कि महालया के दिन देवी पार्वती कैलाश से उतर कर धरती (ससुराल से मायका) पर पदार्पण करती हैं। यहां उनके स्वागत के लिए भक्त समुदाय ढाक ढोल के साथ देवी की आराधना पूजा और अर्चना शुरू कर देते हैं। आज से पश्चिम बंगाल के हर गली मोहल्ला चौराहे लेकर देवी पंडालों में लगे ध्वनि विस्तारक यंत्रों से दुर्गा आराधना की गूंज सुनाई देगी। खास बात यह है कि पश्चिम बंगाल में दुर्गा पूजा बहुत ही पावन मानी जाती है इसीलिए यहां अधिक उत्साह से मनाई जाती है। इसलिए बंगाली परिवार का बच्चा-बच्चा बुजुर्ग युवा हर आयु वर्ग के लोग नए वस्त्र पहन कर देवी की आराधना में लीन नजर आते हैं।

## देशी पिस्टल, एक जिंदा गोली, दो मोबाइल, एक बाईक के साथ दो आरोपी गिरफ्तार



**बगहा (एजेंसी)।** बगहा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में रविवार को पुलिस अधीक्षक किरण कुमार गोरख जाधव ने प्रेस वार्ता कर जानकारी दिया कि हथियार तस्करों द्वारा मुफ्फसिल थाना बेतिया क्षेत्र अन्तर्गत अवैध हथियार की खरीद बिक्री का पता एसटीएफ लौकरिया टीम को लगी। जिसको लेकर उन्होने अपर पुलिस अधीक्षक (अभियान)बगहा द्विवेश कुमार मिश्रा के साथ साझा किया। उक्त सूचना के आधार पर एसपी किरण कुमार गोरख जाधव ने अपर पुलिस अधीक्षक (अभियान) बगहा के नेतृत्व में एक छापेमारी टीम का गठन किया,जिसमें 01.एएसपी एसटीएफ. 02.एसटीएफ लौकरिया टीम 03 जिला बल का क्यू०आर०टी०,बगहा के द्वारा छापेमारी किया गया। उक्त छापेमारी दल एवं मुफ्फसिल थाना बेतिया गश्ती पदाधिकारी पु०अ०नि० देवेन्द्र कुमार एवं आर्म्स गार्ड के सहयोग से सरस्वतीनगर मुफ्फसिल थाना, बेतिया से दो हथियार तस्करों को गिरफ्तार किया गया। जहां 02 अद्द देशी पिस्तौल, 01 अद्द जिंदा गोली,02 मोबाईल फोन,01 मोटरसाईकिल बरामद हुआ। जिसमें रामप्रवेश कुमार, सा०-छपवा फुलवरिया, थाना-सुगौली, जिला- पूर्वी चम्पारण (इनके विरुद्ध सुगौली थाना काण्ड सं0-662/ 20 एवं बंजरिया थाना काण्ड सं0-874/ 22 काण्ड दर्ज है।) (२) संदीप कुमार सा०- श्रीपुर भटवलिया, थाना-सुगौली, जिला- पूर्वी चम्पारण को गिरफ्तार किया गया है। उक्त संबंध में बेतिया मुफ्फसिल थाना काण्ड सं0- 818 / 22, दिनांक-24.09.2022, धारा- 25(1-बी) ए/26/35 आर्म्स एक्ट अंकित कर अग्रेत्तर कार्रवाई कर रही हैं।

### ट्रैक्टर व कन्टेनर की टक्कर में चार की मौत, नौ घायल

**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश के ललितपुर जिले में रविवार को कोतवाली तालबेहट क्षेत्र में राजमार्ग पर एक कंटेनर ट्रक और ट्रैक्टर की आमने सामने से हुयी जोरदार टक्कर में 04 लोगों की दर्दनात मौत हो गयी, जबकि 09 अन्य घायल हो गये। पुलिस के अनुसार तालबेहट में ग्राम बम्होरीसर के 16 मजदूर ट्रैक्टर पर सवार होकर उड़द की फसल काटने के लिए जा रहे थे। इस दौरान राजमार्ग संख्या 44 पर झांसी की ओर से आ रहे तेज रफ्तार कन्टेनर ट्रक ने ट्रैक्टर में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे ट्रैक्टर में सवार 14 मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गये, जिन्हें पुलिस ने उपचार हेतु एम्बुलेंस से तालबेहट स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भेजा। चिकित्सकों ने ग्राम बम्होरीसर निवासी भारती (22 वर्ष) पत्नी जमुना, किरण (36 वर्ष) पत्नी तुलाराम, पन्ना लाल (42 वर्ष) पुत्र हीरालाल और ग्राम म्याय निवासी टैक्टर चालक निरपत (60 वर्ष) पुत्र घासीराम को मृत घोषित कर दिया। इस हादसे में नौ अन्य गंभीर रूप से घायल हुए, जिन्हें झांसी मेडीकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

## पं. दीनयाल की विचारधारा ही विश्व का कल्याण कर सकती है : गडकरी

**कानपुर देहात (एजेंसी)।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने एकात्म मानववाद दर्शन के प्रणेता पं. दीनदयाल उपाध्याय की विचारधारा को समस्त विश्व के लिये कल्याणकारी बताते हुए कहा है कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति की समस्याओं का निराकरण करने में सक्षम इस विचारधारा से ही मानव जाति की ज्वलंत समस्याओं का हल मिल सकता है। गडकरी ने उत्तर प्रदेश के कानपुर में रविवार को पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती और कनकरानी की छठवीं पुण्य तिथि पर आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचे केन्द्रीय मंत्री गडकरी ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि एक समय था, जब कानपुर में कम्युनिस्ट



पार्टी जीतती थी, लेकिन अब वह दौर समाप्त हो गया है। गडकरी ने कहा कि विश्व में इस पर शोध हो रहा कि कौन सी विचारधारा है, जो सभी का कल्याण कर सकती है? उन्होंने कहा, मेरा स्पष्ट मत है कि पं. दीनदयाल जी की विचारधारा ही सबसे सही है। जो सबके कल्याण का मार्ग प्रशस्त कर सकती है। उन्होंने कहा कि देश का किसान अब अन्नदाता नहीं बल्कि ऊजार्दाता बनेगा। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी भी मौजूद रहे। गडकरी ने कार्यक्रम के आयोजक, स्थानीय सांसद देवेंद्र सिंह भोले का भी आभार प्रकट करते हुए कहा कि वह जीवन के विकास पथ पर रहते हुए अपने माता पिता की स्मृतियों को संजो कर रखते हैं। उन्होंने कहा कि पं.दीनदयाल उपाध्याय जी ने कहा था समाज के पिछड़े शोषित दलित हैं, जिनके पास रोटी कपड़ा और मकान नही है, उनको भगवान मान कर सेवा करें व उनको सुविधायें दे। उन्होंने कहा कि वह इसी विचारधारा पर चलते हूं। उन्होंने कहा कि उनका जीवन राष्ट्र के लिए समर्पित है। राष्ट्र को सही दिशा में सुशासन की ओर ले जाना ही मोदी सरकार का मिशन है।

### उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने मेडिकल कॉलेज का किया निरीक्षण, कहा

## गुणवत्ता से समझौता किसी कीमत पर समझौता नहीं किया जाएगा

**सिद्धार्थनगर (एजेंसी)।** जिला अस्पताल परिसर में 48 करोड़ की लागत से बन रहे 300 शय्या के मेडिकल कॉलेज का उपमुख्यमंत्री/स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने निरीक्षण करके कमियों को शीघ्र सुधार करने का निर्देश दिया है। भारतीय जनता पार्टी के पहले प्रदेश अध्यक्ष स्वर्गीय माधव प्रसाद त्रिपाठी के नाम पर बन रहे मेडिकल कालेज के भवन की गुणवत्ता को उन्होंने देखा। फायर सर्विस द्वारा लगाए गए पाइप व उसकी गुणवत्ता देखकर नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्यदायी संस्था को फटकार



लगाते हुए जिलाधिकारी को फायर फाइटर का कार्य करने वाली संस्था पर पेनाल्टी लगाने का निर्देश दिया।कमियों को तत्काल दूर कराने को कहा। मेडिकल कॉलेज के निर्माण कार्य कराने वाली कार्यदायी संस्था द्वारा उपमुख्यमंत्री को बताया गया कि भवन निर्माण का कार्य पूर्ण हो गया है।तीन सौ शय्या का यह मेडिकल कॉलेज ग्राउंड सहित 7 मंजिले का है। बिजली, साफ सफाई व फिनिसिंग कार्य शीघ्र पूर्ण कराकर 31 अक्टूबर तक इसे सुपुर्द कर दिया जाएगा। स्वास्थ्य मंत्री ने मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य को सुपुर्दगी से पहले पूरे भवन का निरीक्षण करने को कहा है। उन्होंने कहा कि गुणवत्ता से समझौता किसी कीमत पर समझौता नहीं किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान एक युवक ने स्वास्थ्य मंत्री से इमरजेंसी वार्ड में इलाज के नाम पर मरीजों का आर्थिक रूप से शोषण किये जाने की शिकायत पर उन्होंने मामले की जांच कराकर कार्यवाही करने का निर्देश दिया है। निरीक्षण के दौरान सांसद जगदम्बिकापाल,सदर विधायक श्याम धनी राही, पूर्व स्वास्थ्य मंत्री/विधायक जय प्रताप सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष गोविंद माधव,जिलाधिकारी संजीव रंजन, पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द, मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार, मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य/सीएमएस डॉ.एके झा, सीएमओ डॉ विनोद कुमार अग्रवाल उपस्थित रहे।

### बंगाल पुलिस ने अंतरराष्ट्रीय अपहरण रैकेट का किया भंडाफोड़

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल पुलिस ने अमेरिका में नौकरी के नाम पर युवाओं के अपहरण के अंतरराष्ट्रीय रैकेट का भंडाफोड़ करते हुए तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है। विधाननगर पुलिस आयुक्त कार्यालय की ओर से एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को बताया कि अंतरराष्ट्रीय अपहरण के इस मामले में तीन बदमाशों को तो गिरफ्तार किया ही गया है साथ ही इनके चुंगल में फंसे 18 युवाओं को भी बचाया गया है। इन युवाओं को कथित रूप से अमेरिका में मोटी कमाई वाली नौकरियों में लगाये जाने का झांसा देकर लाया गया था। उन्होंने बताया कि एनएससीबीआईए पुलिसथाने में हरियाणा निवासी नरेश कुमार ने 16 सितंबर को एक शिकायत दर्ज करायी थी कि उनका बेटा अमेरिका में नौकरी दिलाये जाने की बात कहकर कोलकाता लाया गया था लेकिन पिछले महीने से उसका कुछ अता पता नहीं है। उन्होंने बताया कि उन्होंने उनके साथ इस धोखे को अंजाम देने वाले बदमाशों की मांग पर वह उन्हें लगभग 40 लाख रुपये दे चुके हैं। पुलिस ने प्राप्त शिकायत पर तेजी से कार्रवाई करते हुए एयरपोर्ट के निकट के इलाके में छापे मारे और तीन लोगों को गिरफ्तार किया। जब इन बदमाशों से सख्ती से पूछताछ की तो इन्होने लड़कों के बारे में जानकारी दी और इसके बाद पुलिस ने उसी घर में एक बंद जगह पर कैद युवओं को बाहर निकाला। बचाकर निकाले गये युवाओं में से आठ को घर जाने की अनुमति दे दी गयी है क्योंकि काफी दिनों तक बंद रहने के कारण वह मानसिक रूप से बहुत अधिक तनाव में थे। दस युवाओं ने पूछताछ की जा रही है ताकि इस मामले की तह तक पहुंचा जा सके। अधिकारी ने बताया कि यह बदमाश अमेरिका में मोटी कमाई वाली नौकरी दिलाने का ख्वाब दिखाकर मुख्य रूप से पंजाब और हरियाणा के युवाओं को झांसे में लेकर कोलकाता लाया करते थे।

## न्यूज गैलरी

### नये अध्यक्ष की नियुक्ति के लिए 18 अक्टूबर को होगा बीसीसीआई का चुनाव

**मुंबई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के नये अध्यक्ष की नियुक्ति के लिए चुनाव 18 अक्टूबर 2022 को आयोजित होंगे। बीसीसीआई द्वारा नियुक्त निर्वाचन अधिकारी एके जोती ने राज्य संघों को सूचना जारी करते हुए कहा कि वे अपने प्रतिनिधियों का नामांकन चार अक्टूबर को शाम छह बजे से पहले-पहले कर सकते हैं। सूचना के अनुसार बीसीसीआई अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, संयुक्त सचिव और कोषाध्यक्ष की नियुक्ति के लिए चुनाव 18 अक्टूबर को होंगे और नतीजे भी इसी दिन सामने आयेंगे। उम्मीदवार सूची का मसौदा पांच अक्टूबर को किया जायेगा जबकि अगले दो दिन इस मसौदे पर आपत्तियां आमंत्रित करने के लिये रखे जायेंगे। वैध उम्मीदवारों की सूची 13 अक्टूबर को शाम सात बजे प्रकाशित की जायेगी और उम्मीदवार 14 अक्टूबर को सुबह 10 बजे से शाम चार बजे के बीच अपना नामांकन वापस ले सकते हैं। चुनाव लड़नेवाले उम्मीदवारों की सूची चुनाव से तीन दिन पहले 15 अक्टूबर को प्रकाशित की जायेगी। बीसीसीआई आम चुनाव की संहिता के अनुसार एक उम्मीदवार केवल एक पद के लिए चुनाव लड़ सकता है।

### भारत ने शॉटगन विश्व चैंपियनशिप में जीता स्वर्ण

**ओसेजिक/क्रोएशिया (एजेंसी)।** शार्दुल विहान, शपथ भारद्वाज और आर्य वंश त्यागी की भारतीय तिकड़ी ने यहां आयोजित शॉटगन विश्व चैम्पियनशिप की ट्रैप टीम जूनियर पुरुष प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल किया। भारतीय टीम ने स्वर्ण पदक मुकाबले में इटली को 6-4 से मात दी। भारतीय तिकड़ी ने फाइनल में पहुंचने के लिए अमेरिका को शूटऑफ में 2-0 से हराया था जबकि इटली की टीम क्वालीफिकेशन राउंड में 206 पॉइंट के साथ पहले स्थान पर रही थी। स्वर्ण पदक मुकाबले में भी इमैनुअल एजी, गियरमार्को बारलेता और एडोआर्डो एंतोनिओली की टीम ने 4-0 की बढ़त हासिल कर ली थी, लेकिन भारतीय टीम ने अगले तीन मुकाबले 13-12, 15-14 और 14-12 से जीतकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। उल्लेखनीय है कि पांच शॉट के एक राउंड में बेहतर स्कोर वाली टीम को दो अंक दिये गये। भारतीय टीम के नायक आर्य वंश रहे जिन्होंने मैच के दौरान 25 में 24 शॉट सही लगाये। इसके अलावा शार्दुल ने 22 और शपथ ने 21 बार सही निशाना लगाया। इसी बीच, सबीरा हारिस, प्रीति रजक और आद्या त्रिपाठी की भारतीय टीम ने 172 अंकों के साथ प्रतियोगिता में सातवां स्थान प्राप्त किया।

### दिल्ली एफसी ने खिताबी उम्मीदों को रखा जिंदा

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली एफसी ने रविवार को कृष्णा पांडे और फहाद तैमूरी के गोलों की बदौलत रॉयल रेंजर्स को 2-1 से हराकर पहली प्रीमियर लीग का खिताब जीतने की अपनी उम्मीदों को जिंदा रखा। फहाद तैमूरी को उनके दर्शनीय गोल के लिये मैन ऑफ द मैच चुना गया। दिन के दूसरे मैच में सुदेवा ने तरुनसंघा को शिकस्त सौंपी। खेलो इंडिया महिला लीग में, हॉप्स क्लब ने ग्रोइंग स्टार को 5-0 से पराजित करके अपने विजय अभियान में एक और कामयाबी जोड़ी। विजेता के गोल संतोष (दो), समीक्षा, पूजा और तन्नू ने किये। दिन के दूसरे मैच में हंस क्लब ने लक्ष्मी, आशा थापा और अनिता के गोलों से ईव्स को 3 - 1 से परास्त किया। पराजित टीम का गोल यति मेहता ने किया।

# दीप्ति शर्मा के रन आउट करने से दो धड़ों में बंटी क्रिकेट की दुनिया

**लंदन (एजेंसी)।** लॉर्ड्स में भारत और इंग्लैंड की महिला क्रिकेट टीम के बीच तीसरा वनडे झूलन गोस्वामी का आखिरी वनडे था। भारत की झूलन गोस्वामी की चर्चा इस सिरीज के शुरू होने से पहले से ही थी। इस वनडे मैच में भारतीय टीम ने 16 रन से जीत हासिल की और झूलन को अच्छी विदाई दी, लेकिन झूलन के साथ-साथ यह मैच इंग्लैंड के आखिरी विकेट के कारण लगातार सुर्खियां बटोर रहा है। क्रिकेट की दुनिया इसको लेकर बंटी हुई है कि जो हुआ वह खेल भावना के तहत था या नहीं। दरअसल, यह मैच काफी रोमांचक हो गया था। वैसे तो भारतीय महिला टीम पहले ही ये सीरीज जीत चुकी थी, लेकिन इंग्लैंड को इंग्लैंड की धरती पर 3-0 से हराना भारतीय टीम के लिए आदर्श स्थिति थी। एक समय मैच में भारतीय महिला टीम काफी




मजबूत स्थिति में थी, लेकिन सात विकेट सिर्फ 65 रन पर गंवाने के बाद भी इंग्लैंड की टीम ने हिम्मत नहीं हारी। खासकर, चार्ली डीन की संयमित पारी ने भारतीय कैंप को परेशान जरूर कर रखा था। इंग्लैंड की टीम ने 118 रन पर नौ विकेट गंवा दिये थे, लेकिन डीन ने इसके बावजूद हिम्मत नहीं हारी।

डीन और फ्रेया डेविस ने आखिरी विकेट के लिए 35 रनों की साझेदारी कर ली थी और ओवर्स काफी बचे थे। लग रहा था कि डीन और डेविस इंग्लैंड को ये मैच जिता देंगी, तभी 44वें ओवर में ऐसा कुछ हुआ, जिससे क्रिकेट की दुनिया पूरी तरह बंट गयी। दीप्ति शर्मा गेंदबाजी कर रही थीं। तभी नॉन स्ट्राइकर चार्ली डीन ने गेंद फेंके जाने से पहले ही क्रीज छोड़ दी और दीप्ति शर्मा ने विकेट की गिल्ली गिरा दी और आउट की अपील की। हालांकि, चार्ली डीन क्रीज छोड़कर बहुत आगे निकल गयी थीं, लेकिन अंपायर ने फिर भी इसे थर्ड अंपायर के पास भेजा और थर्ड अंपायर ने चार्ली डीन को आउट करार दिया।

### सोशल मीडिया पर ट्रेंड करने लगीं दीप्ति शर्मा

**इसके** साथ ही स्टेडियम में एक तबका भारतीय टीम की हूटिंग करने लगा। मैच की कमेंट्री कर रहे पूर्व क्रिकेटर्स की राय भी अलग-अलग आने लगी और झूलन गोस्वामी के संन्यास की खबर को छोड़कर सब इस फैसले की चर्चा करने लगे। सोशल मीडिया पर दीप्ति शर्मा ट्रेंड करने लगीं और इस पर चर्चा भी होने लगी। तो क्या दीप्ति शर्मा ने नॉन स्ट्राइकर चार्ली डीन को रन आउट करके कुछ गलत किया। अगर नियमों की बात करें, तो बिल्कुल नहीं। पहले भी इस तरह खिलाड़ी रन आउट हुए हैं, लेकिन उसे खेल भावना के खिलाफ कहा जाता था, तो कुछ लोग इसे अनैतिक कहते थे। लेकिन अब तो आईसीसी ने भी इस तरह के आउट को सही कहा है। आईसीसी ने हाल ही में जारी किये गये क्रिकेट के कुछ नियमों में इसका खास जिक्र किया है, लेकिन कई पूर्व और मौजूदा क्रिकेटर्स और कमेंटेटर्स इसे अनैतिक और खेल भावना के खिलाफ मान रहे हैं। एक कमेंटेटर ने तो यहां तक कह दिया कि भारत को इस तरह ये मैच नहीं जीतना चाहिए था, लेकिन इस मामले पर उठ रहे सवालों का दो टूक जवाब कप्तान हरमनप्रीत कौर की ओर से आया है। मैच के बाद पुरस्कार समारोह में बातचीत के दौरान जब उनसे ये पूछा गया तो उन्होंने पहले तो भारत की इस मैच में रणनीति की चर्चा की और ये भी बताया कि भारत की टीम इसमें कैसे जीती, लेकिन जब कमेंटेटर ने उनसे ये कहा कि वे उनके सवाल को टाल रही हैं, तो हरमनप्रीत कौर ने उलटे उनसे पूछ लिया और कहा- मैंने तो ये सोचा था कि आप बाकी के नौ विकेटों के बारे में भी पूछेंगे। हमने आईसीसी के नियमों को उल्लंघन नहीं किया है।

# झूलन ने इंटरनेशनल क्रिकेट से लिया संन्यास, शेयर किया रिटायरमेंट लेटर



**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय महिला टीम की दिग्गज झूलन गोस्वामी ने आधिकारिक तौर पर इंटरनेशनल क्रिकेट से अपने संन्यास की घोषणा कर दी है। झूलन ने अपना आखिरी मैच इंग्लैंड के खिलाफ लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड पर खेला, जिसमें भारतीय टीम को 16 रन से जीत मिली। इस मैच में झूलन ने दो विकेट चटकाये थे। झूलन गोस्वामी ने रिटायरमेंट की घोषणा करने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया। उन्होंने रिटायरमेंट लेटर शेयर किया है, जिसमें साफ दिखाई दे रहा है कि क्रिकेट से संन्यास लेने पर वह दुखी हैं। हालांकि उन्होंने कहा है कि उन्हें भारत के लिए खेलने पर गर्व है।

#### झूलन गोस्वामी का करियर

**चकदा** एक्सप्रेस के नाम से मशहूर झूलन गोस्वामी दुनिया की सबसे तेज गेंदबाज और सबसे ज्यादा विकेट लेनेवाली गेंदबाज हैं। 6 जनवरी 2002 को इंटरनेशनल डेब्यू करनेवाली झूलन ने 19 साल के करियर में 284 मैचों में 355 विकेट चटकाये हैं। उनके नाम महिला विश्व कप में सबसे अधिक विकेट लेने का रिकॉर्ड हैं। उन्होंने 34 विश्व कप मैचों में 43 विकेट लिये हैं। वे विश्व कप में दो बार चार विकेट ले चुकी हैं। झूलन ने अपने इंटरनेशनल करियर में 1924 रन भी बनाये हैं। इसमें तीन फिफ्टी भी शामिल हैं। झूलन गोस्वामी के आखिरी मैच में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 45.4 ओवर में 169 रन बनाये, इसके जवाब में इंग्लैंड की टीम 43.4 ओवर में 153 रन ही बना सकी। इस मैच में झूलन गोस्वामी ने 10 ओवर में 30 रन देकर 2 विकेट लिये। झूलन का 10 ओवर का कोटा खत्म होने के बाद भारतीय खिलाड़ियों ने झूलन को बधाई दी और गले मिले। झूलन गोस्वामी ने लेटर में लिखा, "मेरे क्रिकेट परिवार और उससे आगे। आखिरकार वह दिन आ गया है! जैसे हर सफर का अंत होता है, मेरी 20 साल से अधिक की क्रिकेट यात्रा आज समाप्त हो रही है। मैं क्रिकेट के सभी प्रारूपों से अपने रिटायरमेंट की घोषणा करती हूं। झूलन गोस्वामी ने लिखा कि जैसा कि अर्नेस्ट हेमिंग्वे ने कहा है यात्रा का अंत होना अच्छा है, लेकिन यह वह यात्रा है जो अंत में मायने रखती है। मेरे लिये यह यात्रा सबसे संतोषजनक रही है। यह आनन्ददायक, रोमांचकारी या कम शब्दों में कहूं तो एडवेंचर की तरह रही। मुझे दो दशकों से अधिक समय तक भारत की जर्सी पहनने और अपनी क्षमता के अनुसार अपने देश की सेवा करने का सम्मान मिला है।

### झूलन के फेयरवेल मैच में पूरी टीम हुई इमोशनल, गले लगकर फूट-फूटकर रोईं हरमनप्रीत

**लंदन (एजेंसी)।** इंडियन वुमन टीम की दिग्गज गेंदबाज झूलन गोस्वामी के फेयरवेल मैच से पहले टीम की कैप्टन हरमनप्रीत कौर भावुक हो गयीं और मैदान पर ही झूलन को गले लगाकर फूट-फूटकर रोने लगी। मुकाबले से पहले चकदा एक्सप्रेस को उनके शानदार करियर के लिए भारतीय टीम की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। झूलन की विदाई पर पूरी टीम इमोशनल हो गयी। हरमनप्रीत ने झूलन की कप्तानी के दौरान ही डेब्यू किया था। ऐसे में उनका झूलन के जाने पर इमोशनल होना लाजमी है। वहीं, हरमनप्रीत कई मौकों पर कहती नजर आयीं हैं कि झूलन से वह बहुत कुछ सीखती रही हैं। झूलन के जाने का दु:ख पूरी टीम के चेहरे पर साफ देखा जा सकता था। इस दौरान सभी खिलाडियों ने झूलन के साथ अपनी मीठी यादों को साझा किया और झूलन को भावुक विदाई दी।

# राष्ट्रीय खेल 2002 के बाद मेरे करियर ने उड़ान भरी : सानिया



**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** भारत की स्टार टेनिस खिलाड़ी सानिया मिर्जा ने राष्ट्रीय खेल 2022 के शुरू होने से पहले रविवार को कहा कि राष्ट्रीय खेलों ने उनके करियर को महत्वपूर्ण प्रोत्साहन दिया। सानिया ने कहा कि मैं सिर्फ 16 साल की थी जब 2002 में राष्ट्रीय खेल आयोजित हुए। मैंने अच्छा प्रदर्शन करके प्रसिद्धि हासिल की। यह मेरे अंतरराष्ट्रीय करियर के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रोत्साहन साबित हुआ। हैदराबाद से आनेवाली सानिया ने इसके बाद अपने करियर में छह ग्रैंड स्लैम युगल खिताब जीते। सानिया इससे पहले दिल्ली की जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप से लेकर राष्ट्रीय खेलों और हैदराबाद के डब्ल्यूटीए टूर्नामेंट तक भारत में भी खूब टेनिस खेल चुकी थीं। उनके इस स्वर्णिम सफर ने कई युवाओं को प्रेरित किया, जिनमें एक नाम अंकिता रैना का भी है।

सानिया ने सात सालों बाद राष्ट्रीय खेलों के आयोजन पर अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कहा कि मैं आयोजकों की सफलता की कामना करती हूं और प्रतियोगियों को उनकी आकांक्षाओं को प्राप्त करने के लिए शुभकामनाएं देता हूं। उन्होंने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह अंतर्राष्ट्रीय पर्दे पर आने से पहले खुद को परखने के लिए सही मंच है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय खेल अद्वितीय हैं, क्योंकि यहां अनुभवी खिलाड़ियों और उभरते हुए सितारों का एक मिश्रण देखने को मिलता है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय खेलों में शीर्ष एथलीटों की उपस्थिति उभरती प्रतिभाओं के लिए प्रेरणा का एक बड़ा स्रोत है।

# टी-20 वर्ल्ड कप से बाहर किये गये कुलदीप ने ली हैट्रिक

**चेन्नई (एजेंसी)।** टीम इंडिया का धाकड़ स्पिनर कुलदीप यादव (51/4) की फिरकी का कमाल न्यूजीलैंड-ए के खिलाफ दूसरे अनऑफिशल वनडे में देखने को मिला। बाएं हाथ के चाइनामैन गेंदबाज ने पारी के 47वें ओवर की आखिरी तीन गेंदों में तीन विकेट झटकते हुए हैट्रिक पूरी की। इसकी वजह से न्यूजीलैंड-ए टीम सभी विकेट खोकर 219 रनों पर ऑलआउट हो गयी। उसके लिये सबसे अधिक जो कार्टर ने 72 रन की पारी खेली, जबकि रचिन रविंद्र ने 61 रन बनाये।

**यूं पूरी हुई कुलदीप यादव की हैट्रिक :** टी-20 वर्ल्ड कप टीम के लिए नहीं चुने गये कुलदीप यादव ने 47वें ओवर की चौथी गेंद पर वानी बीक को पृथ्वी साव के हाथों कैच आउट कराया। वह छह गेंदों में चार रन बना सके। इसके बाद अगली गेंद जो वाकर के समझ ही नहीं आयी और गेंद बल्ले का किनारा लेते हुए कप्तान संजू सैमसन के पास पहुंची, जिसे उन्होंने लपकने में कोई गलती नहीं की।




ओवर की आखिरी गेंद कुलदीप ने जेकब डफी के पैरों में कर दी, जिसे किवी बल्लेबाज समझ ही नहीं पाया और स्टंप्स के सामने पकड़ा गया। इस तरह कुलदीप यादव की शानदार हैट्रिक पूरी हुई। बता दें कि कुलदीप इससे पहले वनडे इंटरनेशनल में दो बार हैट्रिक ले चुके हैं। इससे पहले 2019 दिसम्बर में वेस्टइंडीज के खिलाफ, जबकि 2017 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ लगातार तीन गेंदों में तीन विकेट झटके थे। वह वनडे इंटरनेशनल में दो हैट्रिक लेने वाले भारत के पहले गेंदबाज भी हैं।

**वनडे में सबसे ज्यादा हैट्रिक :** वनडे इंटरनेशनल में एक से ज्यादा हैट्रिक लेनेवाले गेंदबाजों की बात करें तो लसिथ मलिंगा सबसे आगे हैं। मलिंगा के नाम तीन तिकड़ी हैं। इसके अलावा वसीम अकरम, सकलैन मुश्ताक (पाकिस्तान), चमिंडा वास (श्रीलंका) और ट्रेंट बोल्ट (न्यूजीलैंड) ने दो-दो हैट्रिक ली हैं। कुलदीप यादव के नाम दो हैट्रिक है।

**भारत की ओर से कौन हैं हैट्रिक लेने वाले बॉलर :** कुलदीप के अलावा भारत की तरफ से वनडे में चेतन शर्मा, कपिल देव और मोहम्मद शमी ने हैट्रिक ली है। इन सभी के नाम एक बार हैट्रिक लेने की उपलब्धि दर्ज है। टेस्ट क्रिकेट की बात करें तो भारत की ओर से हरभजन सिंह, इरफान पठान और जसप्रीत बुमराह ने तिकड़ी बनायी है। भारत की तरफ से टी-20 में हैट्रिक विकेट लेनेवाले एकमात्र गेंदबाज दीपक चाहर हैं।

# यशस्वी जायसवाल दिखा रहे थे टशन रहाणे ने मैदान से निकाल किया बाहर



**चेन्नई (एजेंसी)।** दलीप ट्रॉफी के फाइनल मैच में वेस्ट जोन के कप्तान अजिंक्य रहाणे टीम के साथी खिलाड़ी यशस्वी जायसवाल पर बुरी तरह भड़के उठे और उन्हें धकियाते हुए मैदान से बाहर कर दिया। यह घटना साउथ जोन के खिलाफ फाइनल मैच की है जब 20 साल के यशस्वी रवि तेजा के साथ उलझ गये। यशस्वी बार-बार उन्हें स्लेज कर रहे थे, जिसके बाद रवि ने इसकी शिकायत अंपायर से कर दी। इसके बाद वेस्ट जोन के कप्तान रहाणे ने यशस्वी को समझाया, लेकिन इसके बाद भी यशस्वी नहीं माने फिर रहाणे ने जो किया वह काफी हैरान करनेवाला था। रहाणे ने लाइव मैच में यशस्वी को मैदान से बाहर भेज दिया। कप्तान ने उसके बदले किसी दूसरे फील्डर को भी नहीं बुलाया और 10 खिलाड़ी के साथ मैच को आगे बढ़ाया। हालांकि सात ओवर बीतने के बाद यशस्वी को फिर से मैदान पर वापस बुला लिया गया। बता दें कि दलीप ट्रॉफी के इस फाइनल मैच में वेस्ट जोन की टीम ने साउथ को 294 रनों के बड़े अंतर से हराया। वेस्ट जोन ने साउथ के सामने 529 रनों का विशाल लक्ष्य रखा था लेकिन टीम सिर्फ 234 रन बनाकर सिमट गयी।

**यशस्वी ने जड़ा था दोहरा शतक :** दलीप ट्रॉफी के फाइनल में वेस्ट जोन की जीत में यशस्वी जायसवाल की भूमिका काफी महत्वपूर्ण रही। मैच में उन्होंने बल्लेबाजी के लिए 265 रनों की बेहतरीन पारी खेली। इस दौरान उन्होंने 323 गेंदों का सामना करते हुए 30 चौके और चार छक्के भी लगाये।

# झूलन गोस्वामी : बॉल गर्ल से वर्ल्ड चैम्पियन बनने तक का सफर

**लंदन (एजेंसी)।** भारत और इंग्लैंड के बीच लॉर्डस में खेले गये तीसरे और अंतिम वनडे इंटरनेशनल मैच में भारत की सीनियर खिलाड़ी झूलन गोस्वामी यानी चकदा एक्सप्रेस अपने करियर में आखिरी बार मैदान पर उतरीं। झूलन गोस्वामी जब बल्लेबाजी करने उतरीं तो भारत और इंग्लैंड के खिलाड़ियों ने लाइन में खड़े होकर उन्हें 'गार्ड ऑफ ऑनर' दिया। दर्शकों ने भी तालियों की गड़गड़ाहट से उनका स्वागत किया। ईडन गार्डन्स, भारत में क्रिकेट का मक्का।

29 दिसम्बर 1997 के दिन मैदान में काफी उत्साह था। महिला क्रिकेट विश्व कप के फाइनल में न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया का मुकाबला चल रहा था। ऑस्ट्रेलिया की बेलिंडा क्लार्क चारों तरफ चौके छक्के लगा रही थीं। उसी फाइनल मैच में 15 साल की एक भारतीय लड़की भी थी, जो बंगाल के एक गांव से आयी थी और बॉल गर्ल की ड्यूटी पर थी। विश्व कप की चकाचौंध और महिला क्रिकेट के धुरंधरों को देख उस युवा लड़की के आंखों में भी एक नया सपना संजो दिया- एक दिन वर्ल्ड कप में खेलने का सपना। यही वो पल था जिसने हमेशा के लिए झूलन गोस्वामी नाम की उस लड़की की ज़िंदगी बदल दी। बंगाल के एक छोटे से गांव चकदा में मैं पली बढ़ी। आंगन में घर के सब लड़के क्रिकेट खेलते थे, जैसे अक्सर गांव-मोहल्लों में होता है। मैं उनकी बॉल गर्ल होती थी। आज जब 20 साल लंबे करियर के बाद वो रियाटर हो रही हैं तो उसी झूलन गोस्वामी की गिनती दुनिया की सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटरों में होती है।

### क्रिकेट खेलने से खुश नहीं थे गांव वाले और झूलन के घरवाले




**लॉर्ड्स** मैदान पर अपना आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने के बाद उनके नाम पर 255 विकेट हो गये। अपने शुरुआती दिनों को याद करते हुए झूलन बताती हैं, बंगाल के एक छोटे से गांव चकदा में मैं पली बढ़ी। आंगन में घर के सब लड़के क्रिकेट खेलते थे, जैसे अक्सर गांव-मोहल्लों में होता है। मैं उनकी बॉल गर्ल होती थी जिसका काम था आंगन के बाहर गयी गेंद को उठाकर लाना और भाइयों को देना। दोपहर में जब सब सो जाते थे तो मैं अकेले प्रेक्टिस करती थी। मैं दस साल की थी। मुझे याद है कि 1992 का पुरुष क्रिकेट वर्ल्ड कप टीवी पर देखा था और क्रिकेट को लेकर अचानक मेरी दिलचस्पी बढ़ गयी थी। सचिन सर को टीवी पर खेलते हुए देखना आज तक याद है। वो सचिन-सचिन की आवाजें, वो जादुई था। झूलन याद करते हुए बताती हैं कि लड़के कहा करते थे कि मैं धीमी गेंद डालती हूं। साथ ही अगर आपको उनकी नजर में जगह बनानी है तो ऑलराउंडर बनना पड़ता था, तो मैंने भी ये चैलेंज खुद पर ले लिया कि मैं तेज गेंदबाजी कर सकूं। लेकिन गांव में न तो कोई सुविधा थी, न ही कोचिंग इसलिए झूलन ने ट्रेनिंग के लिए रोज गांव से कोलकाता जाना शुरू कर दिया। झूलन बताती हैं कि मैं सुबह-सुबह बहुत जल्दी उठकर ट्रेन लेकर गांव से कोलकाता आती थी और ट्रेनिंग के बाद फिर से ट्रेन लेकर गांव में स्कूल। मेरी गेंदबाजी और मेरे कद को देखकर वहां के कोच ने मुझसे कहा कि मैं अपनी गेंदबाजी पर ध्यान दूं। सवप्न साधू बताते हैं कि गांव वाले और झूलन के घरवाले झूलन के क्रिकेट खेलने से खुश नहीं थे। धीरे-धीरे झूलन का एकेडमी आना बंद हो गया। उसकी काबिलियत को देखते हुए मैं झूलन के गांव गया और सबको मनाया कि वो झूलन को खेलने दें। बाकी तो सब आपके सामने हैं।



# न्यूज गैलरी

## खाद्य तेल और दाल-दलहन में मिलाजुला रुख

नयी दिल्ली। वैश्विक बाजार के मिश्रित रुख के प्रभाव में बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल के साथ ही दाल-दलहन की कीमतों में मिलाजुला रुख रहा वहीं अनाज एवं मीठे के भाव पिछले स्तर पर टिके रहे। तेल तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अक्टूबर वायदा समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान चार रिंगिट की मामूली बढ़त के साथ 3674 रिंगिट प्रति टन पर रहा। वहीं, अक्टूबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा सप्ताहांत पर 0.99 सेंट की गिरावट लेकर 66.05 सेंट प्रति पाउंड रह गया। बीते सप्ताह सरसों तेल 147 रुपये प्रति क्विंटल महंगा रहा जबकि मूंगफली तेल 146 रुपये, सोया रिफाइंड 513 रुपये, पाम ऑयल 1025 रुपये और वनस्पति तेल 146 रुपये प्रति क्विंटल गिर गया। वहीं सूरजमुखी तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ और वह पिछले स्तर पर स्थिर रहा। सप्ताहांत पर सरसों तेल 17143 रुपये प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल 19780 रुपये प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 19780 रुपये प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 14505 रुपये प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 11429 रुपये प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 15091 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा।

## विदेशी मुद्रा भंडार 5.22 अरब डॉलर गिरकर 545.7 अरब डॉलर पर

मुंबई। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर), स्वर्ण भंडार और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के आरक्षित निधि में कमी आने से देश का विदेशी मुद्रा भंडार 16 सितंबर को समाप्त सप्ताह में 5.22 अरब डॉलर घटकर लगातार सातवें सप्ताह उतरता हुआ 545.7 अरब डॉलर रह गया जबकि इसके पिछले सप्ताह यह 2.23 अरब डॉलर कम होकर 550.9 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 16 सितंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 4.7 अरब डॉलर की गिरावट लेकर 484.9 अरब डॉलर रह गयी। इस अवधि में स्वर्ण भंडार में 45.8 करोड़ डॉलर की कमी आई और यह घटकर 38.2 अरब डॉलर पर आ गया। वहीं, आलोच्य सप्ताह एसडीआर 3.2 करोड़ डॉलर कम होकर 17.7 अरब डॉलर रह गया। इस अवधि में आईएमएफ के पास आरक्षित निधि 3.1 करोड़ डॉलर घटकर 4.9 अरब डॉलर पर आ गई।

## कर्मचारियों को फिट रहने पर जेरोधा कंपनी देगी एक्स्ट्रा सैलरी और 10 लाख का इनाम

नई दिल्ली। क्या आपने कभी सुना है कि कोई कंपनी अपने कर्मचारियों को फिट रहने के लिए बोनस दे? ऐसा सच में हुआ है। दरअसल, ऑनलाइन ब्रोकिंग फर्म जेरोधा अपने कर्मचारियों के लिए फिटनेस चैलेंस लेकर आई है। इस चैलेंस को पूरा करने वाले कर्मचारी को एक महीने की एक्स्ट्रा सैलरी दी जाएगी। इसके अलावा कंपनी की ओर से 10 लाख रुपये का लकी ड्रॉ भी रखा गया है। जेरोधा के सह संस्थापक और सीईओ नितिन कामथ कहते हैं कि उनकी पहल स्वास्थ्य से जुड़ी हुई है। उन्होंने कर्मचारियों को फिट रहने के लिए रोजाना लक्ष्य तय करने को कहा है। जो भी कर्मचारी एक साल तक रोजाना उस लक्ष्य का 90 फीसदी हासिल करेगा, उसे एक महीने की एक्स्ट्रा सैलरी दी जाएगी। कामथ ने कहा, हमारी टीम के अधिकतर लोक वर्क फ्रॉम होम पर हैं। ऐसे में उनकी स्मोकिंग और बैठने की आदत हो गई है, जिस कारण उनकी सेहत भी बिगड़ रही है। ऐसे में उन्होंने कर्मचारियों से कहा है कि वे फिटनेस ट्रैकर का इस्तेमाल करें और रोजाना एक गोल सेट करें। उन्होंने कहा, बोनस के रूप में एक्स्ट्रा सैलरी पाने के लिए कर्मचारियों को रोजना लक्ष्य का 90 फीसदी हासिल करना होगा।

## लंदन से पाकिस्तान लौटकर अगले सप्ताह दोबारा वित्त मंत्रालय संभाल सकते हैं इशाक डार

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पूर्व वित्त मंत्री इशाक डार अगले सप्ताह फिर से इस महत्वपूर्ण मंत्रालय का कार्यभार संभाल सकते हैं। रविवार को मीडिया की खबरों में यह जानकारी दी गई है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रहे पाकिस्तान में अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की मदद के लिए डार अपने लंदन के स्व-निर्वासन को समाप्त कर पाकिस्तान लौटेंगे। उनके अगले सप्ताह वित्त मंत्री का पद संभालने की संभावना है।

# पंजाब विजिलेंस की कार्रवाई : करोड़ों की पकड़ी गयी चोरी, हरियाणा दिल्ली से बिना टैक्स चुकाये हो रही थी माल ढुलाई

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** पंजाब विजिलेंस ब्यूरो ने पड़ोसी राज्य हरियाणा और दिल्ली के रास्ते पंजाब में ट्रांसपोर्ट कंपनियों द्वारा बिना टैक्स और बिलों से व्यापारिक सामान लाने में सरकारी खजाने को करोड़ों रुपये की चपत लगाने का पदार्फाश किया है। पंजाब के कराधान एवं आबकारी विभाग के अधिकारियों, मुलाजिमों की मिलीभगत से चल रहे इस भ्रष्टाचार में विजिलेंस ने दिल्ली की मालवा ट्रांसपोर्ट कंपनी के मालिक, उसके बेटे, तीन ड्राइवरों और एक एजेंट के साथ-साथ कराधान एवं आबकारी विभाग के कुछ अफसरों-मुलाजिमों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। ट्रांसपोर्ट कंपनी के मालिक के बेटे, तीन ड्राइवरों और एक एजेंट को गिरफ्तार कर लिया गया है। पंजाब




विजिलेंस ब्यूरो के प्रवक्ता ने बताया कि ब्यूरो के बठिंडा यूनिट की तरफ से पुख्ता जानकारी के बाद टीमें बनाकर बठिंडा में माल ढुलाई वाली संदिग्ध गाड़ियों की तलाशी ली गई। इस दौरान तीन गाड़ियों में लदे हुए सामान में से कुछ सामान बिल्टियों और बिलों के बगैर ही पंजाब में लाया जा रहा था। मौके पर की प्राथमिक जांच के बाद इस घपलेबाजी और मिलीभगत संबंधी मुकदमा विजिलेंस ब्यूरो के थाना बठिंडा में दर्ज कर लिया गया। उन्होंने बताया कि इस केस में उक्त ट्रांसपोर्ट कंपनी के मालिक का पुत्र मनदीप सिंह निवासी जुझार नगर बठिंडा, ड्राइवर संजय कुमार निवासी गांव कावेली जिला जौनपुर उत्तर प्रदेश,

> ब्यूरो के बठिंडा यूनिट की तरफ से पुख्ता जानकारी के बाद टीमें बनाकर बठिंडा में माल ढुलाई वाली संदिग्ध गाड़ियों की तलाशी ली गई।

ड्राइवर गुरदास सिंह गांव बलाहड़ विंझू जिला बठिंडा, ड्राइवर जगसीर सिंह निवासी गांव सिकंदरपुर थेड़ जिला सिरसा को गिरफ्तार कर लिया है। कंपनी के मालिक जगसीर सिंह निवासी जुझार नगर बठिंडा को जल्दी ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। मुकदमे की तफ्तीश के दौरान विभाग के संबंधित अफसरों, मुलाजिमों की तरफ से पद का दुरुपयोग करके कर चोरी करने, धोखाधड़ी और मिलीभगत से रिश्वत हासिल करने की जांच शुरू कर दी गई है।

## भारत में स्वीडन कंपनियों को लेकर रिपोर्ट जारी

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** टीम स्वीडन इन इंडिया ने भारत में स्वीडन कंपनियों के कार्यालयों, संयंत्रों, संचालन और मूल्य श्रृंखला में स्वच्छ परिवर्तन के लिए किए जा रहे कार्यों को लेकर 'ए ग्रीन जर्नी-स्वीडिश कंपनीज इन इंडिया 2022' नाम से एक रिपोर्ट जारी की। रिपोर्ट के अनुसार स्वीडन की कंपनियां स्वच्छ परिवर्तन के नए दौर में सबसे आगे हैं और पर्यावरण को स्थिरता प्रदान करना उनके लिए बुनियादी महत्व रखता है। इसमें सभी कंपनियां पर्यावरण नियमों के अनुपालन से एक कदम बढ़ कर प्रदर्शन में सुधार कर रही हैं। जल संरक्षण में 43 प्रतिशत कंपनियों ने लक्ष्य बनाए हैं और 78 प्रतिशत कंपनियों ने इस दिशा में खास पहल भी की है जबकि 51 प्रतिशत कंपनियां वर्षा जल संचय करती हैं। रिपोर्ट के अनुसार 67 फीसदी कंपनियां वहनीयता के अपने मुद्दे में पुनर्चक्रण देती हैं। सभी कंपनियों का प्रयास है कि कचरा कम से कम हो और 55 प्रतिशत कंपनियां अपने उत्पादों या पैकेजिंग के काम में पुनर्चक्रण के साथ कच्चे माल का उपयोग करती हैं। ऊर्जा खपत में कमी के लक्ष्य को 45 प्रतिशत कंपनियों ने निर्धारित किया हैं जिनमें परिवहन से संबंधित लक्ष्य भी हैं। जबकि 51 प्रतिशत कंपनियों ने ऊर्जा खपत कम करने के लिए तकनीकी या प्रक्रिया बदलने की जानकारी दी है। भारत में स्वीडन के राजदूत क्लास मोलिन ने कहा,"स्वीडन-भारत साझेदारी में वहनीयत की बुनियादी अहमियत बढ़ गई है। दोनों देशों का साझा लक्ष्य स्वच्छता का नया दौर शुरू करना और उसे गतिमान बनाए रखना है। यह द्विपक्षीय आदान-प्रदान, संयुक्त भागीदारी और व्यापार के अवसर सभी में दोनों तरफ विद्यमान है। वहनीयता सदैव सफल रहे इसके लिए सरकार, शिक्षा और उद्योग जगत सभी को योगदान देना होगा।"

# मनमोहन सरकार के आखिरी समय में भारतीय अर्थव्यवस्था अटक गयी थी : नारायण मूर्ति

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** देश की प्रमुख सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी इंफोसिस टेक्नोलॉजीज के सह-संस्थापक नारायण मूर्ति ने कहा है कि मनमोहन सिंह सरकार के आखिरी वर्षों में सरकारी फैसलों में देरी के चलते देश की आर्थिक वृद्धि थम गयी थी। श्री मूर्ति ने विगत



शुक्रवार को अहमदाबाद स्थित भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम-ए) की एक बैठक में कहा,' मैं, 2008 से 2012 के बीच लंदन में एचएसबीसी के निदेशक मंडल का सदस्य था। उस दौर के पहले कुछ वर्षों में निदेशक मंडल की बैठकों में जब चीन का उल्लेख दो से तीन बार हुआ करता था तो भारत का नाम केवल एक बार आता था।' लेकिन जब मेरा एसबीसी के निदेशक मंडल से निकलने का वक्त आया तो उस समय भारत की चर्चा शायद ही होती थी जबकि उस समय सरकार की बागडौर प्रधानमंत्री सिंह के हाथ में ही थी। श्री मूर्ति ने कहा,'मुझे नहीं पता कि बाद के वर्षों में क्या हो गया था लेकिन मनमोहन सिंह सरकार के आखिरी दौर में भारत की आर्थिक वृद्धि ठहर गयी थी। उन्होंने साथ में यह भी कहा कि मनमोहन सिंह एक असधारण व्यक्ति हैं और जिनका वह दिल से आदर करते हैं। श्री मूर्ति ने कहा,'उस वक्त फैसले तेजी से नहीं हो रहे थे, हर चीज में देरी होती थी। एक सवाल के जवाब में श्री मूर्ति ने विश्वास व्यक्त किया कि युवा पीढ़ी देश के सम्मान को वापस लाने में समर्थ है। उन्होंने यह भी कहा,' यह युवा पीढ़ी की जिम्मेदारी है कि वह ऐसा काम करे कि लोग भारत का नाम सम्मान से लें। श्री मूर्ति ने कहा,'1978 से 2022 के दौर में चीन ने भारत को छह गुना पीछे कर दिया है। मुझे विश्वास है कि यहां उपस्थित सभी युवा अगर इसे संभव करने का निश्चय कर लें तो भारत भी वह सम्मान हासिल कर सकता है जो चीन को मिल रहा है।'

## रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच सकती हैं नेचुरल गैस की कीमतें, महंगी हो जाएगी सीएनजी

**नई दिल्ली।** प्राकृतिक गैस के दाम इस सप्ताह में होने वाली समीक्षा के बाद रिकॉर्ड उच्चस्तर पर पहुंच सकते हैं। सूत्रों ने यह जानकारी दी है। प्राकृतिक गैस का इस्तेमाल बिजली उत्पादन, उर्वरक और वाहनों के लिए सीएनजी उत्पादन में होता है। देश में उत्पादित गैस का दाम सरकार तय करती है। सरकार को गैस कीमतों में अगला संशोधन एक अक्टूबर को करना है। ऊर्जा की कीमतों में हाल में आए उछाल को ह्यजोड़ने' के बाद सार्वजनिक क्षेत्र की ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी) के पुराने क्षेत्रों से उत्पादित गैस के लिए भुगतान की जाने वाली दर 6.1 डॉलर प्रति इकाई (मिलियन ब्रिटिश थर्मल यूनिट) से बढ़कर नौ डॉलर प्रति इकाई पर पहुंच सकती है। यह नियमन वाले क्षेत्रों के लिए अबतक की सबसे ऊंची दर होगी।

# ग्वाटेमाला प्रदर्शनी में भारतीय हस्तशिल्प ने बिखेरी चमक

> इस प्रदर्शनी का उद्घाटन ग्वाटेमाला के उपराष्ट्रपति व कार्यकारी राष्ट्रपति गुईलेरमो कास्टिलो तथा ग्वाटेमाला में भारत के राजदूत डॉ. मनोज कुमार महापात्रा ने किया।



**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** लातिन अमेरिकी देश ग्वाटेमाला मेड इन इंडिया- व्यापार प्रदर्शनी में भारत के 10 राष्ट्रीय दिग्गज शिल्पकार और निर्यातक हस्तशिल्प उत्पादों की विशाल श्रृंखला पेश कर भारतीय हस्तशिल्प की चमक बिखेर रहे हैं। लातिन अमेरिकी क्षेत्र में भारत के हस्तशिल्प और कलात्मक उत्पादों की अच्छी मांग है और पिछले वित्त वर्ष के दौरान भारत से 682 करोड़ रुपये मूल्य के हस्तशिल्प का निर्यात हुआ था। वस्त मंत्रालय की विगत शनिवार को यहां जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद (ईपीसीएच) द्वारा वहां भारतीय राजनयिक मिशन के सहयोग से ग्वाटेमाला सिटी में तीन दिन की यह प्रदर्शनी रविवार सम्पन्न हो रही है। ईपीसीएच के कार्यकारी निदेशक राकेश कुमार के हवाले से बताया गया है कि इस प्रदर्शनी में भारतीय हस्तशिल्प निमार्ताओं तथा निर्यातकों द्वारा घर के सजावटी सामान, फर्निशिंग, दरी-कालीन, फर्नीचर, लैम्प, फैशन आभूषण व सम्बंधित सामग्रियां, धूप-अगरबत्ती, खुशबूदार तथा आरोग्य उत्पाद प्रदर्शित किए गए हैं। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन ग्वाटेमाला के उपराष्ट्रपति व कार्यकारी राष्ट्रपति गुईलेरमो कास्टिलो तथा ग्वाटेमाला में भारत के राजदूत डॉ. मनोज कुमार महापात्रा ने किया। डॉ. मनोज कुमार महापात्रा ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से दुनिया के सामने भारत के अपार कौशल व उसकी प्रतिस्पर्धात्मक धार को प्रदर्शित करने और विश्व मानकों के अनुरूप गुणवत्ता का पालन करने का अवसर मिलता है। मंत्रालय के अनुसार वर्ष 2021-22 के दौरान हस्तशिल्प का निर्यात 33253.00 करोड़ रुपये (4.46 अरब डालर) था जो इससे पिछले वर्ष की तुलना में रुपये के हिसाब से निर्यात में 29.49 प्रतिशत और अमेरिकी डालर के हिसाब से 28.90 प्रतिशत की वृद्धि दशार्ता है।

## आर्थिक गतिविधियां महामारी-पूर्व स्तर से नीचे, ब्याज दरों में वृद्धि को धीमा करेगा आरबीआई : एडीबी

**नई दिल्ली।** आर्थिक गतिविधियां अब भी महामारी-पूर्व के स्तर पर नहीं पहुंच पाई हैं लिहाजा भारतीय रिजर्व बैंक नीतिगत दरों में वृद्धि की रफ्तार को धीमा कर सकता है। एशियाई विकास बैंक (एडीबी) की ताजा रिपोर्ट में यह अनुमान लगाया गया है। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि वृद्धि को समर्थन के लिए रिजर्व बैंक ब्याज दरों में वृद्धि की रफ्तार को अगले साल तक धीमा कर सकता है। मनीला स्थित बहुपक्षीय वित्तपोषण एजेंसी एडीबी ने चालू वित्त वर्ष के लिए भारत की मुद्रास्फीति के अनुमान को बढ़ाकर 6.7 प्रतिशत कर दिया है। पहले उसने इसके 5.8 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था। एडीबी ने अगले वित्त वर्ष के लिए भी मुद्रास्फीति के अनुमान को पांच से बढ़ाकर 5.8 प्रतिशत कर दिया है। एडीबी ने अपनी प्रमुख एशियाई विकास परिदृश्य (एडीओ)-2022 रिपोर्ट में कहा है कि मुद्रास्फीति इस साल और अगले वर्ष भी ऊंचे स्तर पर बनी रहेगी। चालू वित्त वर्ष में मुद्रास्फीति 6.7 प्रतिशत रहेगी, जबकि अगले वित्त वर्ष में यह घटकर 5.8 प्रतिशत पर आ जाएगी। फिर भी यह रिजर्व बैंक के संतोषजनक स्तर से कुछ कम है। सरकार ने रिजर्व बैंक को मुद्रास्फीति को चार प्रतिशत (दो प्रतिशत ऊपर या नीचे) के दायरे में रखने का लक्ष्य दिया है। ये दोनों अनुमान एडीओ-2022 के पूवार्नुमानों से अधिक हैं।

### मेक इन इंडिया के आठ साल पूरे, भारत की अर्थव्यवस्था का हो रहा कायाकल्प

# चालू वित्त वर्ष में एफडीआई के 100 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** सरकार ने कहा है कि उसका एक प्रमुख कार्यक्रम मेक इन इंडिया भारत की अर्थव्यवस्था का कायाकल्प करते हुए इसे दुनिया के एक प्रमुख विनिर्माण केंद्र और निवेश स्थल के रूप में विकसित कर रहा है। सरकार का कहना है कि इस कार्यक्रम से देश में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) तेजी से बढ़ा है और यह चालू वित्त वर्ष में 100 अरब डॉलर तक पहुंच जाएगा। यह कार्यक्रम भारत में निवेश को सुगम बनाने, नवप्रवर्तन को प्रोत्साहित करने, कौशल विकास और विश्व-स्तरीय विनिर्माण सुविधाओं के विस्तार के लिए मोदी सरकार द्वारा 2014 में शुरू किया था। मेक इन इंडिया के 25 सितंबर 2022 को आठ वर्ष पूरे हो रहे हैं। इस अवसर पर वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा




जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि इन आठ वर्षों में भारत में वार्षिक एफडीआई दोगुना होकर 83 अरब डॉलर तक पहुंच गया है। मंत्रालय ने कहा है," केंद्र सरकार देश में सेमीकंडक्टर जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित कर रही है ताकि प्रधानमंत्री मोदी के आत्मनिर्भर भारत के सपने को प्राप्त किया जा सके।" बयान में कहा गया है कि इकाइयों पर नियमों के अनुपालन का बोझ हल्का होने से लागत कम हुई है और भारत में कारोबार करना आसान हुआ है। सरकार द्वारा शुरू की गयी उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना (पीएलआई) से अबतक स्वीकृत सभी 14 क्षेत्रों में स्थानीय स्तर पर विनिर्माण को भारी बढ़ावा मिला है। मंत्रालय ने कहा है कि इस वर्ष अप्रैल से अगस्त के बीच भारत से खिलौनों

> सरकार द्वारा शुरू की गयी उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना (पीएलआई) से अबतक स्वीकृत सभी 14 क्षेत्रों में स्थानीय स्तर पर विनिर्माण को भारी बढ़ावा मिला है।

का निर्यात 2013 की इसी अवधि की तुलना में 636 प्रतिशत ऊंचा रहा। बयान में इस बात का उल्लेख है कि वर्ष 2014-15 में एफडीआई 45.15 अरब डॉलर के बराबर था जो वित्त वर्ष 2021-22 में 83.6 अरब डॉलर तक पहुंच गया। भारत में 31 राज्य और केंद्रशासित क्षेत्रों में 57 तरह के उद्योग धंधों में एफडीआई हुआ है। दुनिया के 101 देशों की कंपनियां भारत में सीधे निवेश काम कर रही हैं।

## इंजीनियरिंग क्षेत्र के एमएसएमई की पीएलआई योजना की मांग

**नयी दिल्ली।** सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उपक्रमों (एमएसएमई) के एक इंजीनियरिंग निकाय ने घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए सरकार से अपने क्षेत्र के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना की घोषणा करने का अनुरोध किया है। लुधियाना स्थित हैंड टूल्स एसोसिएशन ने वाणिज्य मंत्रालय को भेजे एक ज्ञापन में कहा है कि यह इंजीनियरिंग क्षेत्र हर साल एक करोड़ रुपये की बिक्री पर औसतन 7.25 लोगों को रोजगार देता है जबकि साइकिल एवं कपड़ा क्षेत्र के लिए रोजगार का अनुपात क्रमशः 4.75 और 5-6 है। हैंड टूल्स एसोसिएशन के अध्यक्ष एस सी रल्हन ने कहा कि भारतीय हैंड टूल उद्योग को अपनी पूरी क्षमता के दोहन की राह में अभी लंबा सफर तय करना है।

# पेज एक के शेष

### राजधानी में दो...

संवेदनशील इलाकों में रखें विशेष नजर : हाल के दिनों में राजधानी रांची के माहौल को खराब करने की लगातार कोशिश की गयी है। इसी साल 10 जून को रांची के मेन रोड में भारी हिंसा हुई थी, इसे देखते हुए दुर्गा पूजा को लेकर जिले के सांप्रदायिक तत्वों को चिन्हित किया जा रहा है। उन लोगों की सूची बनायी जा रही है जो सांप्रदायिक कांडों में संलिप्त रहे हैं। ऐसे कांडों में शामिल लोगों पर पुलिस ने थाना स्तर पर क्या कार्रवाई की है, इसके बारे में भी जानकारी जुटायी जा रही है। पूजा के दौरान उत्पात में शामिल तत्वों के बारे में भी सभी थानों से जानकारी ली जा रही है। ऐसे लोगों को चिन्हित कर उनपर निरोधात्मक कार्रवाई की जा रही है। घटना की वजह और उसकी पृष्टभूमि में शामिल लोगों के बारे में भी जानकारी इकठ्ठा की जा रही है।

**1200 को भेजा जा चुका है 107 के तहत नोटिस :** दुर्गा पूजा को देखते हुए शहर के वैसे तमाम दागी जिनसे शहर के माहौल खराब होने की गुंजाइश है, पुराने अपराधी जैसे बारह सौ लोगों को 107 के तहत नोटिस भी भेजा जा चुका है।

### पूर्व मंत्री योगेंद्र...

कि हमारे परिवार को फंसाया गया और हमारे पापा ने बड़कागांव की जनता के लिए सब कुछ किया है। आज उन्हीं के आशीर्वाद तथा प्रार्थनाओं की बदौलत वे जेल से बाहर आये हैं। इस अवसर पर कांग्रेसी विधायक अनूप सिंह ने बताया कि वे प्रदेश प्रभारी और अध्यक्ष के प्रतिनिधि के नाते होटवार जेल में इनको लेने के लिए आये हैं। मेरा परिवार इनके साथ रहा है और आगे भी इनके साथ रहेगा।

उल्लेखनीय है कि बड़कागढ़ के चिरूडीह के खनन क्षेत्र में एनटीपीसी को जमीन दी गयी थी। पूर्व मंत्री योगेंद्र साव व तत्कालीन विधायक निर्मला देवी अधिग्रहण का विरोध कर रहे थे। 15 सितम्बर, 2016 को निर्मला देवी समर्थकों के साथ कफन सत्याग्रह पर बैठ गयी। यह सत्याग्रह 30 सितम्बर तक जारी रहा। एक अक्टूबर की सुबह छह बजे एएसपी कुलदीप कुमार, सीओ शैलेश कुमार सिंह अन्य पुलिस अधिकारी व जवानों के साथ मौके पर पहुंचे। सत्याग्रह कर रहे लोगों को विरोध समाप्त करने की अपील की, नहीं मानने पर पुलिस बल ने विधायक निर्मला देवी को हिरासत में ले लिया। इसके बाद पुलिस के साथ हिंसक झड़प हो गयी। भीड़ ने पुलिस टीम पर हमला कर विधायक को छुड़ा लिया था। घटना में चार लोगों की मौत हो गयी थी।

### माओवादी अभियानों में...

नेगी, कमांडेंट 159 बटालियन कमलेश सिंह, इंस्पेक्टर धीरेंद्र मिश्रा, प्रिकाणू सरकार, जीडी वीरेंद्र कुमार, 172 बटालियन के आईसी सरोज कुमार, असीस्टेंट कमांडेंट नीरज कुमार, अश्विनी कुमार, इंस्पेक्टर रतन सिंह, निर्मेश कुमार श्रीवास्वत, वाईमणि विद्या सिंग्ला, नकुल कुमार, ई आनंद्ध, 203 बटालियन के कमांडेंट राजीव कुमार, डिपटी कमांडेंट अशोक कुमार, असिस्टेंट कमांडेंट शिरल निखिलनंद कुमार, निर्भय द्विवेदी, सिद्दिकी अब्दुल वाली, संदीप कुमार पुनिया, अजय कुमार यादव, एल विजया राजू, विकास कुमार, 205 बटालियन के कमांडेंट कैलाश, डिप्टी कमांडेंट अमनदीप, अमित कुमार सिंह, अमित कुमार सिंह, बम डिस्पोजल टीम के रंजीत कुमार पुरी, रंजीत मल, सुरेंद्र सिंह यादव, सोमवीर, दीपक कुमार, 134 बटालियन के डिप्टी कमांडेंट विजय कुमार, रोहित कुमार को डीजी का डिस्क व सर्टिफिकेट मिला है। वहीं, डीजी का प्रशस्ति पत्र पवन कुमार, प्रतापचंद्र दास, सुंदर लाल, मनीष कुमार शर्मा, पिंटू कुमार, एस विजय कुमार, प्रितिंदर राजपूत, चंदन कुमार, ए इंगोचा मिताई, हरिओम मीणा, दीपक सहनी, प्रवाई पतिगिरि, विनित कुमार, चंद्रमणि सिंह, इंदल कुमार, पाटिल राहुल पंडित, सुमित कुमार, मनिबल एस, धीर बहादुर सिंह, टिंकु कुमार, कृष्णकांति मंडल, अजीत कुमार, संतोष कुमार, सोमेश्वरण, रंजीत कुमार यादव, कुबेर कुमार, राजीव भगत, आशुतोष कुमार, एएसआई जोस पीटर खलखो, महेंद्र लकड़ा, मुकेश कुमार, राजेश पासवान, दीपक कुमार महतो को मिला है।

### शहीद भगत सिंह...

पहले ही देश ने कर्तव्यपथ पर नेताजी सुभाषचंद्र बोस की मूर्ति की स्थापना के जरिये भी ऐसा ही एक प्रयास किया है और अब शहीद भगत सिंह के नाम से चंडीगढ़ एयरपोर्ट का नाम इस दिशा में एक और कदम है। पीएम मोदी ने कहा कि मैं चाहूंगा, अमृत महोत्सव में हम जिस तरह स्वतंत्रता सेनानियों से जुड़े विशेष अवसरों पर सेलिब्रेट कर रहे हैं उसी तरह 28 सितम्बर को भी हर युवा कुछ नया प्रयास अवश्य करें।

### विपक्षी महागठबंधन बनाकर...

नीतीश कुमार ने कहा, 'पिछले चुनावों के दौरान, वे (भाजपा) हमारे उम्मीदवारों को हराने की कोशिश कर रहे थे। केंद्र ने पिछड़े राज्य के लिए जो वादा किया था, उसे पूरा नहीं किया। बिहार में आज सात पार्टियां एक साथ काम कर रही हैं। उनके पास 2024 का चुनाव जीतने का कोई मौका नहीं है। नीतीश कुमार ने भाजपा से मुकाबला करने के लिए कांग्रेस व वाम दलों समेत सभी विपक्षी दलों से एकजुट होने की अपील की। उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों का यह मुख्य मोर्चा यह सुनिश्चित करेगा कि 2024 के आम चुनाव में भगवा पार्टी को बुरी तरह शिकस्त मिले। अगर सभी गैर-भाजपा दल एकजुट हो जायें, तो वे देश को तबाह करने के लिए काम कर रहे लोगों से छुटकारा दिला सकते हैं।

## 1 शेयर के बदले 4 बोनस शेयर देगी अंशुनी कमर्शियल्स कंपनी, रिकॉर्ड डेट का किया ऐलान



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** स्मॉल-कैप कंपनी अंशुनी कमर्शियल्स अपने निवेशकों को मुनाफा देने की तैयारी में है। अंशुनी कमर्शियल्स जल्द ही बोनस शेयर बांटने जा रही है। कंपनी के निदेशक मंडल ने 4:1 के रेशियो में बोनस शेयरों की घोषणा की है। इसका मतलब है कि शेयरहोल्डर्स को रिकॉर्ड डेट पर 1 इक्विटी शेयर के मुकाबले 4 बोनस शेयर मिलेंगे। कंपनी ने अपने नियामक फाइलिंग में कहा है कि यह हमारे कंपनी के निदेशक मंडल द्वारा शेयरधारकों को 4 के रेशियो में बोनस शेयर जारी करने की सिफारिश के संबंध में है। 1 (एक) मौजूदा इक्विटी शेयरों पर चार बोनस इक्विटी शेयर अप्रूवल किए गए हैं। कंपनी के शेयरधारकों ने 23 सितंबर, 2022 को आयोजित सालाना आम बैठक में इसकी मंजूरी दे दी है। इसके लिए रिकॉर्ड डेट शुक्रवार, 7 अक्टूबर, 2022 को तय किया गया।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## न्यूज गैलरी

### 'पाकिस्तान जिंदाबाद' के नारे पर भड़के राज ठाकरे

**मुंबई (एजेंसी)।** पुणे में पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया के विरोध मार्च में कथित तौर पर 'पाकिस्तान जिंदाबाद' के नारे लगे थे। इस घटना के बाद महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के प्रमुख राज ठाकरे ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर हिंदू और मराठी इस मामले को अपने हाथ में ले लिये तो त्योहार के दौरान अशांति हो जायेगी। उन्होंने जारी अपने बयान में कहा कि अगर हिंदुस्तान के हिंदू और हमारे मराठी हिंदू इस मामले को अपने हाथ में लेने का फैसला करते हैं तो इनका क्या होगा? मुझे यह बताने की आवश्यक्ता नहीं है। अगर ऐसा होता है तो त्योहार के समय में अशांति होगी। इसलिए इन राष्ट्र विरोधी गतिविधियों को तत्काल समाप्त करना बेहतर है। कथित तौर पर 'पाकिस्तान जिंदाबाद' का नारा लगाने वालों से राज ठाकरे ने कहा कि अगर उनकी मानसिक स्थिति ऐसी ही है तो अपना धर्म ले लो और पाकिस्तान चले जाओ। हमारे देश में इस तरह के नाटक की अनुमति नहीं दी जाएगी। राज ठाकरे ने आगे कहा कि मैं केंद्र और राज्य के गृह मंत्रियों से ऐसे संगठनों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का आग्रह करता हूं ताकि वे 'पा' भी नहीं बोल पायें। यदि ऐसा नहीं होता है तो देश के हिंदू इसे झुकने नहीं देंगे। वे क्या कर सकते हैं, इसके इसके विवरण में मैं नहीं जाना चाहता हूं।

### हिंदू युवक का जबरन धर्म परिवर्तन, मस्जिद में बंद कर खिलाया बीफ

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** आर्थिक तंगी से जूझ रहे एक हिंदू युवक को जबरन मुस्लिम बना दिया गया। धर्मांतरण का यह मामला दक्षिण भारतीय राज्य कर्नाटक के हुबली शहर से सामने आया है। आरोप है कि हिंदू युवक को मस्जिद में ले जाकर जबरन उसे बीफ खिलाया गया, फिर उसका 'खतना' किया गया। साथ ही एक पेपर पर दस्तखत कराते हुए उसे मुस्लिम बना दिया गया। मामला सामने आने के बाद हुबली में सांप्रदायिक माहौल गरमा गया है। जबरन धर्मांतरण के इस केस के बार में रविवार को पुलिस ने बताया कि इस मामले में 11 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी है। पुलिस के अनुसार, मांड्या जिले के मद्दुर तालुक के यादवनहल्ली निवासी 26 वर्षीय श्रीधर गंगाधारा का जबरन धर्म परिवर्तन कराके उसका नाम मोहम्मद सलमान रखा गया है। श्रीधर की शिकायत मिलने के बाद हमारी जांच जारी है। पुलिस ने बताया कि श्रीधर एक निजी कंपनी का कर्मचारी है। बीते कुछ दिनों से वह आर्थिक तंगी से गुजर रहा था। अपनी इस परेशानी को श्रीधर ने अताउर रहमान नामक एक व्यक्ति से साझा किया। जिसके बाद अताउर रहमान उसे लेकर मई में बेंगलुरु की एक मस्जिद में गया था। जहां श्रीधर को मस्जिद में बंद कर दिया गया और जबरदस्ती 'खतना' किया गया और उसे गाय का मांस खाने के लिए मजबूर किया गया।

### विदेश मंत्री एस. जयशंकर की यूएन में खरी-खरी

# रूस-यूक्रेन युद्ध से लेकर आतंकवाद और वैश्विक अर्थव्यवस्था पर भारत का रखा पक्ष



### विदेश मंत्री ने इशारों-इशारों में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता की दावेदारी की

**एस.** जयशंकर ने भारत के लिए जहां इशारों-इशारों में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थाई सदस्यता को लेकर अपनी बात कही, वहीं रूस ने सीधे तौर पर भारत का नाम लेकर भारत को संयुक्त राष्ट्र का स्थायी सदस्य बनाने की अपील की है। रूस ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता के लिए भारत के साथ-साथ ब्राजील का नाम भी सुझाया। रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोफ ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में भाषण के दौरान ये बात कही है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा परिषद की शक्तियों को कुछ देश कमजोर कर रहे हैं, जिसको लेकर हम चिंतित हैं। इसमें कोई शक नहीं है कि सुरक्षा परिषद और संयुक्त राष्ट्र को पूरी तरह से आज की वास्तविकताओं के साथ समायोजित किया जाना चाहिए। हम संयुक्त राष्ट्र की गतिविधियों के लोकतांत्रीकरण की संभावनाएं देख सकते हैं, खासतौर से जिसमें अफ़्रीकी, एशियाई और लातिन अमेरिकी देशों का व्यापक प्रतिनिधित्व हो। इसके बाद रूसी विदेश मंत्री लावरोफ ने सीधे तौर पर भारत और ब्राजील का नाम लेकर कहा कि 'हम भारत और ब्राजील को मुख्य अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों और परिषद के स्थायी सदस्यों के लिए योग्य उम्मीदवारों के तौर पर देखते हैं।

**संयुक्त राष्ट्र (एजेंसी)।** संयुक्त राष्ट्र महासभा में भारत की ओर से विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने रूस-यूक्रेन युद्ध से लेकर वैश्विक अर्थव्यवस्था और भारत को संयुक्त राष्ट्र में बड़ी ज़िम्मेदारी चाहने पर अपनी बात रखी। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने अपने भाषण की शुरुआत में भारत की आजादी के 75 वर्ष पूरे होने का ज़िक्र किया. इसके बाद उन्होंने अपने 16 मिनट के बेहद कसे हुए भाषण में भारत की कूटनीति को लेकर कई बड़े संकेत दिये। उन्होंने इशारों-इशारों में भारत

- रूस ने भारत के लिए कही अहम बात, भारत को सुरक्षा परिषद का स्थायी सदस्य बनाने की वकालत की

की सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यता की पुरानी मांग को भी उठाया, लेकिन दिलचस्प बात यह भी रही कि रूस के विदेश मंत्री ने भी संयुक्त राष्ट्र में भारत को सुरक्षा परिषद का स्थायी सदस्य बनाने की अपील कर दी। हालांकि, जयशंकर ने रूस-यूक्रेन युद्ध के दुनिया की अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले असर का ज़िक्र करते हुए कहा कि इससे तेल, खाद्य और उर्वरक की उपलब्धता पर असर होगा और इसकी कीमतें बढ़ेंगी। संयुक्त राष्ट्र की 77वीं महासभा में जयशंकर ने कहा कि इस संघर्ष का जल्द से जल्द समाधान निकालना संयुक्त राष्ट्र के अंदर और बाहर हम सभी के सामूहिक हित में है। भाषण के दौरान एस. जयशंकर ने चीन-ताइवान तनाव और पाकिस्तान का नाम लिये बिना आतंकवाद और कर्ज जैसे बड़े मुद्दों पर अपनी बात कही। भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने रूस-यूक्रेन संघर्ष पर कहा कि 'जैसा कि यूक्रेन संघर्ष जारी है, हमसे अक्सर पूछा जाता है कि हम किस ओर हैं? तो हर बार हमारा सीधा और ईमानदार जवाब होता है कि भारत शांति के साथ है और वो वहां पर हमेशा रहेगा। हम उस पक्ष के साथ हैं जो यूएन चार्टर और इसके संस्थापक सिद्धांतों का पालन करता है। हम उस पक्ष के साथ हैं जो बातचीत और कूटनीति के जरिये ही इस हल को निकालने की बात करता है।

## गोवा में अवैध ढंग से रहनेवालों पर कसा शिकंजा, 20 बांग्लादेशी गिरफ्तार



**पणजी (एजेंसी)।** भारत में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशियों पर लगातार कार्रवाई कर उनको डिपोर्ट किया जा रहा है। पर्यटन राज्य गोवा में अवैध ढंग से रह रहे 20 बांग्लादेशी नागरिकों को अरेस्ट किया गया है। यह लोग बिना किसी वैध कागजात के यहां रह रहे थे। गोवा के सीएम प्रमोद सावंत ने बताया कि बिना किसी वैध दस्तावेज के अवैध रूप से रहने के आरोप में 20 बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। गोवा में अवैध ढंग से रह रहे लोगों के खिलाफ पिछले एक सप्ताह से सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने बताया कि एक सप्ताह तक चले अभियान में 20 बांग्लादेशियों के खिलाफ कार्रवाई की गयी है। इनके पास यहां रहने का कोई भी वैध लाइसेंस नहीं था। सभी 20 नागरिकों को अरेस्ट कर लिया गया है। इनके खिलाफ आगे की कार्रवाई की जा रही है। सावंत ने बताया कि बांग्लादेशियों के खिलाफ आगे भी तलाशी अभियान जारी रखा जायेगा। अवैध ढंग से रह रहे लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने के बाद उनको उनके देश में भेजने की प्रक्रिया अपनायी जायेगी। केंद्रीय गृह मंत्रालय को भी इस संबंध में सूचित कर दिशा निर्देश मांगा गया है। मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने कहा कि तटीय राज्य में अवैध अप्रवासियों को अरेस्ट कर उनको उनके देश भेजा जाना है।

- मुख्यमंत्री सावंत ने की अपील - गोवा के रहनेवाले लोग, बिना किसी जांच या पुलिस वेरिफिकेशन के किरायेदार को न रखें

### ईरान में बेकाबू हुए हालात, 80 शहरों में फैला प्रदर्शन

## हिंसक झड़पों में मरनेवालों की संख्या हुई 26



**तेहरान (एजेंसी)।** ईरान में 22 वर्षीय एक कुर्द युवती की हिरासत में हुई मौत को लेकर सरकार के खिलाफ व्यापक स्तर पर हो रहा प्रदर्शन करीब 80 शहरों में फैल गया है। महिला को पुलिस ने हिजाब से जुड़े सख्त कानून का कथित तौर पर उल्लंघन करने को लेकर गिरफ्तार किया था। माहसा अमीनी की मौत के बाद सैकड़ों प्रदर्शनकारियों ने सड़कों पर उतर कर सरकार विरोधी नारे लगाये, जो इस्लामिक शासन को और देश के सर्वोच्च नेता अयातोल्ला अली खामेनेई के प्रति लक्षित थे। प्रदर्शनकारियों में ज्यादातर महिलाएं थीं। ईरानी सरकारी टेलीविजन ने शुक्रवार को कहा कि सुरक्षा बलों के साथ हिंसक झड़पों में मरनेवालों की संख्या बढ़ कर 26 पहुंच गयी है। बताया जाता है कि यह अशांति हाल के वर्षों में सबसे व्यापक है, जो करीब 80 ईरानी शहरों में फैल गयी है। इसने बताया कि प्रदर्शकारियों को नियंत्रित करने की कोशिश के दौरान कम से कम पांच सुरक्षा कर्मी मारे गये हैं और कई अन्य घायल हो गये।

#### महिलाओं ने सड़क पर जलाया हिजाब

**अमीनी** की मौत ने इस्लामी राष्ट्र में व्यक्तिगत स्वतंत्रता पर पाबंदियों को लेकर लंबे समय से व्याप्त रोष को भड़का दिया है। पिछले कुछ दिनों में, कुछ प्रदर्शनकारी महिलाओं ने सड़कों पर अपने हिजाब जला दिये, जिसे एक अवज्ञा की एक अभूतपूर्व गतिविधि के तौर पर देखा जा रहा है। वहीं, प्रदर्शनकारी पुरूषों ने धार्मिक नगरी कोम और इस्फहान सहित कई शहरों में सर्वोच्च नेता के पोस्टर जलाये।

## हैरतअंगेज! हाईकोर्ट ने 115 करोड़ जमा करने कहा था, आदेश की कॉपी से गायब कर दी लाइन

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** आपने एक-से-बढ़कर एक अनोखे अपराध के बारे में सुने होंगे, लेकिन यह मामला बिल्कुल अलग है। क्या आप कभी सोच सकते हैं कि कोर्ट रूम में जज कुछ फैसला सुनायें और वो वादी-प्रतिवादी के पास पहुंचते-पहुंचते कुछ और हो जाये? ऐसा हुआ है मद्रास हाईकोर्ट के ऑर्डर के साथ। हाईकोर्ट के ऑर्डर की जो प्रमाणित कॉपी मुकदमा लड़ रहे दोनों पक्षों को दी गयी, वो असली ऑर्डर से अलग थी। सुप्रीम कोर्ट ने इस फर्जीवाड़े पर हैरानी जतायी और बेहद गंभीरता से लिया है। देश की सर्वोच्च अदालत ने कहा कि यह बिल्कुल असामान्य स्थिति है। उसने मद्रास हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार से कहा है कि वो इस मामले की जांच करे और रिपोर्ट एक बंद लिफाफे में सौंपे।

- मद्रास हाईकोर्ट के आदेश की कॉपी बदलने का सनसनीखेज मामला, सुप्रीम कोर्ट ने दिया जांच का ऑर्डर

### सुप्रीम कोर्ट को दिखायीं दोनों कॉपियां



**सुप्रीम** कोर्ट के दो जजों जस्टिस अजय रस्तोगी और जस्टिस बीवी नागरत्न की बेंच ने हाईकोर्ट रजिस्ट्रार को जांच का ऑर्डर दिया है। हाईकोर्ट में दायर संबंधित मुकदमे में एक पक्ष के वकील के सुब्रमणियन ने सुप्रीम कोर्ट को बताया था कि मद्रास हाईकोर्ट के फैसले को ही बदल दिया गया। वकील ने सुप्रीम कोर्ट बेंच के सामने मद्रास हाईकोर्ट की दोनों कॉपियां पेश कीं- एक जो हाईकोर्ट की वेबसाइट पर अपलोड की गयी और दूसरी हाईकोर्ट की तरफ से मुहैया करायी गयी सर्टिफाइड कॉपी। वकील ने शीर्ष अदालत से को बताया कि दोनों कॉपियों में कई महत्वपूर्ण अंतर हैं। सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने वकील के दावे को सही पाया। उसने आदेश में कहा, 'याचिकाकर्ताओं की शिकायत के गुण-दोषों का आकलन करने से पहले इस मामले की हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल के स्तर से जांच हो। प्रतिवादी भी हमारे सामने अपना पक्ष रख सकते हैं।' सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि वो अगली सुनवाई में जांच रिपोर्ट पर विचार करेगी।

## पाकिस्तान से लायी गयी थी ज्योत, गहलोत सरकार ने पूजा पर लगायी रोक

### बीजेपी बोली- हिंदुओं के लिए काला दिन

**जयपुर (एजेंसी)।** राजस्थान के सीमावर्ती बाड़मेर जिले में स्थित हिंगलाज माता के मंदिर में नवरात्र के दौरान पूजा पर लगायी गयी रोक को लेकर विवाद बढ़ गया है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विचारक और भाजपा नेता तरुण विजय ने इस मामले में राजस्थान की गहलोत सरकार पर बड़ा हमला बोला है। तरुण विजय का कहना है जो काम पाकिस्तान की सरकार नहीं कर सकी, वह राजस्थान की गहलोत सरकार ने कर दिया। गौरतलब है कि पाकिस्तान से लगती सीमा पर राजस्थान के बाड़मेर जिले में स्थित इस मंदिर में जो ज्योत प्रज्वलित है, यह वही ज्योत है जो पाकिस्तान के बलूचिस्तान में स्थित हिंगलाज शक्तिपीठ में प्रज्जवलित है। इस मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के वक़्त इसे विशेष रूप से पाकिस्तान के बलूचिस्तान में स्थित हिंगलाज शक्तिपीठ से बाड़मेर लाया गया था।



**नवरात्रि के दौरान धार्मिक आयोजन पर रोक :** नवरात्र के दौरान माता के मंदिर में धार्मिक आयोजनों का विशेष महत्व है, लेकिन राजस्थान के बाड़मेर जिले में पुलिस ने नवरात्र के दौरान इस मंदिर में किसी भी प्रकार के धार्मिक आयोजन पर रोक लगाते हुए मंदिर कमेटी के अध्यक्ष को पाबंद किया है। स्थानीय पुलिस द्वारा उन्हें लिखित रूप से नोटिस जारी करते हुए तत्काल रूप से इसके पालना करने के निर्देश दिये गये हैं। नोटिस में साफ कहा गया है कि नवरात्र के दौरान इस मंदिर में किसी भी प्रकार का कोई भी धार्मिक आयोजन नहीं किया जाये।

### क्या है मामला

**गौरतलब** है कि हिंगलाज माता खत्री समाज की आराध्य देवी हैं और इस मंदिर का संचालन खत्री समाज द्वारा ही किया जाता है। बीते कुछ समय से समाज के दो गुटों में किसी बात को लेकर विवाद है और यही विवाद मंदिर में नवरात्रि पूजा पर रोक का कारण बन गया है। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष लेखराज खत्री को शहर कोतवाल गंगाराम खावा की ओर से जारी नोटिस में कहा गया है कि इस मंदिर को लेकर दो पक्षों में विवाद चल रहा है, जो कभी भी उग्र रूप धारण कर सकता है। ऐसे में नवरात्रि के दौरान इस मंदिर में कोई भी धार्मिक आयोजन नहीं किया जाये और इस नोटिस की तत्काल पालना की जाये। उल्लेखनीय है कि हिंगलाज माता का शक्तिपीठ पाकिस्तान के बलूचिस्तान में हैं और हर साल हजारों की तादाद में लोग इस शक्तिपीठ के दर्शन करने जाते हैं। विशेष तौर पर खत्री समाज के लोग जीवन में एक बार इस मंदिर के दर्शन की कामना रखते हैं।

